दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 19 अप्रैल 2025 शुक्ल पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 67 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

समाजवादी पार्टी ने केन्द्रीय गृह मंत्री से मांग की है कि सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को पूर्व में मिलने वाली जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराई जाए। सपाईयों के मुताबिक वे लोकसभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता हैं। उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही है। इसलिए उनकी सुरक्षा बढ़ाई जाए। सरकार उनकी सुरक्षा बढ़ा भी देगी क्योंकि इस देश में जनता भले ही असुरक्षित रहे नेताओं की सुरक्षा निहायत जरूरी है। तभी तो लल्लू पंजू नेताओं को भी कोई न कोई सुरक्षा मिल जाती है। फिर अखिलेश यादव तो बहुत बड़े वाले नेता जी हैं। उन्हें तो एसपीजी सुरक्षा मिलनी चाहिए।

नक्सलियों ने फिर शांति वार्ता की दिशा में बढ़ाया कदम

■ एक महीने के युद्ध विराम की अपील, गृहमंत्री विजय शर्मा का जताया आभार

रायपुर /नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सौ फीसदी सच साबित होने जा रीह है। लगाया है मार्च 2026 से पहले ही नक्सली मुख्यधारा से जुड़ जाएगे। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने शुक्रवार को फिर से सरकार के समक्ष शांति वार्ता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए एक महीने के युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा है। कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) उत्तर पश्चिम सब जोनल ब्यूरो के प्रभारी रूपेश ने उनके पहले बयान पर प्रतिक्रिया और सुरक्षा गारंटी देने के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का धन्यवाद किया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

40 लाख के इनामी 22 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता मिली है। सरकार की प्रभावी पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिनमें एक दंपति भी शामिल है। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों पर कुल 40 लाख 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। 22 नक्सलियों ने सुकमा एसपी और सीआरपीएफ के डीआईजी के सामने आत्मसमर्पण किया. आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में शामिल 1 पुरुष और 1 महिला नक्सली पर 8-8 लाख रुपये, 1 पुरुष और 1 महिला नक्सली पर 5-5 लाख रुपये, 2 पुरुष और 5 महिला नक्सलियों पर 2-2 लाख रुपये ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलवाद के दंश से मुक्त करने संकल्पित: शाह

बीजापुर जिले में विभिन्न ऑपरेशन्स में कोबरा कमांडो और छत्तीसगढ़ पुलिस ने 22 कुख्यात नक्सलियों को आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही, सुकमा की बडेसेट्टी पंचायत में 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिससे यह पंचायत पूरी तरह नक्सलमुक्त हो गई है। गृहमंत्री अमित शाह ने छिपे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आईएएस अनिल टुटेजा के घर पर सीबीआई की दबिश

रायपुर/नवप्रदेश। बहुचर्चित शराब घोटाले में आरोपी पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। दिल्ली से आई सीबीआई की टीम ने टुटेजा के घर पर दबिश दी है। पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा शराब घोटाले के अलावा मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों के अलावा महादेव सट्टा एप मामले में भी जांच के दायरे में हैं. सीबीआई ने एक महीने पहले ही महादेव सट्टा एप मामले में अनिल टुटेजा के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक देवेंद्र यादव, आईपीएस अभिषेक पल्लव सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी. हालांकि, आज अनिल टुटेजा के घर सीबीआई की छापेमारी के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं है।

अनिल टुटेजा पहले से ही छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के आरोपियों में से एक हैं. ईडी के अनुसार, भूपेश बघेल सरकार के समय सरकारी शराब के नाम पर 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का घोटाला किया गया है. आरोप है कि घोटाले को अनिल टुटेजा के अलावा आबकारी विभाग के एमडी अरुणपति त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर ने सिंडिकेट के जरिए अंजाम दिया था।

रक्षा संबंधों को अधिक सशक्त बनाएंगे भारत और ब्रिटेन

भारतीय रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ भी विचारों का आदान-प्रदान किया

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत और ब्रिटेन ने क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा के साथ-साथ रक्षा संबंधों को और अधिक सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने दो दिन की लंदन यात्रा के दौरान वार्षिक द्विपक्षीय रक्षा वार्ता में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। रक्षा सचिव ने लंदन में अपने समकक्ष डेविड विलियम्स के साथ भारत-ब्रिटेन रक्षा परामर्श समूह की 24वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की।

दोनों पक्षों ने वार्ता के दौरान क्षेत्रीय तथा वैश्विक स्तर पर उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा की और रक्षा संबंधों को पहले से सशक्त बनाने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह चर्चा वर्ष 2021 में घोषित व्यापक रणनीतिक साझेदारी और 2030 के रोडमैप के संदर्भ में हुई, जो दोनों देशों के बीच सहयोग को विस्तार देगी। भारतीय रक्षा सचिव ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने एलन मस्क से की फोन पर बातचीत

प्रौद्योगिकी और नवाचार पर की गई चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी ने टेस्ला के मुखिया एलन मस्क से बातचीत की है। पीएम ने इस बारे में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पोस्ट में बताया कि इस वर्ष की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषयों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

पीएम ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में गुरु तेग बहादुर जी के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की। पीएम ने बताया कि उनका जीवन साहस और करुणामय सेवा का प्रतीक है। अन्याय के खिलाफ लड़ने में वे अडिग थे। उनकी शिक्षाएं हमें उनकी ओर से देखे गए समाज के निर्माण में प्रेरित करती रहेंगी।

यह फैसला कितना अहम, क्या हैं ये धरोहरें?

भरतमुनि का नाट्यशास्त्र और भगवद गीता यूनेस्को की मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड लिस्ट में शामिल

नई दिल्ली/ए.। भगवद गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को अंतरराष्ट्रीय धरोहरों के संरक्षण से जुड़ी संस्था-यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया गया है। इसे लेकर पूरे देश में हर्ष का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर संस्कृति-पर्यटन मंत्री गजेंद्र शेखावत और दर्जनों हस्तियों ने इस फैसले को लेकर खुशी जताई है। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर यूनेस्को का मेमोरी ऑफद वर्ल्ड रजिस्टर क्या है? भारत की जिन कलाकृतियों को इसमें धरोहर के तौर पर शामिल किया गया है, वह क्या हैं? इसके अलावा भारत से जुड़ी कौन-कौन सी धरोहरों को इस लिस्ट में शामिल किया जा चुका है?

क्या है यूनेस्को का मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर? - यूनेस्को असल में संयुक्त राष्ट्र संघ का हिस्सा है। यूनेस्को का पूरा मतलब है- यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक्र एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन। जैसा कि नाम से स्पष्ट है, यूनेस्को शिक्षा, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गुजरात समाचार की निदेशक स्मृतिबेन शाह का निधन

अहमदाबाद (वार्ता)। गुजरात समाचार की निदेशक स्मृतिबेन शाह का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को अहमदाबाद में किया गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि गुजराती दैनिक गुजरात समाचार के प्रबंध संपादक श्रेयांसभाई शाह की पत्नी स्मृतिबेन शाह ने 82 साल की उम्र में बीमारी व वृद्धावस्था के कारण गुरुवार की रात अपने ही घर में अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे दो पुत्र निर्मम और अमम सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गयीं हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 677.8 अरब डॉलर पर

मुंबई (वार्ता)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 677.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में फिर सीबीआई की छापेमारी

रायपुर/नवप्रदेश। सीजीपीएससी भर्ती घोटाले में सीबीआई ने आज फिर तीन जगह पर छापे मारी की। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रायपुर में तीन और महासमुंद में दो स्थानों पर पांच व्यक्तियों (बिचौलियों/ सॉल्वरों आदि) के परिसरों पर तलाशी ली। इससे आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाले (सीजीपीएससी भर्ती घोटाला) से संबंधित मामले की जांच के दौरान इन व्यक्तियों की भूमिका सामने आई।

छत्तीसगढ़ सरकार के अनुरोध पर सीबीआई ने वर्ष 2020 से 2022 के दौरान परीक्षा/साक्षात्कार में योग्यता के अलावा अन्य कारकों के आधार पर करीबी रिश्तेदारों के चयन के आरोपों पर स्थानीय पुलिस द्वारा पहले दर्ज मामलों को अपने हाथ में लेते हुए मामला दर्ज किया था। छत्तीसगढ़ राज्य में डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी और अन्य वरिष्ठ पदों पर। सीबीआई ने मामले में 18 दिस.2024 को टामन सिंह सोनवानी, तत्कालीन अध्यक्ष, सीजीपीएससी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम फसल बीमा योजना में छग को राष्ट्रीय उपलब्धि

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के शानदार प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 12वीं राष्ट्रीय समीक्षा बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ को देश के बड़े राज्यों की श्रेणी में आज सेकंड बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राज्य के मोहला - मानपुर- चौकी और सक्ति को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बेस्ट परफॉर्मिंग जिला चुना गया है।यह दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन 18-19 अप्रैल 2025 को तिरुवनंतपुरम (केरल) में आयोजित हो रहा है। भारत सरकार के कैबिनेट सचिव कृषि के करकमलों यह सम्मान आज छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से संयुक्त संचालक श्री बी.के. मिश्रा एवं उपसंचालक उद्यानिकी श्री नीरज शाह ने प्राप्त किया।इसके साथ ही ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून बनाए सरकार, जाति आधारित भेदभाव खत्म करना है मकसद : राहुल गांधी

बंगलूरू/नवप्रदेश। कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील करते हुए राहुल गांधी ने इस कांग्रेस शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने सीएम सिद्धारमैया को लिखे पत्र में कहा, सरकार को 'रोहित वेमुला एक्ट' नाम से कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कानून का मकसद शिक्षा प्रणाली में जाति आधारित भेदभाव को खत्म करना है। अपने पत्र में राहुल ने भारत रत्न डॉ बीआर आंबेडकर का भी जिक्र किया है। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि किस तरह बाबा साहेब आंबेडकर को भी अपने जीवनकाल में भेदभाव का सामना करना पड़ा था।

डॉ आंबेडकर के साथ कैसा भेदभाव हुआ : बकौल राहुल गांधी, एक समय लंबी बैलगाड़ी यात्रा के दौरान हुई घटना का बाबा साहेब ने उल्लेख किया है। राहुल ने अपने पत्र में बाबा साहेब के संस्मरण का जिक्र करते हुए लिखा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

होनहार युवाओं की हत्या अस्वीकार्य

बकौल राहुल गांधी, आंबेडकर ने जो झेला वह शर्मनाक था। भारत में किसी बच्चे के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। आज हमारे लिए यह शर्म की बात है कि देश की शिक्षा प्रणाली में दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदायों के लाखों छात्रों को जाति आधारित भेदभाव से जूझना पड़ता है। 16 अप्रैल को लिखे इस पत्र में राहुल लिखते हैं कि रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे होनहार युवाओं की हत्या अस्वीकार्य है। इनसे सख्ती से निपटने का समय आ गया है।

गरमा-गरम

सियासत... *कांग्रेस नेताओं की ईडी की कार्रवाई के विरोध-प्रदर्शन पर सीएम ने कसा तंज*

'करप्शन और कांग्रेस एक दूसरे के पर्यायवाची': सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। नेशनल हेराल्ड मामले में एक तरफ कांग्रेस के नेता ईडी की कार्रवाई पर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं, तो दूसरी ओर भाजपा मामले में जनजागरूकता पैदा करने में जुटी है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया में पोस्ट के जरिए कांग्रेस और करप्शन को पर्यायवाची बताया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि करप्शन और कांग्रेस, ये पर्यायवाची शब्द जैसे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले में भी जिस तरह के संस्थागत घोटाले और धोखाधड़ी किए गए, उसका सच जनता के सामने आ चुका है। मामले में ईडी द्वारा अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया जाना, घोटाले में पूरी तरह से उसकी संलिप्तता को दर्शाता है।

जांच एजेंसियों के काम में बाधा उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के ऐसे मामलों में जांच एजेंसियों के काम में बाधा डालने की कोशिश या इसके विरुद्ध सड़क पर आना यह साबित करता है कि कोर्ट में इनके पास अपनी सफाई में कहने को कुछ नहीं है। कांग्रेस को यह पता है कि आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य पुख्ता हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गांधी परिवार को यह मान लेना चाहिए कि कानून से ऊपर कोई नहीं है. ऐसे मामलों में बचाव की कोशिश कोर्ट में करना चाहिये, न कि सड़क पर। वैसे भी सबको यह पता है कि नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार फिलहाल अभी भी जमानत पर है. उन्हें कानूनी उपचार का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम से मुलाकात के बाद बर्खास्त शिक्षकों ने आंदोलन किया समाप्त

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में बीएड प्रशिक्षित बर्खास्त सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. बीते 126 दिनों से आंदोलनरत बर्खास्त सहायक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद अपना आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने शिक्षकों से चर्चा में कहा कि आप सब हमारे परिवार के सदस्य हैं। आपकी पीड़ा हमारी पीड़ा है. आपकी समस्याओं को समझते हुए सरकार सहानुभूति के साथ इस विषय पर गंभीरता से विचार कर रही है. उन्होंने आश्वस्त किया कि इस मामले के समाधान के लिए शासन स्तर पर हरसंभव सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं।

नासिक में धर्म स्थल गिराने के नोटिस पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक, बॉबे एचसी से मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली (ए.)। नासिक में धार्मिक स्थल को नगर निगम ने ध्वस्त कर दिया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के नोटिस पर अंतरिम रोक लगाई। इसके अलावा याचिका को सूचीबद्ध न करने बॉम्बे हाईकोर्ट से रिपोर्ट से मांगी है।

नगर निगम ने 15-16 अप्रैल की रात को शहर के काठे गली इलाके में स्थित अनधिकृत सतपीर बाबा दरगाह को हटा दिया था। नगर निगम के नोटिस विरोध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। सुप्रीम कोर्ट ने 16 अप्रैल दोपहर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और

न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की पीठ ने कहा था कि याचिका सात अप्रैल को उच्च न्यायालय में दायर की गई थी, लेकिन उस पर सुनवाई नहीं हुई।

इसके बाद पीठ ने आदेश दिया कि प्रतिवादी संख्या 1 नासिक नगर निगम द्वारा जारी एक अप्रैल, 2025 के नोटिस पर रोक रहेगी। मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को तय की गई। अदालत में धार्मिक स्थल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता नवीन पाहवा ने दावा किया कि प्रयास के बावजूद मामला उच्च न्यायालय में सूचीबद्ध नहीं किया गया। पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हमने वरिष्ठ वकील के इस विशिष्ट बयान के मद्देनजर यह असाधारण कदम उठाया है कि मामले को सूचीबद्ध कराने के लिए हर दिन प्रयास किए गए। हम उनके बयान के बारे में अनिश्चित हैं कि उच्च न्यायालय ने बार-बार अनुरोध के बावजूद मामले को सूचीबद्ध नहीं किया। यह एक गंभीर बयान है और वकील को इस तरह के बयान के परिणाम की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इसके बाद शीर्ष अदालत ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को याचिका की सूची के बारे में एक रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया।

सर्वोच्च न्यायालय ने नासिक नगर निगम से जवाब मांगा

सर्वोच्च न्यायालय ने नासिक नगर निगम से जवाब मांगा। वकील पाहवा ने दलील दी कि सात अप्रैल 2025 को उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई थी और वह आठ अप्रैल से मामले के सूचीबद्ध होने का इंतजार कर रहे थे। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उच्च न्यायालय ने मामले को सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है। हम यह समझने में असमर्थ हैं कि नौ अप्रैल से लेकर आज तक क्या हुआ। वकीलों का कहना है कि वे हर दिन प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद पीठ ने नगर निकाय और अन्य प्राधिकारियों से जवाब मांगा।

नासिक में हो गया था बवाल

पिछले दिनों महाराष्ट्र के नासिक में धार्मिक स्थल पर बुल्डोजर कार्रवाई पर बवाल हो गया था। धार्मिक स्थल को गिराने पर गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया था। इसमें 21 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। भीड़ ने तीन पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। आंसू गैस के गोले छोड़े और स्थिति को नियंत्रण में किया। 15 लोगों को हिरासत में लिया है।

अखिलेश यादव ने बताया क्यों बदल दिया अपना गमछा?

लखनऊ (ए.)। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, मैं इसलिए इस गमछे को पहनकर आया, क्योंकि मैं जगन्नाथ पुरी गया था। मुझे जानकारी मिली कि वहां अभी तक योगी जी गए ही नहीं हैं। मैं गमछा इसलिए पहना हूं, ताकि मैं उन्हें (सीएम योगी) ये बात याद दिला सकूं। वो गए नहीं तो इसका मतलब मैं ये कहूं कि वो हिंदू नहीं हैं, लेकिन मैं यह नहीं कह सकता। अगर मैं भाजपा का होता तो कहता कि वो हिंदू ही नहीं हैं, वे खराब हिंदू हैं। अखिलेश यादव ने कहा, जो सच्चा हिंदू है वह स्वामी विवेकानंद जी को मानता है। स्वामी विवेकानंद ने कहा कि यूनिवर्सल एक्सेप्टेंस और टॉलरेंस हमें ज्यादा धर्म सिखाता है। उन्होंने शिकागो में भाषण दिया कि हम उसे देश आते हैं, जो देश और जिस देश का धर्म हमें सब को स्वीकार करना सिखाता है। यूनिवर्सल एक्सेप्टेंस और टॉलरेंस हमारा धर्म सिखाता। बताइए विवेकानंद जी की कितनी बात मानते हैं, केवल वस्त्र पहन लेते हैं और बोलते हैं। हम हो गए विवेकानंद। वस्त्र से कोई योगी नहीं हो सकता है, बल्कि विचार से योगी हो सकता है अखिलेश ने कहा, उत्तर प्रदेश में जीरो पावर्टी हो गई जीरो पावर्टी हो गई। कहते हैं न्याय को लेकर जीरो टॉलरेंस है और आप किसी के भी साथ अन्याय कर दे रहे हो। आप किसी पर झूठे मुकदमे लगा रहे हो, किसी को भी जेल भेज रहे हो और किसी का भी एनकाउंटर कर रहे।

कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील

कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून बनाए सरकार, जाति आधारित भेदभाव खत्म करना है मकसद

बंगलूरू (ए.)। कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील करते हुए राहुल गांधी ने इस कांग्रेस शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने सीएम सिद्धारमैया को लिखे पत्र में कहा, सरकार को रोहित वेमुला एक्ट नाम से कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कानून का मकसद शिक्षा प्रणाली में जाति आधारित भेदभाव को खत्म करना है। अपने पत्र में राहुल ने भारत रत्न डॉ बीआर आंबेडकर का भी जिक्र किया है। उन्होंने इस बात को भी रेखांकित किया कि किस तरह बाबा साहेब आंबेडकर को भी अपने जीवनकाल में भेदभाव का सामना करना पड़ा था।

डॉ आंबेडकर के साथ कैसा भेदभाव हुआ

बकौल राहुल गांधी, एक समय लंबी बैलगाड़ी यात्रा के दौरान हुई घटना का बाबा साहेब ने उल्लेख किया है। राहुल ने अपने पत्र में बाबा साहेब के संस्मरण का जिक्र करते हुए लिखा डॉ आंबेडकर को एक समय बिना भोजन के सोना पड़ा, क्योंकि लोगों ने अछूत मानकर उन्हें पानी देने से इनकार कर दिया। आंबेडकर बताते हैं कि उनके पास पर्याप्त खाना था, भूख भी लगी थी, इसके बावजूद उन्हें भूखे सोना पड़ा। स्कूल में उन्हें अपनी रैंक के मुताबिक सहपाठियों के बीच बैठने की अनुमति नहीं थी। उन्हें कोने में अकेले बिठाया जाता था।

शिक्षा प्रणाली में आज भी जातिगत भेदभाव का दंश

राहुल ने लिखा कि वे कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून लागू करने की अपील करते हैं, ताकि किसी भी बच्चे को वैसे दंश न झेलने पड़ें जो डॉ. बीआर अंबेडकर, रोहित वेमुला और लाखों अन्य लोगों को सहने पड़े। उन्होंने एक्स पर अपना पत्र साझा किया और लिखा, हाल ही में वे संसद में दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदायों के छात्रों और शिक्षकों से मिला। बातचीत के दौरान कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव का के बारे में जानकारी मिली।

होनहार युवाओं की हत्या अस्वीकार्य

बकौल राहुल गांधी, आंबेडकर ने जो झेला वह शर्मनाक था।

भारत में किसी बच्चे के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। आज हमारे लिए यह शर्म की बात है कि देश की शिक्षा प्रणाली में दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदायों के लाखों छात्रों को जाति आधारित भेदभाव से जूझना पड़ता है।

16 अप्रैल को लिखे इस पत्र में राहुल लिखते हैं कि रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे होनहार युवाओं की हत्या अस्वीकार्य है। इनसे सख्ती से निपटने का समय आ गया है।

2016 में हुई थी रोहित वेमुला की मौत

बकौल राहुल गांधी, बाबा साहब आंबेडकर ने दिखाया था कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा साधन है जिसकी मदद से वंचित भी सशक्त बन सकते हैं। जाति व्यवस्था को तोड़ा जा सकता है। हालांकि, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दशकों बाद भी, लाखों छात्र हमारी शिक्षा प्रणाली में जातिगत भेदभाव का दंश झेलने को मजबूर हैं। बता दें कि हैदराबाद में पड़ाई करने वाले रोहित वेमुला की 2016 में मौत हुई थी।

दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद का दौरा

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने मुख्यमंत्री की अपील खारिज की

कोलकाता (वार्ता)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद की यात्रा स्थगित करने की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अपील खारिज करते हुए शुक्रवार को वहां के लिए रवाना हो गये।

राजभवन के सूत्रों के अनुसार राज्यपाल आज मालदा के सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे और शनिवार को वहां से वह मुर्शिदाबाद के प्रभावित इलाकों समशेरगंज और धुइलियां का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि मुर्शिदाबाद से विस्थापित और पीड़ित महिलाओं के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार की दोपहर राज्यपाल से मुलाकात की और अपनी दुर्दशा बतायी। राज्यपाल ने उन्हें आश्वासन दिया है कि स्थिति सामान्य होने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं।

इससे पहले बनर्जी ने कल संवाददाता सम्मेलन में बोस से दंगा प्रभावित मुर्शिदाबाद की यात्रा स्थगित करने का आग्रह करते हुए कहा था कि जिले में स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और प्रशासन लोगों का विश्वास बहाल करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। उन्होंने कहा , मैं अनुरोध करूंगी कि स्थानीय लोगों के अलावा कोई भी अब मुर्शिदाबाद न जाए। शांति धीरे-धीरे लौट रही है और इस स्थिति में हमें प्रशासन की मदद करनी चाहिए, ताकि वे अपना विश्वास बहाली का काम जारी रख सकें। मैं माननीय राज्यपाल से कुछ दिन और प्रतीक्षा करने की अपील करूंगी। हमारा महिला आयोग भी जाना चाहता था, लेकिन मैंने उन्हें रोक दिया। मैं भी नहीं जा रही हूं। उन्होंने कहा कि वह मुर्शिदाबाद में स्थिति सामान्य होने के बाद ही वहां जायेंगी। सहायक पुलिस महानिदेशक(कानून एवं व्यवस्था) सुप्रतिम सरकार ने संवाददाताओं को बताया कि मुर्शिदाबाद के विभिन्न इलाकों में अशांति के शुरुआती संकेतों का पता लगाने में कोई खुफिया चूक हुई है या नहीं, इसका आकलन किया जायेगा। हिंसा के सिलसिले में कुल 60 प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं और गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 274 हो गयी है।

जदयू को मिलेंगे बिहार में 60 प्रतिशत वोट

नई दिल्ली (वार्ता)। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) ने दावा किया है कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को 60 प्रतिशत से अधिक वोट मिलेंगे। जद-यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने शुक्रवार को यहां कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन पर राज्य की जनता को पूरा भरोसा है। राज्य की जनता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को लगातार जिताया है। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार को राज्य में सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त है।

थल सेना प्रमुख ने यादव से की सौजन्य भेंट

भोपाल (वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से आज थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्रम और राजा भोज की मूर्ति भेंट कर थल सेना प्रमुख श्री द्विवेदी का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री द्विवेदी ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को मणिपुरी शैली में निर्मित राधा कृष्ण की प्रतिकृति भेंट की। लेफ्टिनेंट जनरल पीपी सिंह तथा मेजर जनरल सुमित भी उनके साथ उपस्थित रहे।

60 साल की उम्र में शादी के बंधन में बंधेंगे भाजपा नेता दिलीप घोष

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष 60 साल की उम्र में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। वे अपनी भाजपा की सहयोगी रिंकू मजूमदार से शादी करने जा रहे हैं। शादी आज यानी 18 अप्रैल को कोलकाता में उनके आवास पर होने की खबर है। 60 वर्षीय भाजपा नेता अब तक अविवाहित हैं। सूत्रों के मुताबिक, कुणाल घोष और देबांगशु भट्टाचार्य सहित कई तृणमूल नेताओं ने इस अवसर पर भाजपा नेता को बधाई दी। दिलीप घोष के करीबी लोगों के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि दोनों की मुलाकात सुबह की सैर के दौरान हुई और समय के साथ उनका

रिश्ता मजबूत होता गया। न्यू टाउन में एक निजी समारोह में दोनों की शादी होगी, जिसमें करीबी रिश्तेदार भी शामिल होंगे। कहा यह भी जा रहा है कि शादी का प्रस्ताव दुल्हन पक्ष की ओर से दिया गया था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार समेत वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सुबह घोष के न्यू टाउन स्थित आवास पर जाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उनके करीबी एक भाजपा नेता ने बताया कि इस महीने की शुरुआत में आईपीएल मैच के दौरान दिलीप घोष और उनकी होने वाली पत्नी शामिल हुए थे।

अमृतसर सीमा पर हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद

जालंधर (वार्ता) । सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर अमृतसर सीमा पर हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया है। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर जालंधर के जनसंपर्क अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए, बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने एक विशेष सूचना के आधार पर व्यापक तलाशी अभियान के परिणामस्वरूप अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में 06 पिस्तौल और 14 मैगजीन बरामद कीं।

कांचा गाचीबोवली घोटाले की जांच के लिए केटीआर ने मोदी से किया आग्रह

■ मुख्यमंत्री रेड्डी ने 400 एकड़ से अधिक वन भूमि को गिरवी रखा: रामाराव

हैदराबाद (वार्ता)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने तेलंगाना के कांचा गाचीबोवली में कथित 10,000 करोड़ रुपये के घोटाले और पर्यावरण विनाश के मामले की जांच और तत्काल कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है।

रामाराव ने अपने बयान में मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर 400 एकड़ से अधिक वन भूमि को अवैध रूप से गिरवी रखने से जुड़े बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री को यह भी चुनौती दी कि वे अपने पर्यावरण संबंधी बयानबाजी को निर्णायक कार्रवाई के साथ समर्थन दें, जिससे राज्य में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच मिलीभगत के बढ़ते आरोपों को गलत साबित किया जा सके।

उन्होंने हैदराबाद विश्वविद्यालय से सटे पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील वन भूमि की कथित

निकासी का जिक्र करते हुए कहा कि यह केवल पर्यावरणीय आपदा नहीं है; बल्कि यह कांग्रेस सरकार द्वारा किया गया 10,000 करोड़ रुपये का घोटाला है। मोर, हिरण और अन्य लुप्तप्राय प्रजातियों का घर यह जंगल शहर के पारिस्थितिकी संतुलन और भूजल स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। पर्यावरणविदों, छात्र समूहों के विरोध और भूमि नीलामी पर रोक लगाने वाले उच्चतम न्यायालय के मौजूदा आदेश के बावजूद कथित तौर पर आईटी पार्क सहित वाणिज्यिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए भूमि को साफ कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार ने भारी कर्ज हासिल करने के लिए कानूनी शीर्षक या पर्यावरणीय मंजूरी के बिना भूमि को गिरवी रख दिया। उन्होंने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के निष्कर्षों का हवाला दिया, जिसने वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि की और सीबीआई, आरबीआई, सेबी, एसएफआईओ और सीवीसी जैसी राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा जांच की सिफारिश की। उन्होंने बताया कि बीआरएस ने पहले ही इन अधिकारियों को सहायक दस्तावेज जमा कर दिये हैं। बीआरएय कार्यकारी अध्यक्ष ने हरियाणा में श्री मोदी की हाल की टिप्पणियों का भी संदर्भ दिया, जहां उन्होंने तेलंगाना में वनों की कटाई की निंदा की, और पूछा कि क्या वे केवल दिखावटी थे। उन्होंने प्रधानमंत्री को निर्णायक रूप से कार्य करने की चुनौती देते हुए कहा कि यह तेलंगाना को दिखाने का समय है कि भाजपा और कांग्रेस मिलीभगत नहीं कर रहे हैं और आप वास्तव में पर्यावरण संरक्षण की परवाह करते हैं। वन्यजीवों की चिंताओं को खारिज करने के लिए मुख्यमंत्री की आलोचना करते हुए, उन्होंने तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार की रिपोर्ट की ओर इशारा किया, जिसमें क्षेत्र में संरक्षित प्रजातियों सहित महत्वपूर्ण जीवों की उपस्थिति की पुष्टि की गयी है।

अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान दें

नई दिल्ली (ए.)। पश्चिम बंगाल की हिंसा पर टिप्पणी करने वाले बांग्लादेश को भारत ने खरी-खरी सुनाई है। विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के बयान का संज्ञान लिया और कहा कि पड़ोसी देश को अपने देश में रहने वाले अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। बांग्लादेश की टिप्पणी से बिफरे भारत ने दो टूक लहजे में कहा, हम पश्चिम बंगाल की घटनाओं के संबंध में बांग्लादेश की ओर से की गई टिप्पणियों को अस्वीकार करते हैं। ऐसी टिप्पणी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं का समाधान करने की जगह, हिंसा की घटनाओं के साथ समानता दिखाने का छिपा हुआ और धूर्त प्रयास है। भारत ने बांग्लादेश को आइना दिखाया और कहा, वहां हिंसा जैसे कृत्यों में संलिप्त अपराधी खुलेआम घूमते रहते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पड़ोसी देश को भारत के मामलों में अनुचित टिप्पणी करने और खुद को अच्छा बताने के बजाय, बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत और बांग्लादेश संबंधों से जुड़े एक सवाल पर कहा था कि, भारत बांग्लादेश के साथ सकारात्मक और रचनात्मक संबंध बनाने की उम्मीद करता है। हम एक लोकतांत्रिक, समावेशी बांग्लादेश के पक्ष में हैं। बता दें कि तल्ख होते रिश्तों के कारण पिछले सप्ताह भारत ने बांग्लादेश को मध्य पूर्व, यूरोप और अन्य देशों के लिए अपने बंदरगाहों और हवाई अड्डों के माध्यम से दी जाने वाली ट्रांसशिपमेंट सुविधा वापस लेने की घोषणा की थी।

आतंकवादी लांडा हरिके और गैंगस्टर सत्ता नौशेरा के दो प्रमुख सहयोगी गिरफ्तार

तरनतारन (वार्ता)। पंजाब में एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स, पंजाब (ए जी टी एफ) और तरनतारन पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में तरनतारन के पास जवंदा गांव में गोलीबारी के बाद आतंकवादी लांडा हरिके और गैंगस्टर सत्ता नौशेरा के दो प्रमुख सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान युवराज उर्फ जग्गू और महकप्रीत उर्फ ?महक के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पुलिस पर गोलियां चलाईं और पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों घायल हो गए और उन्हें सिविल अस्पताल, तरनतारन में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उनके पास से एक ग्लॉक 9एमएम और एक .30 कैलिबर पिस्तौल जिंदा कारतूस के साथ बरामद किए हैं। डीजीपी ने कहा कि दोनों अपराधियों को पंजाब में लक्षित हत्याओं को अंजाम देने के लिए विदेशी हैंडलर द्वारा निर्देशित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी से पुलिस राज्य में में सनसनीखेज अपराधों को नाकाम करने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस संगठित अपराध को खत्म करने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भजनलाल की विश्व धरोहर दिवस की शुभकामनाएं

जयपुर (वार्ता)। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विश्व धरोहर दिवस की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

शिक्षा पर राजनीति .. | विभाग ने शिक्षकों के लिए कोई भी ड्रेस कोड लागू नहीं किया है

शिक्षा विभाग ने स्वैच्छिक ड्रेस कोड संबंधी परामर्श में ये निर्देश जारी किए

■ सरकारी स्कूलों में जींस, टी-शर्ट और चटक रंग के कपड़ों में नहीं आ सकेंगे शिक्षक, निर्देश जारी

शिमला (ए.)। हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के जींस, टी-शर्ट, चटक रंग वाली और फैशनेबल पोशाक तथा भारी गहने पहनने पर रोक लगा दी गई है। शिक्षा विभाग ने स्वैच्छिक ड्रेस कोड संबंधी परामर्श में ये निर्देश जारी किए।

हालांकि, विभाग ने शिक्षकों के लिए कोई भी ड्रेस कोड लागू नहीं किया है। यह परामर्श अनिवार्य नहीं है, लेकिन छात्र-छात्राओं में एक उदाहरण पेश करने और शैक्षणिक संस्थानों की मर्यादा बनाए रखने के मद्देनजर एक पेशेवर व औपचारिक ड्रेस कोड अपनाने की बात कही गई है।

शिक्षा सचिव राकेश कंवर की ओर से जारी पत्र में कहा गया कि कई शिक्षकों ने पहले से ही इस बारे में सकारात्मक कदम उठाए हैं।

कई शिक्षकों ने स्वेच्छा से गरिमापूर्ण व एक समान पोशाक अपनाई है,

जो दूसरों के लिए एक सराहनीय उदाहरण है। शिक्षा सचिव की ओर से जारी सलाह में कहा गया है कि शिक्षक छात्रों के लिए रोल मॉडल होते हैं। उनके तौर-तरीके और ड्रेसिंग स्टाइल युवा दिमाग पर एक स्थायी छाप छोड़ते हैं।

यह भी सिफारिश की है कि गैर शिक्षण कर्मचारियों को पेशेवर पोशाक के मानकों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। ड्रेस कोड के कार्यान्वयन को व्यक्तिगत स्कूल अधिकारियों के विवेक पर छोड़ दिया गया है।

शिक्षा विभाग ने सुझाया यह ड्रेस कोड

पुरुष शिक्षकों के लिए सुझाए गए ड्रेस कोड में हल्के रंगों में औपचारिक पतलून और शर्ट शामिल हैं, जबकि महिला शिक्षक औपचारिक भारतीय पोशाक जैसे दुपट्टे के साथ सलवार-कमीज, साड़ी, चूड़ीदार सूट या औपचारिक पश्चिमी परिधान चुन सकती हैं। मैरून या नीले रंग के ब्लेजर, पेशेवर जूते और उचित सौंदर्य मानकों को भी प्रोत्साहित किया गया है। स्कूल स्थानीय प्राथमिकताओं और मौसम की स्थिति के अनुसार ड्रेस कोड को अनुकूलित करने के लिए स्वतंत्र हैं और इसके पालन के लिए विशिष्ट दिन चुन सकते हैं।

JioMart
Reliance
Growth is Life
समय और पैसे
दोनों बचाएं
Quick
Quick
Scheduled
Search in Quick
Biscuits, Drinks & Packaged Foods
Chips & Namkeens
Biscuits & Cookies
Chocolates & Candies
Indian Sweets
Drinks & Juices
Breakfast Cereals
Noodles, Pasta &...
Ready To Cook & Eat
Spread, Sauces ...
Pickles, Chutney ...
Tea
Coffee
Fruits & Vegetables
Fresh Fruits
Basic Vegetables
Roots, Herbs & Others
Premium Fruits &...
ऐप अभी
डाउनलोड करें
लो प्राइस
गारंटी
Quick
फ्री होम
डिलीवरी
ज़ीरो
एक्स्ट्रा
चार्जेज़
आम बंगनपल्ली
1 kg
बाजार मूल्य ₹150
जियोमार्ट कीमत
₹99
तरबूज किरन 1 युनिट
(लगभग 2.5 kg से 3 kg)
बाजार मूल्य ₹60
जियोमार्ट कीमत
₹48
बिस्किट 230 g
या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹125
या उससे अधिक
फ्लैट
33%
छूट
जियोमार्ट कीमत ₹83 या उससे अधिक
कोल्ड ड्रिंक्स / ज्यूसेस
600 ml या उससे अधिक
(चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹40
या उससे अधिक
फ्लैट
25%
छूट
जियोमार्ट कीमत ₹30 या उससे अधिक
सुहाना / गोल्डी मसाले
100 g या उससे अधिक
(चुनिंदा श्रेणी)
फ्लैट
33%*
छूट
*एमआरपी पर
गुड लाईफ तुअर दाल
1 kg
एमआरपी ₹237
जियोमार्ट कीमत
₹148
बचाइए ₹89
समर एसेंशियल्स 50 g / 80 ml
या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹275
या उससे अधिक
फ्लैट
50%
छूट
जियोमार्ट कीमत ₹137 या उससे अधिक
टाइड / सर्फ एक्सेल / एरियल डिटर्जेंट
पाउडर 1 kg या उससे अधिक / सर्फ एक्सेल /
रिन मैटिक / जेंटील लिक्विड 2 L (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹85
या उससे अधिक
40%
तक छूट
नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफर्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफर्स 20 अप्रैल 2025 तक मान्य हैं चुनिंदा पिन कोड में। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

सुविचार

गलत बातों का विरोध समय रहते करना चाहिए, वरना युद्धिष्ठर की तरह सहते रहने से महाभारत होना तय है। - अज्ञात

बंगाल में राष्ट्रपति शासन के हालात

वक्फ बिल के विरोध में वैसे तो देशभर में कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। लेकिन बंगाल में तो वक्फ बिल के खिलाफ हिंसा का तांडव हो रहा है। वैसे भी बंगाल का रक्त चरित्र सर्व विदित है। वहां चुनाव के पूर्व, चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी हिंसा का नंगा नाच होता ही रहा है। धार्मिक आयोजनों के दौरान भी वहां हिंसक घटनाएं आम बात हैं। ऐसे में वक्फ बिल के खिलाफ बंगाल में हिंसा भड़कना ताज्जुब की बात कत्तई नहीं है। हैरत की बात तो यह है कि हिंसा की आशंका के बावजूद बंगाल सरकार ने पहले ही ऐहतियाती कदम क्यों नहीं उठाये। जाहिर है, बंगाल में हिंसा रूक सकती थी। बशर्ते बंगाल सरकार ने वक्फ बिल के खिलाफ हो रहे। विरोध प्रदर्शन को हिंसक होने से रोकने के लिए कड़े कदम उठाए होते। निश्चित रूप से बंगाल में हुई हिंसा और हिंसा प्रभावित लोगों का बड़ी संख्या में वहां से पलायन राज्य सरकार की नाकामी का दुष्परिणाम है। बंगाल में कानून और व्यवस्था की स्थिति लगातार खराब हो रही है। जिसके चलते वहां राष्ट्रपति शासन लगने के हालात बन रहे हैं। भाजपा नेताओं ने तो बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग भी उठानी शुरू कर दी है। किन्तु पता नहीं क्यों केन्द्र सरकार बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने से हिचकिचा रही है। बंगाल में हुई हिंसा के बाद वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। इस पर उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ी टिप्पणी करते हुए ममता सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक बयान में कहा है कि बंगाल जल रहा है और वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुप बैठी हैं। यही नहीं बल्कि वे दंगाइयों को शांति दूत बता रही हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि दंगाइयों के इलाज डंडा ही है, ये लातों के भूत बातों से नहीं मामने वाले हैं।

योगी आदित्यनाथ की इस कड़ी टिप्पणी पर तिखी प्रतिक्रिया देते हुए ममता बनर्जी ने कहा है कि योगी जी अपना उत्तर प्रदेश देखे, जहां महाकुंभ के दौरान कई लोग मारे गये थे और पुलिस एनकाउंटर के नाम पर लोगों को मारा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अन्य समुदाय के लोगों के धार्मिक आयोजनों पर रोक लगाई जा रही है। जबकि बंगाल में आपसी भाईचारा है और सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है। इन दोनों नेताओं के बीच चली जुबानी जंग से कुछ हासिल नहीं होने वाला है। इस मामले में अब केन्द्र सरकार को दखल देना चाहिए। यदि बंगाल की ममता बनर्जी सरकार दंगाइयों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं करती हैं और बंगाल में लगातार बिगड़ती कानून और व्यवस्था की स्थिति में सुधार करने में विफल रहती हैं तो केन्द्र सरकार को बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने पर गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए। गौरतलब है कि बंगाल में हुई हिंसा पर रोक लगाने में बंगाल पुलिस विफल रही है। नतीजन हाईकोर्ट के वहां केन्द्रीय सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। इसके बाद ही हिंसा पर काबू पाया जा सका है। किन्तु यह स्थिति कब तक नियंत्रण में रहेगी। इस बारे मे कुछ भी कह पाना मुश्किल है। क्योंकि अभी वक्फ बिल पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। यदि सुप्रीम कोर्ट से सरकार के ही पक्ष में फैसला आया तो बंगाल में फिर स हिंसा भड़कने की संभावना को नाकारा नहीं जा सकता। इसके पहले की पानी सर से ऊंचा उठे केन्द्र सरकार को कठोर रूख अख्तियार करने से नहीं हिचकना चाहिए।

स्टेटस सिंबल बन गई नेताओं की सुरक्षा

हमारे देश में भले ही आम जनता असुरक्षा के माहौल में रहे और बेमौत मरती रहे लेकिन छोटे बड़े तमाम नेताओं को सुरक्षा चाहिए ही। दरअसल, सरकारी सुरक्षा नेताओं के लिए स्टेटस सिंबल बन चुकी है। एक कहावत है न कि जितना बड़ा जूता होता है, उतनी ही ज्यादा पालिश लगती है। उसी तरह जितना बड़ा नेता होता है उसे उतनी ही बड़ी सुरक्षा की जरूरत पड़ती है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने मांग की है कि उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पहले की तरह ही जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की जाये। सपाईयों का तर्क है कि समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव लोकसभा में तीसरे सबसे बड़े राजनीतिक दल के नेता हैं और उनकी जान को भी खतरा है। क्योंकि उन्हें राष्ट्रीय नेता होने की वजह से देश के विभिन्न राज्यों में जाना पड़ता है और इधर एक व्यक्ति ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है इसलिए उन्हें जेड प्लस सुरक्षा दी जानी चाहिए। इस बारे में समाजवादी पार्टी ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भेजा है। गौरतलब है कि जेड प्लस सुरक्षा देश की दूसरी सबसे बड़ी सुरक्षा व्यवस्था है, जो केन्द्रीय मंत्रियों के अलावा सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को ही दी जाती है। विशेष परिस्थिति में ही अन्य नेताओं को भी यह सुरक्षा दी जाती है। लेकिन यह गृह मंत्रालय के विवेक पर निर्भर है कि वह किस नेता की सुरक्षा बढ़ाये या किसकी सुरक्षा घटाये। बहरहाल, देखना होगा कि समाजवादी पार्टी की इस मांग को केन्द्रीय गृह मंत्रालय कितनी गंभीरता से लेता है और अखिलेश यादव की सुरक्षा बढ़ाने के मुद्दे पर क्या फैसला लेता है।

नीरज मनजीत

मजहबी उपद्रवियों पर थोड़ी सी सख्ती दिखाने पर विक्टिम कार्ड खेलकर हल्ला मचाने वाला विपक्ष मुर्शिदाबाद की हिंसा और पलायन पर बिल्कुल मौन धारण किए हुए है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हमलों को लेकर भी हमारे विपक्ष और इस निर्लज्ज इकोसिस्टम के मुख से बोल नहीं फूटे थे। मुर्शिदाबाद की वारदात के पीछे बांग्लादेश के एक आतंकी संगठन का हाथ होने के सबूत मिल रहे हैं। 2021 में भी विधानसभा चुनावों के बाद बंगाल में ऐसी ही हिंसक घटनाएं हुई थीं। उस वक्त भी बहुसंख्यक समुदाय के निरीह लोगों पर ऐसे ही गुंडों का कहर टूटा था। उस वक्त भी ममता सरकार और विपक्ष चुप्पी साधे उपद्रवियों के साथ खड़े प्रतीत हो रहे थे।

वक्फ कानून पर विपक्ष की तुष्टीकरण की राजनीति

संसद में वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद अब विपक्षी पार्टियों के बीच मुस्लिम वोट बैंक का चैंपियन बनने की होड़ मची हुई है। देश, संविधान, न्याय, समानता, सेक्युलरिज्म, बहुसंख्यक समुदाय की भावनाओं, उनकी सुरक्षा की फिक्र किसी भी विपक्षी पार्टी के अंदर दिखाई नहीं पड़ती। सभी एक सुर में नए वक्फ कानून की खिलाफत करने में लगे हैं। इस खिलाफत के पीछे एक ही मंशा है कि मुसलमानों के एकमुश्त वोट उन्हें मिल जाएं। मुसलमानों के रहनुमा कहलाने वाले कुछ मजहबी नेता विपक्ष की इस कमजोरी को अच्छी तरह समझते हैं, इसलिए वे वक्फ कानून का विरोध करने के नाम पर आग लगाने वाले बयान देने में कोई कोताही नहीं बरत रहे हैं। उन्हें अच्छी तरह पता है कि उनकी तमाम कारस्तानियों पर पर्दा डालने वाला, जस्टिफाई करने वाला इकोसिस्टम मौजूद है।

पिछले साल अगस्त माह में केन्द्रीय विधि मंत्री किरण रिजूजू ने संसद में वक्फ संशोधन बिल पेश किया था। चर्चा के बाद इस बिल को 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेज दिया गया था, जिसके अध्यक्ष जगदंबिका पाल थे। 34 बैठकों और व्यापक विचार-विमर्श के बाद जेपीसी ने इस बिल में 14 प्रमुख बदलावों का प्रस्ताव दिया था।

अंतिम बैठक में जेपीसी ने 11 के मुकाबले 16 के बहुमत से इस बिल को पास करके संसद में भेज दिया था, जहां 16 घंटे की लंबी बहस के बाद इसे बहुमत से पारित कर दिया गया है। उस पर अब राष्ट्रपति की सहमति की मुहर भी लग चुकी है। वक्फ बिल एक कानून बन चुका है। मतलब यह कि सारी संवैधानिक प्रक्रियाओं से गुजरकर यह बिल कानून बना है। इसके बावजूद हमारा संविधान इजाजत देता है कि हम इस बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएं। हमारे बहुत से मजहबी नेता सुप्रीम कोर्ट गए भी हैं और उन्होंने लगभग 70 याचिकाएं दायर की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए इनमें से पांच याचिकाएं चुनी हैं। सुप्रीम कोर्ट की स्पेशल बेंच ने इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए वक्फ अधिनियम 2025 पर रोक लगाने से इंकार किया है। मगर एक अंतरिम आदेश जारी करके अगले 7 दिनों तक यथास्थिति कायम रखने के लिए कहा है और सभी पक्षों को एफीडेविट के जरिए जवाब देने के लिए कहा है।

कोर्ट ने अधिनियम के दो-एक प्रावधानों को लेकर केन्द्र सरकार से भी जवाब मांगा है। वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्य को शामिल करने के प्रावधान पर कोर्ट ने नाराजगी जताई है। इस पर केन्द्र सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और चीफ जस्टिस के बीच गरमागरम बहस भी हुई है। मेहता का तर्क था कि 22 सदस्यीय बोर्ड में सिर्फ 2 जज गैर मुस्लिम होंगे। मेहता ने कोर्ट से यह भी आग्रह किया कि जब तक सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, केन्द्र सरकार का पक्ष रख लिया नहीं जाता, तब तक कोई आदेश पारित न किया जाए। कोर्ट ने वक्फ कानून के विरोध में हो रही हिंसक घटनाओं पर भी चिंता जाहिर की है। हालांकि कोर्ट को इन घटनाओं को लेकर ज्यादा कड़ी टिप्पणी करनी चाहिए थी क्योंकि मुर्शिदाबाद में जो कुछ हुआ है, उसे साधारण वाकया नहीं बताया जा सकता। इन सारे फैसलों से ऊपरी तौर पर तो ऐसा लगता है कि कोर्ट ने संतुलन बनाते हुए अपनी राय दी है। मगर इससे प्रबुद्धजनों में एक नई बहस भी छिड़ सकती है कि संसद के दोनों सदनों और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कोर्ट का यह फैसला कितना जायज है? अगर कोर्ट अगली सुनवाई के बाद पुनः हस्तक्षेप करता है तो क्या इससे विधायिका और न्यायपालिका के बीच टकराव तो नहीं हो जाएगा?।

स्पष्ट है कि भाजपा सरकार ने इस कानून को धरातल पर उतारने में पूरी तरह से संवैधानिक और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं और परंपराओं का पालन किया है। फिलहाल सबसे ऊंची अदालत में सुनवाई भी जारी है। तब संविधान, न्याय, समानता और संसद से ऊपर उठकर हमारे कुछ नेता और मौलाना भीड़तंत्र अराजकता और हिंसक प्रदर्शनों के जरिए एक बड़े अवाम को सड़कों पर उतारकर देश को ठप्प क्यों करना चाहते हैं? ये तमाम लोग सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले का इंतज़ार क्यों नहीं करते?।

इसका साफ़ मतलब है कि हमारी विपक्षी पार्टियां संविधान की मूल भावनाओं, संसदीय लोकतंत्र, न्यायपालिका, सेक्युलरिज्म और बुद्ध गांधी के अहिंसक विचारों को लगभग तिलांजलि देकर भीड़तंत्र, हिंसा और अराजकता के जरिए अपनी राजनीति आगे बढ़ाना चाहते हैं। विपक्ष का अंध-पक्षधर और मोदी तथा भाजपा का अंध-विरोधी इकोसिस्टम इस भड़कती आग में घी डालने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहा है। ये वही इकोसिस्टम है, जो हर जायज़-नाजायज़ क़ीमत पर, देश विरोधी तत्वों के साथ खड़े होकर मोदी और भाजपा को सत्ता से बेदख़ल करना चाहता है।

उसे भूलना नहीं चाहिए कि देश के बहुसंख्यक समुदाय ने अपने वोट देकर मोदी और भाजपा को सत्ता में बैठाया है। इस इकोसिस्टम के तथाकथित 'उदारवादी' लोगों ने देश के बहुसंख्यक समुदाय के भयानक उत्पीड़न की कीमत पर 'छद्म सेक्युलरिज्म' को स्थापित किया है। अब जब इस स्यूडो सेक्युलरिज्म की जंजीरें टूट रही हैं, तो यह इकोसिस्टम अराजकता और हिंसा को बढ़ावा देकर केन्द्र सरकार को अस्थिर करने पर उतारू है। ये इकोसिस्टम जिस निर्लज्जता से बहुसंख्यक समुदाय के भयावह उत्पीड़न पर पर्दा डालता है अथवा उसे जिस बेशर्मी से जस्टिफाई करता है, उसे देखकर अफसोस के साथ-साथ अचरज भी होता है कि हमारे समाज में ऐसे लोग पुरस्कृत प्रतिष्ठित सम्मानित हो रहे हैं।

इकोसिस्टम की निर्लज्जता की बिल्कुल ताज़ा मिसाल मुर्शिदाबाद की हिंसक घटनाओं पर उनकी संवेदनहीन ख़ामोशी है। वहां से दो सौ से ज़्यादा हिन्दू परिवार पलायन करके दूसरे जिलों में चले गए हैं। उनके घरों को जलाया गया, उन्हें मारा पीटा गया, उनकी औरतों से दुर्व्यवहार किया गया है। यह सब उस बंगाल में हुआ है, जहां के नागरिक संवेदनशील प्रबुद्धजन हैं। ममता सरकार और उसके मंत्री इस मर्मान्तक घटना को छोटा-मोटा वाकया बताकर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाना तो दूर, उल्टे इस भयानक घटना में भी राजनीति ढूंढकर बीएसएफपर इल्जाम थोप दिया कि बीएसएफके लोगों ने बांग्लादेश के आतंकियों को मुर्शिदाबाद बुलाकर यह वारदात करवाई है। इससे अधिक असत्य और निर्लज्ज बयान कोई हो नहीं सकता।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1451 में आज ही के दिन बहलोल लोदी ने दिल्ली पर कब्जा किया था।1770 में आज ही के दिन कैप्टन जेम्स कुक ऑस्ट्रेलिया पहुंचने वाले पहले पश्चिमी व्यक्ति बने थे। 1775 में 19 अप्रैल को ही अमेरिकी क्रांति की शुरुआत हुई थी। 1919 में आज ही के दिन अमेरिका के लेस्ली इरविन ने पैराशूट से पहली बार छलांग लगाई थी। 1936 में 19 अप्रैल को फिलिस्तीन में यहूदी विरोधी दंगे शुरू हुए थे। 1950 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने वाले पहले मिनिस्टर बने थे। 1968 में आज ही के दिन हिंदी एक्टर अरशद वारसी का जन्म हुआ था। 1971 में इंडिया ने वेस्टइंडीज को हराकर टेस्ट क्रिकेट सीरीज जीती थी। 1972 में आज ही के दिन बांग्लादेश राष्ट्रमंडल का सदस्य बना। 1975 में आज ही के दिन भारत ने अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लॉन्च किया था और अंतरिक्ष युग में प्रवेश लिया। यह भारत का पहला वैज्ञानिक उपग्रह था। 2006 में आज ही के दिन प्रथम अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग को उनके द्वारा लाया गया चांद टुकड़ा भेंट किया गया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जाने क्या मिल

जाने क्या मिल जाए अब तो कब मुझे। सुन रहे हैं, ध्यान से अब तो सब मुझे।। हो जाएंगे सब मेरे, बात तय है यह तो। मिल जो गए हो तुम अब तो जब मुझे। जय कृष्ण।

- अलका अग्रवाल

कहते हैं जो दो

कहते है जो दो वही वापिस लौट कर आता है ....इज्जत दो इज्जत मिलेगी ,दुवाएं दो दुवाएं मिलेगी ,दोस्ती में साथ दो वो भी साथ देगा , मद्दत करो जरुरत पर मद्दत मिलेगी .... पर क्या वाकई, वैसे ये काम इस प्रतिउत्तर के साथ नहीं किये जाते पर ये सवाल तो आ ही जाता है जेहन में क्या सच में ऐसा होता है - **नमन कुमार मिश्रा**

ख़ास पाती

सुनो ना कहना चाहती हूं

सुनो ना कहना चाहती हूं कि तुम्हारे बिना ये जीवन मरुस्थल सा लगता है, जिसमें दूर तक बारिश की कोई संभावना नहीं। जहाँ रेत के ज़र्रों में तुम्हारी यादें उड़ती हैं, और हर सरगम में तुम्हारी चुप्पी गूंजती है। ये दिल, किसी प्यासे दरख़्त की तरह बस तुम्हारी एक नमी को तरसता है– तुमसे मिलन की एक बूंद भी अगर गिर जाए, तो ये सूना आकाश फिर से इंद्रधनुषी हो जाए। - **रश्मि अभय**

व्यस्त व्यक्ति कभी दुःखी (डिप्रेशन)

.. व्यस्त व्यक्ति कभी दुःखी (डिप्रेशन)नहीं होता और अस्त-व्यस्त व्यक्ति कभी सुखी(खुश) नहीं होता, व्यस्त होना और अस्त-व्यस्त होना दो अलग बातें हैं एक सार्थक है और एक निरर्थक है ,,, अस्त-व्यस्त लोग अटेंशन सीकर और निरुद्देश्य होते हैं, इनका कोई कॉन्सेप्ट क्लियर नहीं होता,,, इनको साक्षात ब्रह्मा भी खुश नहीं कर सकते - **तनु देहलवी**

उलटा चोर कोतवाल को डांटे को हम

उलटा चोर कोतवाल को डांटे को हम बचपन में यह समझते थे कि जब चोर को पकड़कर उलटा लटकाते होंगे तो वह कोतवाल को डांटता होगा। पर क्यों ? यह बात अब कुछ-कुछ समझ में आना चाहती है जब लोगों को यह कहते सुना जाता है कि थानेदार चोर से मिला हुआ है । - **अर्पित अनाम**

मत लगाना लत लत कोई भी हो आबाद

मत लगाना लत लत कोई भी हो आबाद नही करती लत शराब की हो तो सोचने समझने की शक्ति छीन लेती है.. लत सिगरेट की हो तो हर साँस के साथ उसकी डिमांड जारी रहती है.. लत ईश्वर की हो तो भी बेचैन रखती है नाम जपने से भी बेचैनी पूरी नही होती लत धर्म की हो तो अहंकार को पुष्ट करती है और अगर लत किसी इंसान की हो तो... कभी पूरी नही होती किसी दूसरे इंसान से.. फिर मन में उठते हैं ढेरों तूफान जो शांत नही होते किसी भी आयोजन से लत मत लगाना दोस्तों लत दुनिया की सबसे बुरी चीज है.. आबाद नही करती... लत की भी लत मत लगाना... - **सीमा राय**

कब का होही नइए भरोसा छिन भर के

कब का होही नइए भरोसा छिन भर के जिनगी ये रट ले टूटथे सबले पहिली जस डारा के फुनगी ये कतकों साज-सँवागा कर ले तैं, ए माटी के पुतरी के फेर भरभर ले उजरिच जाही ए करजा के खनगी ये - **सुशील भोले,**

कुछ लोगों ने बीड़ी समझा और एक कश

कुछ लोगों ने बीड़ी समझा और एक कश में पी ली कुछ ने देशी शराब का पव्वा समझा और एक घूँट में गटक ली कुछ सयानों ने विलायती शराब समझी और महफ़िल सजाके घूँट -घूँट पी ली कुछ ने शहद समझ लिया उँगली से चाटकर हज़म कर ली कुछ को नीम की कच्ची निंबोली लगी दाँत के नीचे आते ही थूक दी हमें तो माँ ,बहन ,बेटी और पत्नी का दिनभर सुलगता चूल्हा लगी जिस पर चढ़कर कभी चाय बनकर उबलते रहे तो कभी गलते रहे दाल की तरह एक पतीली में तो कभी रोटी बनकर सिकते रहे ऐ जिंदगी ! - **रामकिशोर उपाध्याय**

प्रेरक प्रसंग

सफलता का रहस्य

एक बार एक नौजवान लड़के ने बुजुर्ग से पूछा कि सफलता का रहस्य क्या है?

बुजुर्ग ने उस लड़के से कहा कि तुम कल मुझे नदी के किनारे मिलो। वो मिले, फिर बुजुर्ग ने नौजवान से उसके साथ नदी की तरफ बढ़ने को कहा और जब आगे बढ़ते-बढ़ते पानी गले तक पहुंच गया, तभी अचानक बुजुर्ग ने उस लड़के का सर पकड़ के पानी में डुबो दिया। लड़का बाहर निकलने के लिए संघर्ष करने लगा, लेकिन बुजुर्ग ताकतवर था और उसे तब तक डुबोये रखा जब तक की वो नीला नहीं पड़ने लगा, फिर बुजुर्ग ने उसका सर पानी से बाहर निकाल दिया और बाहर निकलते ही जो चीज उस लड़के ने सबसे पहले की वो थी हाँफते- हाँफते तेजी से सांस लेना। बुजुर्ग ने पूछा- "जब तुम वहाँ थे तो तुम सबसे ज्यादा क्या चाहते थे?" लड़के ने उत्तर दिया- "सांस लेना" बुजुर्ग ने कहा- "यही सफलता का रहस्य है, जब तुम सफलता को उतनी ही बुरी तरह से चाहोगे जितना की तुम सांस लेना चाहते थे तो वो तुम्हें मिल जाएगी" इसके आलावा और कोई रहस्य नहीं है।

QUIZ TIME

1) सूचना की सार्वभौमिक पहुँच के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है?

2) संवादिनी का संबंध किस आंदोलन से है?

3) कौन नालंदा कॉलेज बुद्धिस्ट स्टडीज, कनाडा के संस्थापक हैं?

4) भारत और अमेरिका के बीच मुक्ताकाश समझौता किस वर्ष हस्ताक्षरित हुआ था?

5) हाल ही में समाचारों में देखी गई सेनेमास्पिस वांगोघी किस प्रजाति से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 28 सितम्बर (2) दलित नारीवादी साहित्यिक आंदोलन (3) सुवांडा एच. जे. सुगुनासिरी (4) 2005 (5) छिपकली

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

1		2	■	3		4	■	5
	■	6			■	7		
8	9		■	10	11		■	
■		■	■	■		■	■	■
12		12ए	■	13		14	■	15
	■	16			■	17		
18	19		■	20	21		■	
■		■	■	■		■	■	■
22			■	23			■	24

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 021 का हल

प	सं	द	■	सिं	हा	स	न	■
ख	■	म	ज	दू	र	■	का	म
बा	द	क	■	र	■	सं	ब	ल
ड़	■	ल	ज्ञा	■	म	स्का	■	य
■	बा	■	■	बि	हा	र	■	■
सु	धा	क	र	■	न	■	■	औ
रं	■	म	■	कि	ता	ब	■	स
ग	■	अ	र	सा	■	हु	ज्ज	त
■	श्न	क्ल	■	न	मि	त	■	न

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:05, सूर्यास्त : 06:48, चन्द्रोदय : 23:52, चन्द्रास्त : 08:52, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी),मास : वैशाख, पक्ष : कृष्ण, तिथि : षष्ठी, नक्षत्र : पूर्वा साढ़ा, योग : शिव, प्रथम करण : तैतिल (17:07 तक), द्वितीय करण : गर (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मेष, चंद्र : धनु (08:20 से),मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:50 से 12:42, अमृत काल : 27:25 से 29:09, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:18, गोधूलि मुहूर्त : 18:45 से 19:07,सायाह्न सन्ध्या : 18:46 से 19:52, निशिता मुहूर्त : 23:54 से 24:38, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:31 से 17:09, दुर्मुहूर्त : 08:23 से 09:15, होमाहुति : मंगल (08:21 से गुरु), दिशा शूल : पश्चिम, नक्षत्र शूल : पूर्व (08:21 तक), अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्र वास : उत्तर (पूर्व 08:21 से), शिववास : नन्दी पर (17:07 से भोजन में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज दिन के पूर्वार्ध में आप दुविधा में फंसे रहेंगे। किसी भी कार्य में स्थिति स्पष्ट ना होने के कारण कार्य रुके रह सकते है केवल मन ही मन कार्यो की रूपरेखा बनाएंगे।

वृषः आज दिन के पहले भाग में सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण होंगे। स्वास्थ्य उत्तम् रहेगा।सामाजिक क्षेत्र से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

मिथुनः आपका आज का दिन भाग्योदय कारक रहेगा। घर एवं बाहर आशा से अधिक सहयोगी वातावरण मिलने से लगभग सभी कार्य निर्विघ्न पूर्ण होंगे।

कर्कः आपका आज का दिन मिला-जुला रहेगा। भावुकता अधिक रहने के कारण छोटी-छोटी बातों को दिल पर लेंगे।

सिंहः आज के दिन सभी कार्यो को आप जी जान से करेंगे परन्तु फिर भी सफलता मिलने में संदेह रहेगा। सरकारी कार्य भी नियमो की पूर्ति ना होने के कारण अधूरे रहेंगे।

कन्याः आपको आज के दिन भी थोड़ा सावधानी बरतने की सलाह है चंद्र आपकी राशि से चौथे होने पर किसी गलती के कारण मन में संताप रहेगा।

तुलाः आपका आज का दिन लाभदायक रहेगा। प्रतिस्पर्धियों पर आसानी से विजय पा लेंगे।

वृश्चिकः आपका आज का दिन सामान्य से अधिक शुभ फल देने वाला रहेगा।

धनुः आज के दिन अधिकांश समय आपमें चंचलता अधिक रहेगी। मित्र मण्डली के साथ पर्यटन के अवसर मिलेंगे।

मकरः आज दिन के पूर्वार्ध में परिस्तिथियां प्रतिकूल रहेंगी। पूर्व निर्धारित कार्य में विलम्ब होने से भाग-दौड़ करनी पड़ेगी।

कुंभः आज का दिन आपको आशा से अधिक एवं एक दम विपरीत फल देगा। विशेष कर आज अपनी सोच में निराशा को जगह ना दें।

मीनः आज भी दिन आपके अनुकूल रहेगा।

न्यूज गैलरी

अधेड़ की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

कुम्हारी। बीती रात ग्राम चोरहा निवासी भागवत दास मारकंडे (55 वर्ष) को उसके नाती ने घायल अवस्था मे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शरीर मे कई जगह चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस के मुताबिक मृतक के गले और पीठ में किसी नुकीली चीज के निशान पाए गए हैं। मृतक अपने परिवार से अलग मकान में रहता था। पुलिस इस घटना की विवेचना कर पतासाजी में जुट गई है। आसपास के सीसी टीवी के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। मृतक की हत्या के बारे में कोई जानकारी नही मिल पाई है। हरीश पाटिल सीएसपी छावनी ने कहा कि मृतक में शरीर मे कई जगह चोट के निशान हैं जिनमे गले और रीढ़ की हड्डी में गहरे निशान है। सीसी टीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। अबतक आरोपी का कोई सुराग नही मिला है। पूछताछ जारी है।

पद्म पुरस्कारों हेतु ऑनलाईन आवेदन

दुर्ग। भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2026 के लिये प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार श्रृंखला के तहत ''पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्म श्री'' पुरस्कारों के लिए पात्र व्यक्तियों से ऑनलाईन नामांकन प्रस्ताव 31 जुलाई तक आमंत्रित किये गए हैं। निर्धारित पात्रता और मापदण्ड के अनुरूप ऑनलाइन आवेदन जमा किये जा सकते हैं। पद्म पुरस्कार देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों सेवा हेतु ये पुरस्कार दिये जाते हैं। कोई भी व्यक्ति किसी जाति, व्यवसाय हैसियत या लिंग के भेदभाव के बिना इन पुरस्कारों के लिए पात्र है।

दुर्ग बस स्टैंड का होगा विस्तार

दुर्ग। बसयात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिये दुर्ग के बस स्टैंड का विस्तार किया जाएगा। यहां प्रतीक्षालय सहित आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। बड़े शहरों के तर्ज पर बस स्टैंड का नवनिर्माण करने शहर विधायक गजेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह, निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की और प्लान तैयार करने के निर्देश दिये। नई व्यवस्था में दुर्ग से जाने वाली बसों के रूट के अनुसार बसों के खड़े होने का स्थान निर्धारित किया जाएगा। यात्री प्रतीक्षालय, टॉयलेट, व्यापारिक कॉम्प्लेक्स भी बनाया जाएगा। स्थल निरीक्षण के दौरान विधायक एसडीएम सहित पीडब्लूडी, सिंचाई विभाग के इंजीनियर और अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने पीडब्लूडी और सिंचाई विभाग के लाइट मशीनरी और विद्युत /यांत्रिकी कार्यालय के खाली स्थल का निरीक्षण किया।

जलसंकट : भिलाई में नल खुलने पर रोज सुबह एक घंटे बंद रहेगी बिजली

- निगम आयुक्त ने विद्युत कंपनी को लिखा पत्र
- सुबह 6:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद करने के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भीषण जलसंकट को देखते हुए अब नगर निगम प्रशासन अलर्ट हो गया है। निगम कमिश्नर राजीव पांडे ने विद्युत कंपनी को पत्र लिखकर सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे तक विद्युत बंद करने के निर्देश दिये हैं। टुल्लू पंप से पानी खींचने के कारण आखिरी छोर तक पानी नहीं पहुंच पाता है। इसे देखते हुए पानी सप्लाई के दौरान बिजली बंद रखने की कवायद की जा रही है। निगम कमिश्नर ने कहा है कि नेहरूनगर, स्मृति नगर, खम्हरिया, कोहका 1, कुरुद, फरीद नगर, कोहका -2, वैशाली नगर, हाऊसिंग बोर्ड, मदर टेरेसा नगर, चन्द्रा-मौर्या, गौतम नगर, छावनी, खुर्सीपार और हुडको में बनी ओवरहेड टंकियों से पानी सप्लाई किया जाता है।

इन क्षेत्रों में पानी सप्लाई के दौरान लोग टुल्लू पंप के माध्यम से ज्यादा पानी खींच लेते हैं। इसके कारण आखिरी छोर तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता है। बिजली बंद करने पर आखिरी छोर तक पानी पहुंच सकेगा। निगम कार्यालय और जिला कार्यालय में इस संबंध में लगातार शिकायतें मिलने के बाद निगम कमिश्नर ने कलेक्टर से अनुमोदन लेने के बाद विद्युत कंपनी को बिजली सप्लाई बंद करने के निर्देश दिये हैं। पिछले साल की तरह इस बार भी सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे तक बिजली बंद रखी जाएगी। ताकि गर्मी के दौरान सभी इलाकों में पर्याप्त पानी पहुंच सके।

दुर्ग में भी पानी सप्लाई के दौरान बिजली बंद रखने पर मंथन

इधर, दुर्ग में भी पानी सप्लाई के दौरान बिजली बंद रखे जाने पर मंथन किया जा रहा है। दरअसल, हाल ही में जल संसाधन विभाग के अफसरों ने डैम में पानी कम होने का हवाला देते हुए केवल एक समय पानी सप्लाई करने का सुझाव दिया। जानकारी के अनुसार इसके लिये महापौर अलका बाघमार सहित भाजपा पार्षद तैयार नहीं हुए। भाजपा पार्षदों का कहना है कि ऐसा करने पर फर्स्ट फ्लोर या इससे ऊपर के फ्लोर पर रहने वालों को पानी नहीं मिलेगा। निगम के एक अफसर ने सुझाव देते हुए कहा कि सुबह के समय ऐसा करना उचित नहीं होगा। शाम के समय बिजली बंद रखकर पानी सप्लाई किया जाना चाहिये। इस व्यवस्था से लोगों को सुबह के समय पर्याप्त पानी मिल सकेगा और पानी का अपव्यय भी बंद किया जा सकेगा। हालांकि अभी तक इस संबंध में अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

राजीव भवन में घुसकर तोड़फोड़ करने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग

- मौके पर मौजूद पुलिस जवानों ने कोई कार्रवाई नहीं की

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कांग्रेस भवन में घुसकर उत्पात मचाने और तोडफ़ोड़ करने के विरोध में कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर भाजयुमो नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पुलिस को वीडियो दिखाते हुए कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस की मौजूदगी में भाजपा नेता राजीव भवन में घुसकर तोडफ़ोड़ करते रहे। इस दौरान पुलिस मूक दर्शक बनी रही। पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, धीरज बाकलीवाल सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा राज में पुलिस प्रशासन भाजपा नेताओं पर मेहरबान है। इसी का दुष्परिणाम है कि अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। अराजकता का आलम यह है कि अंजोरा चौकी में घुसकर पुलिस कर्मियों की वर्दी फाड़कर जमकर पिटाई कर दी गई। कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस पार्टी के जिला मुख्यालय राजीव भवन में घुसकर तोडफ़ोड़ करने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों को सस्पेंड करने की मांग की।

नेशनल हेराल्ड मामले में भाजयुमो ने सोनिया, राहुल का पुतला फूंका

नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा कोर्ट में चार्जशीट सीट दाखिल किए जाने के बाद दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में भाजयुमो नेताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी का पुतला फूंका। दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में एकत्र होने के बाद रैली के रूप में भाजयुमो नेताओं ने कांग्रेस भवन के पास पुतला दहन किया। इस दौरान भाजयुमो नेता राजीव भवन में घुस गए और जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर प्रमुख रूप से दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, पूर्व विधायक सांवला राम डहरे, सभापति श्याम शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री विजेंद्र सिंह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव, अमित मिश्रा, मनोज शर्मा, सानिध्य चंद्राकर उपस्थित रहे। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि ईडी ने लंबी जांच प्रक्रिया के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। इस मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे के नाम शामिल है। इस मामले में कांग्रेस का षड्यंत्र उजागर हुआ है। इस मुद्दे से जनता का ध्यान भटकने और न्यायपालिका पर दबाव बनाने के लिए कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन को भी अपराध से बचने का हथियार बना लिया है। भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का आचरण शुरू से भ्रष्ट रहा है।

दुकानों के बाहर सामान रखने पर लगेगा जुर्माना : निगम शुरू करेगा अभियान

- राजस्व प्रभारी चंद्रशेखर चंद्राकर ने गंजमंडी व्यवसायिक परिसर की दुकानों को हैंडओवर करने दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महापौर अलका बाघमार के निर्देश पर आज बाजार व राजस्व प्रभारी चंद्रशेखर चन्द्राकर ने गंजमण्डी व्यवसायिक परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को शापिंग कॉम्पलेक्स में साफ-सफाई करने के निर्देश दिये। कॉम्पलेक्स की आवंटित दुकानों को हैंडओवर करने के निर्देश दिये। कॉम्पलेक्स की शेष दुकानों का आवंटन करने के लिये भी प्रक्रिया शुरू करने कहा गया। कॉम्पलेक्स में प्रकाश व्यवस्था बेहतर बनाने ट्रांसफार्मर लगाने की व्यवस्था करने कहा गया। इस दौरान सहायक राजस्व एवं बाजार अधिकारी शुभम गोइर, शशिकांत यादव मौजूद रहे।

चंद्राकर ने कहा कि मार्केट एरिया में दुकान के सामने सामान रखकर व्यवसाय किया जा रहा है। दुकान के बाहर सामान रखने पर यातायात प्रभावित होता है। ऐसे दुकानदारों से जुर्माना वसूलने के साथ ही सामान जप्त करने की कार्यवाही करने अभियान चलाया जाएगा। निगम प्रशासन ने दुकानों के बाहर सामान रखकर व्यवसाय न करने की अपील की है।

भारतीय ज्ञान परम्परा में बौद्ध साहित्य का विशेष योगदान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भारतीय ज्ञान परम्परा में बौद्ध दर्शन और साहित्य का योगदान है। विश्व धरोहर सूची में शामिल सांची का विशेष महत्त्व है। देश-विदेश में सांस्कृतिक, शैक्षणिक भ्रमणकर्ता बौद्ध साहित्य में डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने सांची की शैक्षणिक यात्रा के बाद बताया कि यूनेस्को की सूची में सांची सर्वोच्च स्थान पर है। यहां के बौद्ध स्तूप और स्मारकों की स्थापना का श्रेय महान सम्राट अशोक को है। डॉ शर्मा ने कहा कि स्तूपों के तोरणद्वारों पर भगवान

बुद्ध से जुड़ी जातक कथाओं काचित्रण हैं। यहॉं के चैत्यालय, विहार और संग्रहालय भी दर्शनीय और प्रेरक हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मण्डल भोपाल द्वारा बौद्ध स्मारकों का अन्वेषण और संरक्षण किया जाता है। सांची बौद्ध भारतीय अध्ययन विवि के कुलपति के रूप में प्रोफेसर वैद्यनाथ लाभ कार्यरत हैं। गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति के सन्दर्भ में भारतीय ज्ञान परम्परा पर पूरे देश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और सांस्कृतिक केन्द्रों में विचार मन्थन चल रहा है।

बौद्ध साहित्य भी उसका एक अंग है। सांची में बौद्ध संस्कृति बिखरी पड़ी है। यहां श्रीलंका की महाबोधि सोसायटी द्वारा भगवान बुद्ध का सुन्दर मन्दिर भी बनाया गया है। चैत्यगिरि नाम के ये मन्दिर दर्शनीय स्थल है।

बीएसपी विद्यालय में रोबोटिक्स पर कार्यशाला का आयोजन

भिलाई/ नवप्रदेश। डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती पर बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 में अटल टिंकरिंग लैब द्वारा सामुदायिक सप्ताह का आयोजन किया। स्कूल की प्राचार्या सुमिता सरकार व अटल टिकरिंग लैब प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता तरुण साहू के नेतृत्व में पाँच छात्रों की टीम ने भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के छात्रों के लिये एक रोबोटिक्स प्रदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के सभागार में विभिन्न रोबोटिक्स प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया गया। प्रमुख रूप से बाधा से बचने वाली स्मार्ट गाड़ी, अल्ट्रासोनिक सेंसर आधारित वाहन, एलईडी डिस्प्ले बोर्ड, ब्लूटूथ नियंत्रित कार, हाथ के इशारे से संचालित वाहन और ड्राइवरों के लिए दुर्घटना रोकथाम तकनीक शामिल थीं।

रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजी. एंड टेक्नो. में तकनीकी एकीकरण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में प्रमुख संस्थान आरएसआर रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी भिलाई ने हाल ही में दो दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम की मेजबानी की। कार्यक्रम के पहले दिन ट्रेड प्रेन्योर - एक वैश्विक शोध संगठन के साथ अकादमिक सहयोग में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। सम्मेलन ने विद्वानों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और उद्योग

विशेषज्ञों के लिए अग्रणी शोध प्रस्तुत करने और सतत विकास के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर 170 से अधिक शोध पत्र और 50 पोस्टर प्रस्तुतियाँ प्रदर्शित की गईं। इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, पर्यावरणीय स्थिरता, स्वचालन और डिजिटल नवाचार के विविध विषयों को शामिल किया गया। सम्मेलन में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय विद्वानों के पैनल में डॉ. असेना बोजटास - सकारिया यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज, तुर्की ने एप्लाइड टेक्नोलॉजी और इसके सामाजिक प्रभाव पर वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान किया। डॉ. येलिना पोकरा- कीव नेशनल इकोनॉमिक यूनिवर्सिटी, यूक्रेन ने आर्थिक ढाँचों में डिजिटल नवाचार की परिवर्तनकारी शक्ति पर चर्चा की। डॉ. लक्ष्मीकांत यदु एनआईटी रायपुर ने संधारणीय इंजीनियरिंग प्रथाओं और उनके वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। डॉ. अमित अग्रवाल आईआईआईटी नया रायपुर) ने एआई और पर्यावरण चेतना के प्रतिच्छेदन पर ध्यान केंद्रित किया।

जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन का जोरदार स्वागत

गांव की समस्याओं का होगा निराकरण

नवप्रदेश संवाददाता

अंजोरा। दुर्ग जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन का मायके पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। सरपंच, जनपद सदस्य से लेकर उपसरपंच योगिता जितेंद्र यादव सहित पंच गण और उनके चाचा मुकेश देवांगन ने बाजे गाजे और पटाखों सहित फूलमाला पहनाकर आरती कर अबीर गुलाल से स्वागत किया। बाबा गोमती दास चौक में स्थित राम मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगा।

कुलेश्वरी देवांगन ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेतागण और सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर के आशीर्वाद से अधिकृत होकर बीजेपी खेमे से चुनाव लड़ी और अध्यक्ष भी बनी। पंच सरपंच ने गांव की समस्याएं बताई है। इन समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस मौके पर उद्योग एवं सहकारिता सभापति गोपाल यादव ने भी मूलभूत समस्याओं की जानकारी दी। इस मौके पर सरपंच कविता यादेश गोंड, पंच गण दुर्गा किशन यादव, घनश्याम साहू, उमा गोपाल यादव, उषा दुर्गेश साहू, नीता गोपी निर्मलकर, मंजू राजमणि तिवारी, मीनाक्षी जनक निर्मलकर, ग्राम कोटवार सुभाष नागरची, लक्ष्मीनाथ देशमुख, राजू चंद्राकर, सुशील देवांगन, बलदेव देवांगन, मुकेश देवांगन, भाई लक्ष्मी नारायण देवांगन, मंगेश देवांगन, धनेश्वर बबलू देवांगन मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय चयन ट्रायल 21 से 27 तक

दुर्ग। रायपुर जिले में संचालित आवासीय खेल अकादमी हॉकी (बालक/बालिका) तीरंदाजी (बालक/बालिका) और वित्तीय वर्ष 2025-26 से संचालित की जाने वाली आवासीय खेल के नवीन प्रवेश हेतु खेल अकादमी संचालन नियम के अनुसार राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 21 से 27 अप्रैल तक किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक से मिली जानकारी अनुसार तीरंदाजी खेल में (बालक/बालिका) और फुटबॉल (बालिका) के लिए 21 से 23 अप्रैल को कोटा एवं तीरंदाजी एरिना (बालिका छात्रावास) के सामने रायपुर में चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम अलका सिंह ठाकुर | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202504100400178/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका अलका सिंह ठाकुर आ./पति श्री सुमीत सिंह ठाकुर निवासी राजनांदगांव तह.व जिला राजनांदगांव द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 38 तह. व जिला दुर्ग	377/74	0.0118 हें 1275 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम कुसुम महेश्वरी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202504100400179/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका कुसुम महेश्वरी आ./पति श्री नारायण महेश्वरी निवासी बालोद तह. व जिला बालोद द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 38 तह. व जिला दुर्ग	377/97	0.0242 हें 2610 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम भरतलाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202504100400168/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका भरतलाल आ./पति श्री सुंदरलाल वर्मा निवासी आर्य नगर कोहका भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	731/9	0.010 हें 2000 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम आरती शुक्ला | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202504100400169/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका आरती शुक्ला आ./पति श्री घनश्याम शुक्ला निवासी गौतम नगर सुपेला भिलाई तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	801/2	0.020 हें 2812 वर्गफीट	व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, साार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202504101000085 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार सिंह पिता हरिशंकर सिंह निवासी सुपेला द्वारा ग्राम खेदामारा प.ह.नं. 11 स्थित भूमि खसरा नं. 389, 399/2 रकबा 0.950, 0.250 हे. आवेदक के पिता हरिशंकर सिंह पिता पंचम सिंह राजपूत के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 05.05.2025 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 11.04.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202504100700046/अ-6/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

दुर्ग प.ह.न. 00019(1044/34(0.0020 हे.)

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-महेजाबीन खान

अनावेदक पक्षकार - मो. यासीन दीवान, राहत जबीन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका महेजाबीन खान पिता स्व. शब्बीर अहमद खान निवासी वार्ड नं.-08, तकियापारा, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1044/34 रकबा 0.002हे.व खसरा नंबर 1044/14 रकबा 0.002 हे. में भूमि. मोहम्मद यासीन पिता स्व जानु मोहम्मद दीवान, राहत जबीन पति मोहम्मद यासीन दीवान के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/हिबानामाकर्तागण मोहम्मद यासीन पिता स्व. जान मोहम्मद दीवान, राहत जबीन पति मोहम्मद यासीन क्वा.नं. 1055/प्र.क्र.ना.-0016. दीवान के द्वारा आवेदिका के पक्ष में दिनांक 05/04/2025 को हिबानामा निष्पादित किया गया है। हिबानामा के आधार पर हिबाकर्तागण का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर आवेदिका (हिबा पाने वाली) का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05/05/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, तहसील दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202501101200045 / वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मकुंदलाल पिता भूनू गोड़ निवासी चिंगरी, तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम चिंगरी प.ह.न. 31 रा.नि.म. अण्डा 01 स्थित भूमि खसरा नं. 52. 204, 214, 295, 791 926 कुल रकबा 1.640 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है जो गलत है उक्त भूमि ऑन लाईन मे पूर्व आवेदक एवं अन्य खातेदार परस राम पिता भूनू सामिलात खाते में भूमि खसरा नं. 52, 204, 214, 295 791, 926 कुल रकबा 1.640 हे. राजस्व अभिलेख भूअधिकार पुस्तिका में दर्ज है। उक्त वर्णित भूमि वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश सहखातेदार परस राम पिता भूनू का नाम सहखातेदार के रूप में दर्ज नहीं दिखा रहा है जिससे सुधार कर ऑनलाईन राजस्व अभिलेख दर्ज दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22.04.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.42/अ-20(3)/ वर्ष 2024-25

आवेदक लीलमचंद जैन आ. स्व. ताराचंद जैन एवं अन्य 01 पता सदर बाजार गांधी चौक दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट कं. 29 डी प्लाट नं. 27 व 25 का दु0 क्षेत्रफल 1263 वर्गफीट / 117.337 वर्गमीटर भूमि आवेदकगण के पिता ताराचंद जैन आ. स्व. चिमनी राम के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 10.12.2020 को हो चुकी है। मृतक धारक द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त भूखण्ड का पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 24.09.2015 को आवेदकगण के पक्ष में निष्पादित किया है। आवेदकगण द्वारा उक्त वसीयतनामा के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उक्त भूखण्ड का टु. क्षेत्रफल 631.5-631.5 वर्गमीटर पृथक-पृथक आवेदकगण के नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.04.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27.03.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202504104300081 /अ-2/वर्ष 2024-25

ग्राम-चोरहा, प.ह.न.11, तह. भिलाई-3

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका लीतेश गोविंद भाई टांक पिता गोविंद भवनजी टांक निवासी नागपुर महाराष्ट्र द्वारा ग्राम चोरहा, प.ह.नं 11, रा.नि.मं. कुम्हारी तहसील भिलाई 3 जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 204/17 रकबा 0.0214 हें भू-राजस्व 0.01 रूपये को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 29.04.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 29.04.2025 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, भिलाई-3 (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202503103300032 /अ-6अ/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.कं. 202503103300032/1-6-अ/वर्ष 2024-25 आवेदक लक्ष्मण प्रजापति पिता छट्ठू प्रजापति निवासी सुल्तानपुर मउ उत्तरप्रदेश के द्वारा मौजा ग्राम सिलोदा प.ह.नं.23 रा.नि.म. अंजोरा ख तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 233/2 का दु. रकबा 750 वर्गफिट भूमि को विक्रेता नारद सिंह आ. स्व. दुखुराम निवासी ग्राम सिलोदा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग में दिनांक 22/01/2021 को ग्रंथ क्रमांक-1112 दस्तावेज कर्मांक- 4447 के पृष्ट क्रमांक 52 से 76 पर बयानामा दस्तावेज निष्पादित किया गया है। जिसका प्रमाणीकरण पश्चात आवेदक के नाम पर ऋष्ट पुस्तिका प्रदाय किया जा चुका है। आवेदक लक्ष्मण प्रजापति के नाम पर ऋण पुस्तिका जारी किया गया त्रुटिवश आनलाईन राजस्व रिकार्ड मे विकास कुमार पिता बनारस महतो के नाम पर दर्ज होना पाया नया है। उक्त भूमि पर आवेदक के नाम पर ऋष्टा पुस्तिका में दर्ज ख.नं. 233/17 को आवेदक/लक्ष्मण प्रजापति के नाम पर आनलाईन राजस्व रिकार्ड में हुई त्रुटि को सुधार किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.04.2025 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202504101000024 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं. 202504101000024/अ-6/वर्ष 2024-25 में आवेदिका आवेदक श्रीमती जमीरती देवी पति स्व. रामपूजन चौहान निवासी आर्य समाज के पास कोहका भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 6070 रकबा 0.020 हे. है। जो भूमिस्वामी रामपूजन पिता तेतरमहतो के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी रामपूजन पिता तेतरमहतो की मृत्यु दिनांक 13.12.2024 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तोवज बी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋष्टा पुस्तिका की ज्या प्रति आदि प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 07.05.2025 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 08.04.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202504103500017 /अ-20(1)/ वर्ष 2024-25

आवेदक प्रकाशचंद जैन पिता स्व. श्री मिश्रीलाल जैन उम्र 70 वर्ष निवासी एम.आई.जी. डी-21 शैलेन्द्र नगर रायपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि दुर्ग नगर स्थित नजूल शीट नं. 4 अ भूखण्ड क्रमांक 75/2 क्षेत्रफल 376 वर्गफुट भूमि का पट्टा उनके नाम पर जारी किया गया है। उक्त भूमि दिनांक 31/3/2025 तक नवीनीकृत है। उक्त भूमि को आगामी तिथि हेतु नवीनीकरण किये जाने हेतु मय दस्तावेज आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि का आवेदगण के नाम पर नवीनीकरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति/दावा प्रकरण में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

संक्षिप्त खबरें

सुपोषण दिवस पर बच्चों को परोसी खीर-पुड़ी

महासमुंद/नवप्रदेश। डॉ. राधा कृष्णा वार्ड क्रमांक 24 कुम्हारपार स्थित आंगनबाड़ी में सही पोषण देश रोशन के तहत सुपोषण दिवस बनाया गया। जिसमें बच्चों का वजन जांच एवं उच्चाई वा लम्बाई मापन किया गया साथ ही उन्हें खीर पुड़ी वितरण किया गया। जिस प्रकार से बच्चों को कुपोषण से बचाया जा रहा हैं भारतीय जनता पार्टी की सरकार बच्चों को सही समय में सही आहार दे कर कुपोषित होने से बचा रही है। उक्त विचार मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पवन पटेल ने कही है। इस अवसर पर पटेल को पुनः वार्ड नंबर 24 के पार्षद निर्वाचित होने पर साल एवं श्रीफल देकर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता कु धनमती बघेल, पूर्णिमा ठाकुर ने सम्मान किया और आंगनबाड़ी में नल कनेक्शन लगाने एवं बाउंड्रीवाल वा आंगनबाड़ी में टाइल्स लगने के लिए आवेदन दिया। इस अवसर पर वार्ड की रम्भा जगत, संतरा दीप, उषा दीप, तुकेस्वरी साहू, सातों साहू, मिश्री साहू, दुलेश्वरी मानिकपुरी, ममता चंद्राकर, प्रमिला जगत, कला सिन्हा, कुसुम पटेल, कृष्णा बाई पटेल, मीरा कुलदीप, सोनू साहू आदि उपस्थित थे।

रचना संग्रह का विमोचन

महासमुंद/नवप्रदेश। सेवानिवृत प्रधान पाठक भागवत प्रसाद साहू का 81 वां जन्मदिन उनके परिजनों द्वारा मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू मौजूद थे। इस दौरान भागवत प्रसाद साहू द्वारा लिखित रचना संग्रह 'चल-चल, मुझे ले चल उस गांव' का विमोचन पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। इस कार्यक्रम में शिक्षक मनोहर लाल चक्रधारी, निहाल देवांगन, शिक्षक एलपी शुक्ला, संदीप दीवान, लोचन चक्रधारी, रोहित मिश्रा, ढालूराम साहू, लोमश आनंद, कथावाचक व्यासनारायण तिवारी आदि उपस्थित रहे।

सोनार दुकान से गहनों की चोरी सीसीटीवी में चोर कैद

महासमुंद/नवप्रदेश। बड़े साजापाली के एक ज्वेलर्स दुकान से 90 हजार रुपए से ज्यादा के आभूषण चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को बड़े साजापाली स्थित उपकार ज्वेलर्स के संचालक उमाशंकर सोनी ने बताया कि 16 अप्रैल को वह दुकान में बैठा था। उसी दौरान एक अज्ञात ग्राहक सोना खरीदने आया और चांदी की ताबीज व सोने की फुल्ली दिखाने कहा। जिस पर उन्होंने सामान दिखाया तब अज्ञात ने उसे पसंद नहीं किया और कान का टॉप्स दिखाने कहने लगा और दुकान से बिना सामान लिए चला गया। जाते-जाते काउंटर में 2 हजार रुपए रखा और कहा कि वह पत्नी को लेकर आ रहा है, तुम्हारे दुकान से और सामान लूंगा कहा। प्रार्थी ने उसके जाने के बाद सोने-चांदी के जेवर को चेक किया तो कान की बाली 01 नग कीमत 23984 रुपए एवं सोने का टॉप्स 03 नग कीमत 69526 रुपए कुल 93510 रुपए के सामान नहीं थे। बाद दुकान की सीसीटीवी फुटेज को देखा तो उक्त अज्ञात ग्राहक दुकान से सोने की चोरी करता दिखा। मामले की शिकायत पर बसना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 332(सी)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

जिपं अध्यक्ष सार्वा के हाथों शुरू हुआ सांकरा का आवास प्लस 2 सर्वे का विशेष पखवाड़ा

धमतरी/नवप्रदेश। जिले के नगरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत साकरा में 'आवास प्लस 2' योजना के अंतर्गत सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण कुमार सार्वा ने किया गया। इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2011 की जनगणना तथा 2018 के सर्वे में छूटे हुए पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 100त्न आवासीय लाभ सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम में श्री करूणा सागर पटेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नगरी सहित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। सर्वेक्षण के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधी एंव नागरिकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया और छूटे हुए जरूरतमंद परिवारों की जानकारी उपलब्ध कराई। जनप्रतिनिधियों ने विश्वास दिलाया कि कोई भी पात्र परिवार बिना आवास के नहीं रहेगा और शासन की योजना का लाभ हर ज़रूरतमंद तक पहुंचेगा। यह सर्वे ना केवल ग्रामीण विकास की दिशा में एक ठोस कदम है, बल्कि यह स्थानीय प्रशासन और जनता के सहयोग से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का उत्कृष्ट उदाहरण भी है।

विद्यालय पर एकाग्र सागर के काव्य संग्रह 'ओ मेरी पाठशाला' का उपमुख्यमंत्री ने किया विमोचन

गरियाबंद/नवप्रदेश। उप मुख्य मंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के निवास में राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित विमोचन समारोह में समाज के युवा मंच के प्रदेश महासचिव, व्याख्याता एवं एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा के प्रकाशित विद्यालय पर एकाग्र काव्य संग्रह ओ मेरी पाठशाला का विमोचन हुआ। उप मुख्य मंत्री विजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य व समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विजय शर्मा ने काव्य संग्रह विमोचन अवसर पर एक समीक्षात्मक उदबोधन में कहा विद्यालय के चाक, ब्लैक बोर्ड, टाट पट्टी, बेंच, कुर्सी, शिक्षक, प्रयोगशाला, दर्ज संख्या प्रवेश उत्सव, लेक्चर स्टैंड, कक्षा की घंटी, बच्चों की पढ़ाई शरारत व ऐसे ही 61 काव्य संग्रह संदेश युक्त,शिक्षा प्रद एवं एक नया प्रयोग है। ये कविताएं वर्तमान एवं भविष्य की शिक्षा व्यवस्था को विवेचित करती है। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सागर की कलम चलती रहे और ऐसी रचनाएं आती रहे। अध्यक्षता कर रहे समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने कहा संग्रह में शैक्षणिक ज्ञान और समझ को सरस बनाकर प्रकारांतर में सूत्र रूप में संजोने का संयोजन महत्वपूर्ण प्रमाणित हुआ है। प्रस्तुत कृति की भाषा सरल-सहज, सुगम और सुबोध है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवयित्री सुधा शर्मा तथा आभार व्याख्याता मीनाक्षी शर्मा ने किया। उक्त अवसर पर जिला गरियाबंद अध्यक्ष अश्वनी तिवारी, अध्यक्ष विप्रकुल ब्राह्मण समाज राजिम देवेन्द्र शर्मा, साहित्यकार शरद शर्मा,अधिकारी एवं कर्मचारी फेडरेशन जिला गरियाबंद महासचिव बसन्त त्रिवेदी,अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रवक्ता बसंत मिश्रा, बीआर सी फिंगेश्वर सुभाष शर्मा, पत्रकार प्रेस क्लब सचिव गोविन्द तिवारी, महेंद्र द्विवेदी, धीरेन्द्र शर्मा,धमेन्द्र शर्मा, सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन ने कसा शिकंजा

कार्रवाई के बाद खरीददारों की सांसें अटकीं, नामांतरण का पुनरीक्षण के बाद हो सकता है निरस्त

जीवनएस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला मुख्यालय में अवैध प्लाटिंग पर 5 साल बाद कार्यवाही हुई है। नियम कायदे को ताक में रख करोड़ों की कमाई करने वालों ने सरकारी राजस्व का नुकसान किया। अब केवल 10-10 हजार जुर्माना भर छुटकारा पा जाएंगे प्रापर्टी डीलर। कार्यवाही के बाद खरीददारों की सांस अटकी क्योंकि नामांतरण का पुनरीक्षण के बाद निरस्त की हो सकती है ।

पाबंदी के बावजूद जिला मुख्यालय में पिछले कुछ सालों से अवैध प्लाटिंग व कालोनी बसाने का गोरखधंधा फल फूल रहा था। मामले में एक्शन लेते हुए 2019 से 2022 तक 13 प्रकरण दर्ज किए गए थे। जिसमें से एक को छोड़ 12 अवैध कालोनी/प्लाटिंग पर सुनवाई चली। एसडीएम ऋचा ठाकुर ने सुनवाई करते हुए पाया कि 12 प्रकरणों में अनावेदकगणों द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 70, धारा 98 एवं धारा 172 के उल्लंघन पाया गया। फलस्वरूप न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा0) गरियाबंद द्वारा 20 मार्च 2025 को आदेश पारित कर अनावेदकगणों को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 (4) के तहत 10 हजार रूपये शास्ति अधिरोपित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक उक्त आदेश के परिपालन में 06 अनावेदकगण इनमें हर्षित अग्रवाल, मो. हनीफ मेमन, मो. रिजवान मेमन, मो. हनीफ मेमन, मो. जावेद मेमन, संरक्षणकर्ता सौरभ देवांगन द्वारा 10-10 हजार रूपये चालान के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय में जमा किया है।

12 विक्रेताओं ने 100 से ज्यादा टुकड़े में बेचा कृषि भूमि

प्रकरण जांच में पाया गया कि नगर निवेश के अधीन आने वाले भूखंड जो कृषि प्रयोजन के थे उन्हें बगैर व्यपवर्तित करते हुए कई छोटे भूखंडों में काटकर बेच दिया गया। होटल सिटी रेसीडेंसी के पीछे न केवल अवैध कालोनी बसा दिया गया बल्कि उक्त कॉलोनी में पक्की सड़क की मंजूरी भी दिला दी गई। राजनीतिक प्रशासनिक सरंक्षण प्राप्त कुछ रसूख दार अब भी बेखौफ होकर अवैध प्लाटिंग का काम कर रहे। इस कारोबार में न तो नगर निवेश के नियमावली का पालन हुआ न तो कालोनाइजर एक्ट का पालन किया जा रहा है। पिछले कई सालों से चल रहे इस हाईलेवल के अवैध कारोबार में प्राप्टी डीलरो ने करोड़ों कमाए, जबकि वास्तविक तौर पर नियम से खरीदी बिक्री नहीं होने के कारण शासन को लाखों के स्टाम्प शुल्क का नुकसान हुआ है। अब सवाल उठता है कि क्या उन्हें महज 10 हजार का जुर्माना लेकर छोड़ दिया जाएगा या कल कोई बड़ी कार्यवाही की जाएगी।

कहां-कहां हुआ अवैध प्लाटिंग

1- हनीफ मेमन द्वारा ग्राम आमदी (म) में खसरा नंबर 491/1 पर
2- अब्दुल हकीम द्वारा आमदी (म) में खसरा नंबर 500
3- शिशिर देवांगन द्वारा आमदी (म) में खसरा नंबर 486
4- जावेद मेमन द्वारा मजरकट्टा में खसरा नम्बर 780, 790, 789, 783, 784
5- हर्षित अग्रवाल द्वारा डोंगरी गांव में खसरा नम्बर 321/27 में,
6- रिजवान मेमन द्वारा पारागांव में खसरा नंबर 733,
7- हनीफ मेमन द्वारा केशोडार में खसरा नम्बर 29/4 में अवैध प्लाटिंग किया गया जिसका प्रकरण दर्ज था। किंतु जिला मुख्यालय में अब भी कई रसूख दारों के अवैध कालोनी और प्लाटिंग का मामला दर्ज नहीं हुआ है न ही वहां किसी प्रकार के प्रशासनिक रोक टोक हो रहा।

छोटे भू खंडों की नामांतरण की होगी जांच

एसडीएम ने बेचने वालों पर जुर्माना लगाने के अलावा खरीदारों के छोटे भूखंडों की जानकारी भी जुटा रही है। तहसीलदार को निर्देशित कर उपरोक्त समस्त प्रकरणों के भू-खण्डों के क्रेता, विक्रेता, भू-स्वामी द्वारा किये गये समस्त विक्रय, नामांतरण की जानकारी मंगाई गई है।पुनरीक्षण में अगर नियम विरुद्ध नामांतरण पाया गया तो खरीददारो को भी भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

कवर्धा में भाजपा ने किया नेशनल हेराल्ड मामले में पुतला दहन व घेराव

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने कवर्धा में कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार पर नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर पुतला दहन किया और सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा।

इस इस विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजन कर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी और भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस विषय पर दिल्ली में बीजेपी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रमुख आरोप और मुद्दे-गिनाए गए : दिल्ली प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है, जो उनका लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उन्हें देश की संपत्ति को लूटने का अधिकार नहीं है। उन्होंने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर कई गंभीर आरोप लगाए।

- नेशनल हेराल्ड अखबार स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज था, जिसे अब निजी स्वार्थ के लिए उपयोग किया गया।
- 2008 में इसके प्रकाशन के बंद होने के बाद कांग्रेस ने इसे ?90 करोड़ की सहायता दी, जो नियमों के खिलाफहै।
- 'यंग इंडियन' नामक कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 76% हिस्सेदारी है।
- केवल ?9 करोड़ में हजारों करोड़ की संपत्ति यंग इंडियन को ट्रांसफर कर दी गई।
- कांग्रेस का दावा है कि यंग इंडियन एक चैरिटेबल संस्था है, लेकिन अब तक उसका कोई सामाजिक कार्य सामने नहीं आया।

पाठ्य पुस्तक निगम मुद्रण कार्य में पिछड़ा

- हर साल जनवरी से मार्च के बीच मुद्रण कार्य हो जाता था पूरा
- नए शैक्षणिक सत्र में भी बच्चों को नहीं उपलब्ध पाएगी पुस्तकें
- टेंडर होने के बाद भी समय पर पुस्तक मुद्रण में लगा ग्रहण

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम हर साल अपनी कोई न कोई कारगुजारियों के कारण सुर्खियों में बना रहता है। पाठ्य पुस्तक निगम का काम है कि हर साल सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करने वाले पहली से लेकर 10वीं के विद्यार्थियों को पुराना सत्र समाप्ति से पहले यानी अप्रैल में वितरित हो जाए। पिछले साल से मुद्रण प्रक्रिया में देरी के चलते सरकारी स्कूलों में पाठ्य पुस्तक समय पर पहुंच जाए। इसमें सशंय की स्थिति निर्मित हो गई है। टेंडर तो 17 अप्रैल 25 को हुआ है 30 अप्रैल तक किसी भी हालत में मुद्रण कार्य पूर्ण हो ही नहीं सकता है।

वहीं मानसून सत्र से पहले बस्तर और सरगुजा के स्कूलों में किसी भी हालत में नहीं पहुंच सकेगा। इसके पीछे कारण यही बताए जा रहे है कि पहले दिसंबर में टेंडर हो जाता था और मार्च में पुस्तक मुद्रित होकर तैयार रहता था, और अप्रैल माह में सभी स्कूलों को समय पर आसानी से वितरित किया जाता था। सरकार की मंशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर है पर साधन उपलब्ध होने के बाद भी विद्यार्थियों को लाभ नहीं मिल पाएगा। मई-जून ग्रीष्मकालीन छुट्टी में समाप्त हो जाएगा। जुलाई में नए शिक्षण सत्र की तैयारी शुरू हो जाएगा।

अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया

अब नवनियुक्त अध्यक्ष को पदभार ग्रहण भी हो चुका है पर न तो अध्यक्ष ने और न महाप्रबंधक ने समय पर पुस्तक मुद्रण के बारे में कोई आदेश या निर्देश जारी नहीं किया है। लगता है नए शिक्षा सत्र में पुस्तक वितरण नहीं हो पाएगा।

साय सरकार मातृत्व योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को बना रही है सबल : ज्योति

कुरूद/नवप्रदेश। महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम कुरूद मे आयोजित हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्योति भानु चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद एवं पार्षदगण राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ, महिला बाल विकास विभाग कुरूद के अधिकारियों ने सुशासन सरकार द्वारा चलाये जा रहे मातृत्व योजनाओं को प्रत्येक महिलाओं तक पहुँचाने विविध आयोजन कर रहे है, मुख्य अतिथि ज्योति चन्द्राकर ने कहा हमारे मुख्यमंत्री मा.विष्णुदेव जी के नेतृत्व मे पुरे प्रदेश के माता बहनों को ऊपर उठाने के लिए महतारी वंदन से लेकर छोटे छोटे मातृत्व योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सबल बनाने का कार्य कर रही है ! स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार सुपोषण पखवाड़ा व सुपोषण चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। बच्चो में कुपोषण एक गंभीर समस्या है। कुपोषण के कारण बच्चों का शारिरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास अवरुद्ध हो जाता है। जिसके कारण सम्पूर्ण जीवन प्रभावित हो जाता है। कुपोषण के सही आंकलन कुपोषण के रोकथाम व निदान तथा नौनिहालों के पोषण स्तर को परखने सुपोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है ।

सुपोषण पखवाड़ा के इसी कडी में गायत्री मंदिर रोड स्थित वार्ड क्रमांक -14 आंगनबाड़ी केन्द्र में सुपोषण पखवाड़ा का शुभारंभ वार्ड पार्षद मनीष साहू व हेमलाल साहू द्वारा किया गया । सुपोषण पखवाड़ा के अवसर पर पार्षद मनीष साहू ने माताओं को उचित पोषक आहार व समय समय पर स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार बच्चो को दी जाने वाली विटामिन व आयरन की खुराक देने व टीका लगवाने का आव्हान किया। एम टी माला यादव ने भी माताओं को पोषण के पांच सुनहरे 1000 दिवस, पौष्टिक आहार, डायरिया, एनीमिया प्रबंधन व स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुएआवश्यक जानकारी प्रदान किया।

प्रथम पेज का शेष...

नक्सलियों ने फिर शांति ...

रूपेश ने जताया शर्मा का धन्यवाद

रूपेश ने अपने पत्र में कहा कि मेरे पहले बयान पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को धन्यवाद। मेरी सुरक्षा गारंटी देते हुए मेरे इस कोशिश को आगे बढ़ाने की अनुमति देने के लिए भी मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने यह भी बताया कि शांति वार्ता के लिए उनके संगठन की ओर से प्रतिनिधित्व तय करने के लिए नेतृत्वकारी कमरेडों से मुलाकात आवश्यक है।

एक महीने तक जवानों के ऑपरेशन पर रोक लगाएं

उत्तर पश्चिम सब ज़ोनल ब्यूरो प्रभारी ने सरकार से अपील की है कि शांति वार्ता की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए एक महीने तक सशस्त्र बलों के ऑपरेशन पर रोक लगाई जाए. आगे कहा कि शांति वार्ता के लिए हमारे तरफ़ से प्रतिनिधित्व के लिए नेतृत्वकारी कामरेडों से मिलना ज़रूरी है. इसलिए सरकार से मेरी अपील है कि एक महीने तक सशस्त्र बलों के ऑपरेशन पर रोक लगाया जाए।

40 लाख के इनामी 22 नक्सलियों ने ...

और 1 पुरुष नक्सली पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था. इस तरह कुल मिलाकर इन आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 40 लाख 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। गौरतलब है कि इससे पहले बुधवार को बीजापुर में 2 इनामी समेत 22 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया था. तीन अलग-अलग क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन पर निकले जवानों ने इन नक्सलियों को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार नक्सलियों के पास से बम बनाने और अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गई थी।

नक्सलवाद के दंश से ...

हुए नक्सलियों से अपील की है कि मोदी सरकार की आत्मसमर्पण नीति को अपनाकर यथाशीघ्र हथियार डालें और मुख्यधारा में शामिल हों जाएं। क्योंकि हम 31 मार्च 2026 से पहले देश को नक्सलवाद के दंश से मुक्त करने के लिए संकल्पित हैं।

रक्षा संबंधों को अधिक...

ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल के साथ भी विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसमें तीनों सेनाओं के बीच सैन्य संबंधों को आगे बढ़ाने और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहभागिता को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भरतमुनि का नाट्यशास्त्र ...

जरिए वैश्विक शांति में सहयोग के लिए स्थापित एजेंसी है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत इसका एक मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राचीन धरोहरों का संरक्षण भी है।

यूनेस्को के मेमोरी ऑफद वर्ल्ड रजिस्टर में नाम दर्ज होना उस देश की दस्तावेजी धरोहर की अहमियत और इसे लोकप्रिय बनाने में अहम साबित होता है। इसके जरिए इन दस्तावेजों पर अनुसंधान, इससे जुड़ी शिक्षा, मनोरंजन और संरक्षण पर भी समयानुसार जोर दिया जाता है।

सीजीपीएससी भर्ती घोटाले ...

और श्री बजरंग पावर एंड इस्पात लिमिटेड, रायपुर के तत्कालीन निदेशक श्रवण कुमार गोयल को गिरफ्तार किया था। बाद में, सीबीआई ने 10 जन.2025 को नितेश सोनवानी (आरोपी तत्कालीन अध्यक्ष के भतीजे, डीसी के रूप में चयनित) और ललित गणवीर (तत्कालीन उप परीक्षा नियंत्रक, सीजीपीएससी) सहित पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया और शशांक गोयल और भूमिका कटियार (दोनों डीसी के रूप में चयनित) और साहिल सोनवानी (डिप्टी एसपी के रूप में चयनित) को मामले में 12जन.2025 को गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने 16जन.2025 को सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश, रायपुर के समक्ष टामन सिंह सोनवानी (ए-1), श्रवण कुमार गोयल (ए-2), शशांक गोयल (ए-3), भूमिका कटियार (ए-4), नितेश सोनवानी (ए-5), साहिल सोनवानी (ए-6) और ललित गणवीर (ए-7) के खिलाफ एक आरोप पत्र भी दायर किया। बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए अन्य अभ्यर्थियों, सीजीपीएससी के अधिकारियों और अन्य के संबंध में आगे की जांच जारी है।

पीएम फसल बीमा योजना में...

मोहला-मानपुर-चौकी जिले की कलेक्टर श्रीमती तूलिका प्रजापति एवं सक्ति जिले के कलेक्टर श्री टोपनो ने बेस्ट परफॉर्मिंग डिस्ट्रिक्ट का अवार्ड प्राप्त किया।

कर्नाटक में रोहित वेमुला कानून बनाए...

डॉ आंबेडकर को एक समय बिना भोजन के सोना पड़ा, क्योंकि लोगों ने अछूत मानकर उन्हें पानी देने से इनकार कर दिया। आंबेडकर बताते हैं कि उनके पास पर्याप्त खाना था, भूख भी लगी थी, इसके बावजूद उन्हें भूखे सोना पड़ा। स्कूल में उन्हें अपनी रैंक के मुताबिक सहपाठियों के बीच बैठने की अनुमति नहीं थी। उन्हें कोने में अकेले बिठाया जाता था।

'करप्शन और कांग्रेस एक ...

सहारा लेना चाहिये. अनावश्यक प्रोपेगेंडा करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202504101000125 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/केता श्री ए. डेनियल राज पिता स्व. आरोग्य स्वामी निवासी सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका, प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 2631/43 रकबा 0.020हे0 भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता ओ.एन. चकवर्ती पिता स्व. शम्भू चक्रवर्ती से कय किया है कि उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 30.04.2025 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 15.04.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

आम-सूचना

नाम परिवर्तन होने के संबंध में

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सरला हरिहारनो (SARLA HARIHARNO) पति अरविन्द हरिहरनो, आयु 58 वर्ष, निवासी-सोनी गली, गवली पारा दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की निवासी है, उनके जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. राजनांदगांव (छ.ग.) में बचत खाता संचालित है, जिसमें उनका नाम सरला हरिहारनो (SARLA HARIHARNO) पति अरविन्द हरिहरनो दर्ज है, विवाह पूर्व मेरे पक्षकार का नाम- सरला (SARLA) पिता मुरारी लाल था, तथा मेरे पक्षकार का घरेलू नाम गुड्डी ताम्रकार (GUDDI TAMRAKAR) दर्ज है, कि सरला हरिहारनो (SARLA HARIHARNO) एवं सरला (SARLA) एवं गुड्डी ताम्रकार (GUDDI TAMRAKAR) तोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पक्षकार का नाम है।

भविष्य में मेरे पक्षकार को सरला हरिहारनो (SARLA HARIHARNO) पति अरविन्द हरिहरनो, के नाम से ही जानी एवं पहचानी जावेगी। अत: सो सूचना जानें।

निखिल महलवार
अधिवक्ता-जिला न्यायालय
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9827930577

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202504101200030 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण कौशलेन्द्र आ.स्व. श्री सोमदत्त, व अन्य 10 निवासी ग्राम आमटी, प.ह.न. 30, रा.नि.म-अण्डा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक 05, 06, 07, 08, 09, 10, 11 के संयुक्त नाम पर ग्राम आमटी, प.ह.न. 30, रा.नि.म. अण्डा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि खाता न. 390 खसरा न. 186, 208/1, 242/1 रकबा क्रमशः 2.4900, 1.5600, 2.17 हे. कुल खसरा न. 03 कुल रकबा 6.2200 हे. है। आवेदक क. 05 के एकल नाम पर ख. नं. 655, 656 रकबा क्रमशः 1.4400 हे0 एवं 2.0700 हे. कुल ख. न' 02 कुल रकबा 3.51 है. है। आदेक क. 06, 07, 08 चैलेन्द्र कुमार, अर्चना, भुनेश्वरी चौधरी के संयुकत नाम में ख.न. 650, 654 रकबा 1.0500 हे व 0.900 हे. कुल ख. 02 कुल रकबा 1.9500 है। आदेवदक कमांक 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08, 09, 10, 11 के संयुक्त नाम पर ख.न. 187/1, 639, 641, रकबा कमशः 1.25, 0.2700, 1.2100 हे कुल ख. 03 कुल रकबा 2.7300 हे. है। आवेदक क.09 के नाम पर ख. 652 रकबा 1.700 है. है आदेवदक कमांक 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07, 08, 09, 10, 11 के संयुक्त नाम पर ख. 652 रकबा 1.700 हे. है। उक्त भूमि के सभी खातेदार संयुक्त परिवार के सदस्य है। इस कारण से सभी खाते की भूमि को आवेदकगण के संयुक्त नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज करना चाहते है। इस संबंध में द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग 02 राजनांदगाव (छ.ग.) व्यवहार वाद कमांक 7631/1996 दिनांक 26/08/1996 के अनुसार आवेदक के अलग-अलग के नाम के खाते की भूमि को सम्मिलित किये जाने एवं मृत वारिसानों के फौती दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में, जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21/04/2025 के स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

सौ बिस्तरों वाले मातृत्व-शिशु व 40 बेड वाले नेत्र अस्पताल की मिली हैं मंजूरी

धमतरी/नवप्रदेश। विधायक ओंकार साहू जब से धमतरी विधानसभा क्षेत्र का कमान सम्हाला है तब से

उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व से धमतरी के विकास के लिए कई बड़ी प्रोजेक्ट को मंजूरी दिलायी हैं। इनमें स्वास्थ्य विभाग की 100 बिस्तरों वाला मातृत्व-शिशु अस्पताल और 40 बिस्तरों वाले नेत्र अस्पताल जैसे प्रोजेक्ट भी शामिल हैं, लेकिन जमीन की तलाश में विभागों के बीच आपसी तालमेल की कमी सामने आ रही थी जिसे ध्यान में रखकर विधायक ओंकार साहू ने स्वयं क्षेत्र का दौरा कर आमदी रोड ग्राम भानपुरी, जिला-धमतरी में अस्पताल भवन हेतु पर्याप्त भूमि की उपलब्धता की जानकारी लेकर ग्राम के सरपंच एवं समस्त ग्रामीणों से पंचायत के जमीन पर अस्पताल बनवाने हेतु राय लिया गया जिसपर सरपंच सहित समस्त ग्रामीणों के द्वारा सर्वसहमति से बैठक कर उक्त भूमि में अस्पताल भवन निर्माण हेतु विधायक को पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा सहमति पत्र सौपा गया जिस पर विधायक ओंकार साहू ने तत्काल अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी, जिला-धमतरी को उक्त भूमि का मौका निरीक्षण कर भूमि अधिग्रहण संबंधी कार्यवाही करने हेतु पत्र लिखकर निर्देशित किया है।

पुलिस अधिकारी/कर्मचारी चुने गए 'कॉप ऑफ द मंथ'

गरियाबंद /नवप्रदेश। इस पहल के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा ड्यूटी के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को 'कॉप ऑफ द मंथ' चुना जाता है। माह मार्च में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारी प्रधान आरक्षक अंगद राव, प्रधान आरक्षक मोहम्मद सुल्तान खाना, आरक्षक देवेंद्र सोनवानी स्पेशल टीम गरियाबंद व सैनिक रविशंकर सोनवानी के द्वारा थाना गरियाबंद का तीन दिन के भीतर अज्ञात महिला के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाकर मृतिका का पहचान करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में विशेष भूमिका रही। इसी क्रम में प्रधान आरक्षक गणेश राम साहू, आरक्षक गंगाधर सिन्हा के द्वारा और एण्ड टू एण्ड कार्यवाही करते हुए नशीली टैबलेट का सप्लाई करने वाले आरोपी को दिगर प्रांत बिहार से गिरफ्तार करने में विशेष भूमिका रहा।कॉप ऑफद मंथ इस पहला के माध्यम से माह में सराहनी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। जिससे अधिकारी/कर्मचारियों में उत्साह बनी रहती है। यह पहल आगे भी जारी रहेगा।

एनडीपीएस एक्ट के संबंध में पुलिस का एक दिवसीय कार्यशाला

गरियाबंद/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में थानों में एनडीपीएस एक्ट की बेहतर विवेचना हेतु जिले के लोक अभियोजक अधिकारी रामगोपाल दूबे की उपस्थिति में समस्त थानों से आये विवेचकों का एनडीपीएस एक्ट एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। लोक अभियोजक अधिकारी रामगोपाल दूबे के द्वारा समस्त विवेचकों को एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में घटना स्थल में की जाने वाली कार्यवाही जप्ती, गिरफ्तारी, गवाहों के कथन एवं प्रकरण में फोटो व वीडियोग्राफी करने के संबंध में पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विवेचकों के द्वारा विवेचना के दौरान आने वाली समस्या या चुक होने के संबंध में प्रश्न पुछे गये। जिसका तत्कालिन समाधान किया।

नवापारा में आज लगेगा स्वास्थ्य शिविर, नि:शुल्क जांच सुविधा

गंडई पंडरिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष लाल तारकेश्वर शाह खुशरो व वार्ड पार्षद दिलीप ओगरे शिरकत करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा प्रदत्त, ÷तलाश स्वयं सेवा संस्थान÷ द्वारा संचालित लक्ष्यगत् हस्तक्षेप परियोजना के अंतर्गत् गंडई नगर से लगे नवापारा में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में 19 अप्रैल, शनिवार को सुबह 10:00 से शाम 5:00 बजे तक जांच होगी इस स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं की निःशुल्क जांच होगी। शिविर में बी.पी., शुगर, एचआईवी, सिफलिस एवं महिलाओं के यौनजनित रोगों की जांच होगी। विशेषज्ञ शासकीय डॉक्टरों का सहयोग रहेगा जो, मरीजों को उपचार हेतु परामर्श देंगे।

परियोजना प्रबंधक दिनेश साहू ने बताया कि यह शिविर महिलाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। जहाँ उन्हें अपने स्वास्थ्य की जांच और उचित समय पर परामर्श मिलेगा। उन्होंने सभी महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुँचने की अपील की है ताकि, ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। यह पहल महिला स्वास्थ्य जागरूकता और सेवा के क्षेत्र में एक सराहनीय कदम है।

भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस भवन का किया घेराव

सोनिया व राहुल के खिलाफ जमकर नारेबाजी

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल हेराल्ड मामले में केन्द्रीय जांच एजेंसी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की ओर से विशेष अदालत में चार्टशीट दाखिल किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन किया जिसके बाद आज मामले में भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस भवन का घेराव कर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बचाने का आरोप लगाया। भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा व भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने लोहिया चौक में एकत्रित होकर कांग्रेस भवन की ओर रवाना हुए जहां पहले से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। कांग्रेस भवन पहुंच कर भाजपाईयों ने सोनिया व राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में केन्द्रीय जांच एजेंसी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की ओर से विशेष अदालत में चार्टशीट दाखिल किया गया है जिनकी तत्काल गिरफ्तारी की जानी चाहिए। कांग्रेस के लोग उनके बचाव में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी विधिसम्मत कार्रवाई कर रही है। इस मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी अभी जमानत पर हैं और 21 व 25 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। इस मामले को लेकर कांग्रेस एक बार फिर धरना-आंदोलन कर दबाव बनाने का प्रपंच कर रही है। नेशनल हेराल्ड मामले को गांधी परिवार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

9 मई को नवागढ़ में महाराणा प्रताप की जयंती और प्रतिमा अनावरण समारोह

नवागढ़। आगामी 9 मई को नवागढ़ में महाराणा प्रताप की जयंती और प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। इस आयोजन में प्रमुख अतिथियों के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित समारोह को लेकर सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा रायपुर प्रवास पर दोनों प्रमुख अतिथियों को आयोजन में आमंत्रित किया गया, जिसे दोनों ही अतिथियों ने सहर्ष स्वीकार किया और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की सहमति दी।

समाज के प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर बताया कि महाराणा प्रताप जी की जयंती और प्रतिमा अनावरण समारोह केवल एक ऐतिहासिक आयोजन नहीं, बल्कि यह समाज की एकता और समृद्धि का प्रतीक होगा। इस आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की जिम्मेदारी स्वजातीय बंधुओं पर डाली गई है, और समाज के सभी सम्मानित सदस्य इस कार्य में सक्रिय रूप से शामिल होंगे।

निमंत्रण देने के दौरान बजरंग सिंह गैस, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, युवराज ठाकुर, मिंटू बिसेन, अश्वनी ठाकुर, गणेश सिंह ठाकुर, सोन सिंह ठाकुर, सोम ठाकुर, पृथ्वी ठाकुर, पप्पू ठाकुर, और वीरेश ठाकुर शामिल हुए।

समाजिक एकजुटता का प्रतीक-

सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण को लेकर कलेक्टर लंगेह ने ली समीक्षा बैठक

- **अधिकारियों को दो टूक गंभीरता से करें निराकरण**
- **30 तक आवेदनों का निराकरण किया जाएगा**
- **किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शुक्रवार को सभी जिला अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार में मिले आवेदनों को गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सुशासन तिहार, समाधान शिविर, मोर दुआर साय सरकार तैयारी की भी समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे। सभी जनपद, नगरीय निकाय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

कलेक्टर विनय लंगेह के दिशा-निर्देश में जिले के सभी पांच जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में सुशासन तिहार का प्रथम चरण 08 से 11 अप्रैल 2025 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस चार दिवसीय जनभागीदारी अभियान में नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेते हुए अपनी समस्याएं एवं आवश्यकताओं को लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई। ग्राम पंचायतों से लेकर नगर पंचायत कार्यालयों तक आमजन ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन निर्धारित समाधान पेटियों में जमा किए हैं। जिनका निराकरण संबंधित विभागों द्वारा चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2025 के तहत मिले आवेदनों को साफ्टवेयर में प्रविष्टि कर संबंधित विभागों को सौंपा जा रहा है और एक माह के भीतर उनका निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सोमवार से नियमित तौर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की जाएगी। आगामी तीन दिन में सभी आवेदन पोर्टल में एंट्री सुनिश्चित करें। प्राप्त आवेदनों का अवलोकन कर उन्हें संबंधित विभागों को आगामी तीन दिन में भेज दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि 30 अप्रैल तक सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागों को मिले आवेदनों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आवेदनों के निराकरण में गंभीरता बरतें।

उपाध्यक्ष के प्रयास से वाटर एटीएम शुरू

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि वाटर एटीएम चालू हो गया है। अब बस स्टैण्ड में आने वाले मुसाफिरों, आस-पास के व्यापारियों, ठेले खोमचे वालों को शुद्ध पेयजल की किल्लत नहीं होगी। खास बात यह कि पानी के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पहले प्री पेड था अब भाजपा की सरकार में निःशुल्क लोगों को पेयजल प्राप्त होगा। गत दिनों बस स्टैंड स्थित वाटर एटीएम का निरीक्षण के दौरान उन्हें जानकारी हुई थी कि वाटर एटीएम की स्थिति खराब है, लोगों की शिकायत भी प्राप्त हुई थी। जिस पर स्थल से ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सालम को 15 दिनों के अंदर वाटर एटीएम को ठीक कराते हुए लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने निर्देश दिया गया था। सीएमओ ने इंजीनियर व उनकी टीम को बुलाकर वाटर एटीएम चालू कराया।

भाजयुमो ने फूंका पुतला

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस का प्रदर्शन बेबुनियाद: मोनू बहादुर

राजनांदगांव /नव प्रदेश। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के लगातार प्रदर्शन को बेबुनियाद बताते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा ने स्थानीय महावीर चौक में कांग्रेस का पुतला दहन किया व जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से आरोप पत्र दायर किया गया है। इस विषय मे कांग्रेस के नेता भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ लगातार दुष्प्रचार कर अपने नेताओं को बचाने के लिए कूट रचित साजिश कर रहें है जिसके खिलाफआज राजनांदगांव के महावीर चौक में युवा मोर्चा ने कांग्रेस का पुतला फूंका।

निर्धारित समय से पूर्व ही भाजयुमो कार्यकर्ताओं का एकत्रीकरण महावीर चौक में शुरू हो गया था और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंक कर अपना विरोध दर्ज किया। इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस जो प्रदर्शन कर रही है वो पूरी तरह से बेबुनियाद है। मोनू ने कहा कि इस मामले में जो मामला दर्ज हुआ था वो यूपीए सरकार के समय हुआ था मामले की शुरुआत 2012 में वरिष्ठ भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर शिकायत से शुरू हुई थी। जिसमें एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) और यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएल) के बीच संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का खुलासा किया गया। और कहा गया कि कांग्रेस नेताओं ने एजेएल की संपत्तियों को गलत तरीके से हस्तांतरित किया। अब जब प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत इस मामले की जांच शुरू की और हाल ही में 751.9 करोड़ रुपये की संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया। तो कांग्रेस गलत तरीके से अब इस मामले में देश में अराजकता फैला रही है जो कि बिलकुल गलत है।

इकरा फाउंडेशन ने बख्शी शाला के छात्रों को वितरित की नि:शुल्क पाठ्य सामग्री

खैरागढ़/नवप्रदेश। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही सेवाभावी संस्था इकरा फाउंडेशन ने पीएमश्री डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शाला में अध्ययनरत छात्रों के अध्ययन के लिये निःशुल्क प्रदान की। इस अवसर पर बख्शी शाला के प्राचार्य रोशन लाल वर्मा, इकरा फाउंडेशन के संस्थापक एवं नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, अध्यक्ष खलील कुरैशी, शमशुल होदा खान, सचिव मो. याहिया नियाज़ी, याकूब खान, रियाजुद्दीन कादरी व जुनैद खान मौजूद थे। फ़ाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी के बेटे डॉ. मुख्तार कुरैशी ने अपनी कक्षा ग्यारहवीं, बारहवीं से लेकर प्रथम प्रयास में ही नीट उत्तीर्ण करने तक की एनसीआरटी, बायजू व आकाश कंपनी की पूरी पाठ्य सामग्री और महत्वपूर्ण नोट्स फाउंडेशन को जरुरतमंद छात्रों के हित में दान कर दी थी जिसके बाद इकरा फाउंडेशन ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि उस पाठ्य सामग्री और नोट्स को किसी सरकारी स्कूल में दान किया जायेगा फिर फ़ाउंडेशन के पदाधिकारियों ने पीएम श्री बख्शी शाला में जाकर समस्त पाठ्य सामग्री एवं नीट के नोट्स को शाला के प्राचार्य रोशन लाल वर्मा को छात्रों के हित में सुपुर्द कर दिया।

इकरा फ़ाउंडेशन 2019 से शिक्षा के क्षेत्र में खैरागढ़ सहित पूरे जिले में निरंतर बेहतर काम कर रहे है और इस संस्था का एकमात्र उद्देश्य जरुरतमंद छात्रों की पढ़ाई में मदद कर उनके बेहतर भविष्य के निर्माण में सहयोग करना है ताकि कोई भी योग्य छात्र संसाधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई नहीं छोड़े।

आंगनबाड़ी केंद्र कोहाबाहरा के बीचपारा, बीचपारा टीप पारा में पोषण पखवाड़ा

नगरी/नवप्रदेश। परियोजना नगरी सेक्टर डोंगरडुला 2 आंगनबाड़ी केंद्र कौहाबाहरा के बीचपारा 1,बीचपारा 2, टीप पारा,में पोषण पखवाड़ा मनाया गया साथ में 3 वर्ष पूर्ण किये माहिर नेताम का शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुतिका नेताम,सोनिया विश्वकर्मा, तेजी नेताम,सहायिका सावित्री मंडावी,और गांव की महिला मंडली की अध्यक्ष प्रेमबती मंडावी,समूह अध्यक्ष सुकबाई नेताम,सचिव बासन बाई नेताम,राज बाई नेताम,अनसुईया नेताम,चंद्रिका नेताम,प्रमिला नेताम,नीरा बाई नेताम,बाल बाई नेताम,लुकेश्वरी भवानी नेताम,शांति बाई मंडावी,ठती बाई वट्टी, नगीना नेताम,सिया बाई नेताम,नर्मदा नेताम,कांति वट्टी, सगरो वट्टी, दसरो यादव,विजयी वट्टी, साथ में गांव के सभी महिलाएं उपस्थित रहीआंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 7 और 6 में पोषण पखवाड़ा मनाया गया -आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 7 और 6 में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। केन्द्र में पोषण के पांच सूत्र सुनहरे 1000 दिवस, पौष्टिक आहार, एनीमिया प्रबंधन एवं स्वच्छता पर चर्चा हुई। आंगनबाड़ी में गर्भवती माताओं का गोद भराई एवं 6 माह पूर्ण बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया।इस मौके पर बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापकर सामुदायिक वृद्धि चार्ट व पोषण ट्रेकर एप में एंट्री की गई।पोषण पखवाड़ा के मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुलोचना साहू, माधुरी साहू, मितानिन अमृता लाहौरिया, खिलेश्वरी साहू, त्रवेणी साहू, ललिता गौर, परमेश्वरी देव सहित बड़ी संख्या में गर्भवती एवं शिशुवती माताएं व बच्चे उपस्थित थे।

सीजीएमएससी को मिला नया नेतृत्व

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक महस्के से भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय रोहरा ने आज सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने, औषधि आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने और ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।इस अवसर पर अजय रोहरा ने दीपक महस्के को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि,दीपक महस्के जैसे अनुभवी और समर्पित व्यक्तित्व का CGMSC जैसे महत्वपूर्ण संस्थान की कमान संभालना स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। उनका प्रशासनिक अनुभव, कुशल प्रबंधन और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण निश्चित रूप से प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।

रोहरा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य क्षेत्र की रीढ़ है, जो राज्यभर में दवाइयों और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित करती है। ऐसे में इसकी कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, तीव्र और जनहितकारी बनाने की आवश्यकता है, जिसमें महस्के की भूमिका बेहद अहम होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि महस्के के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में एक मजबूत कड़ी साबित होगा।

कनीज़-ए-फातिमा ग्रुप ने किया ईद मिलन समारोह का आयोजन

नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच का भी आयोजन

ईद मिलन समारोह में स्वास्थ्य जांच का आयोजन

खैरागढ़/नवप्रदेश। महिलाओं के संगठन कनीज़-ए-फ़ातिमा ग्रुप ने मस्जिद लॉन में महिलाओं के लिये ईद मिलन समारोह एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं ने एक दूसरे को सेवईं खिलाकर व गले मिलकर ईद की खुशियां भी मनाईं। इस दौरान महिलाओं के लिये आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 100 महिलाओं ने अपनी निःशुल्क जांच करवाई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान विशेषज्ञ महिला चिकित्सक ने विभिन्न समस्याओं से ग्रसित 50 से अधिक महिलाओं का उनकी समस्या सहित अन्य समस्याओं का निदान एवं उपचार निःशुल्क किया। और महिलाओं के निःशुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर की जांच भी की। विशेषज्ञ दंत चिकित्सक डॉ. अनम फ़ातिमा ने महिलाओं एवं बच्चियों के दांत की निःशुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया दांत के देखभाल करने के जरूरी उपाय भी बताएं उन्होंने दंत रोग से संबंधित तकरीबन 22 महिलाओं की निःशुल्क जांच भी की। संगीत नगरी में पहली बार कनीज फ़ातिमा कमेटी की तरफ़ से ईद मिलन समारोह का भव्य कार्यक्रम रखा गया इसके तहत् निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और अन्य विभागों से महिलाओं को प्रेरित करने के लिये विशेषज्ञों को बुलाया गया था जिन्होंने महिलाओं को बेहद महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत करवाया। सब इंस्पेक्टर बिलकिस खान ने महिलाओं को उनके अधिकार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी महिलाओं एवं बच्चों को गुड टच-बैड टच, महिलाओं और बच्चियों को हमारे संविधान में दिये गये महत्वपूर्ण अधिकार और सुरक्षा के विषय में विस्तार से जानकारी दी। सहायक नेत्र रोग विशेषज्ञ दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव ने महिलाओं का नेत्र परीक्षण किया। आयोजन में नसीमा मेमन, नसरीन अली सैयद, तरन्नुम मेमन, सीमा जबीं, सफ़िया बानो, शहनाज बानो, तस्लीम मेमन, साबरा सरदारिया, अमरीन अली, आफ़रीन मेमन, नाजिया फ़िरदौस, मुस्कान अली, रुबीना मेमन, परवीन, सफ़ीका खान, फ़िरदौस, तहसीम फ़ातिमा, शमशाद बेगम, शिफ़ा मेमन कहकशां व जूहीना वारसी सहित मुस्लिम समाज की महिलाएं उपस्थित रही।

36 पाव शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

भाटापारा/ नवप्रदेश। ग्रामीण पुलिस ने ग्राम अर्जुनी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3960 रुपए कीमत की 36 पाव देशी मसाला शराब जप्त कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर रही है। उपरोक्त संबंध में पुलिस से प्रदत्त जानकारी अनुसार आपरेशन विश्वास÷ के तहत ग्रामीण पुलिस टीम द्वारा ग्राम अर्जुनी में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी कोमल साहू ग्राम अर्जुनी को गिरफ्तार कर उसके पास से 36 पाव देशी मसाला शराब जप्त किया गया जिसकी कीमत 3960 रुपए बताई जाती है।आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण पुलिस धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की है।

छत्तीसगढ़ सरकार की योजना से संगीता पटेल ने बढ़ाया आत्मनिर्भरता की ओर कदम

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिला के ग्राम भागुटोला की रहने वाली संगीता पटेल आज आत्मनिर्भरता और आर्थिक प्रबंधन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गई हैं। उनके जीवन में परिवर्तन का यह सफर छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना से शुरू हुआ, जिसने उन्हें न केवल आर्थिक सहायता दी, बल्कि आत्मविश्वास से भर दिया।

संगीता पटेल, एक गृहिणी और मां, अपने परिवार के लिए हमेशा कुछ बेहतर करना चाहती थीं। लेकिन सीमित आय के कारण उनके सपनों को साकार करना मुश्किल था। अब जब उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 1000 रुपये की आर्थिक सहायता मिलने लगी, तो उनके जीवन में नई उम्मीद जागी। संगीता ने इस राशि का बुद्धिमानी से उपयोग करना शुरू किया। उन्होंने अपनी बेटी के भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाया और हर महीने उसमें 500 रुपये जमा करने का निर्णय लिया। यह उनके बेटी के बेहतर शिक्षा और भविष्य के सपनों को साकार करने का पहला कदम था। बचे हुए 500 रुपये का उपयोग वह घर के अन्य खर्चों और बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में करती हैं। संगीता बताती हैं कि पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए मुझे पति या सास-ससुर से पैसे मांगने पड़ते थे, जो कभी-कभी असहजता का कारण बनता था। लेकिन अब मुझे हर महीने अपनी जरूरतों के लिए पैसा मिलता है। यह केवल आर्थिक मदद नहीं है, बल्कि मेरे लिए आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की भी बात है। इस योजना ने न केवल संगीता को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उनके भीतर बचत और प्रबंधन का गुण भी विकसित किया है। अब वे अपने बच्चों के भविष्य के बारे में और अधिक सकारात्मक सोचने लगी हैं।

संगीता ने छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना ने मेरे जैसे लाखों महिलाओं के जीवन में समृद्धि और आत्मविश्वास का संचार किया है। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि हमारे जीवन में स्थिरता और सम्मान लाने का माध्यम है। संगीता पटेल जैसी लाखों महिलाएं आज महतारी वंदन योजना का लाभ उठाकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधार रही हैं। प्रदेश में 70 लाख से अधिक महिलाओं को इस योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है।

यह योजना केवल एक आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि महिलाओं को उनके अधिकार और सम्मान देने का प्रयास है। संगीता जैसी कहानियां इस बात का प्रमाण हैं कि सही दिशा में किया गया छोटा सा प्रयास भी बड़े बदलाव ला सकता है। संगीता पटेल की कहानी उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो कठिनाइयों का सामना करते हुए आत्मनिर्भरता की राह पर चलना चाहती हैं। महतारी वंदन योजना ने न केवल उन्हें आर्थिक मजबूती दी, बल्कि यह दिखाया कि आत्मनिर्भरता और सम्मान का मार्ग सशक्तिकरण से होकर गुजरता है।

राजेंद्र गोलछा एवं अजय नाहटा ने नीलू को दी बधाई

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा एवं पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर उपस्थित होकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

न्यूज गैलरी

संजय श्रीवास्तव को दी बधाई

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव के नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष बनने एवं पदभार ग्रहण करने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा एवं पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा ने उन्हें रायपुर पहुंच कर बधाई दिया।

सामाजिक न्याय वर्ष के रूप में मनाई जायेगी संविधान की हीरक जयंती

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विश्व बौद्ध संघ छ.ग. प्रदेश शाखा के तत्वाधान में संविधान की हीरक जयंती एवं भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती को संविधान रक्षा एवं सामाजिक न्याय वर्ष के रूप में मनाई जायेगी । इस अवसर पर पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किये जायेंगे । 20 अप्रैल 2025 से 31 मई 2025 तक कार्यक्रम सभा संगोष्ठी, जन जानगरण सम्मेलन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिसमें बौद्ध अम्बेडकरवादी संगठनों को प्रतिनिधि जन प्रतिनिधिगण, बौद्ध भिक्षुगण समाजसेवी, समाज प्रमुख माननीय सांसदगण, विधायक एवं मंत्रीगण शामिल होंगे। विगत दिनों, जन जागरण अभियान के बारे में चर्चा एवं जानकारी प्रदान करते हुए विश्व बौद्ध संघ के एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रधान महासचिव गौतम कानडे बौद्ध के नेतृत्व में राजनांदगाँव जिले के जिलाधीश संजय अग्रवाल से एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं आदिम जाति विभाग के सहायक आयुक्त दीक्षा गुप्ता से मुलाकात किये जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णकुमार, प्रदेश महासचिव किशोर खोब्रागढ़े, राजकपूर निवरे, रंजीता शुभम, मनसुख आदि शामिल थे । मान. जिलाधीश महोदय को भारतीय संविधान की प्रति, डॉ अम्बेडकर की छायाचित्र सौपते हुए उन्हें एक स्मृति चिन्ह एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किये । त्रिदिवसीय आयोजन का शुभारंभ दिनांक- 20 अप्रैल 2025 को परिवार्तित करके 04 मई 2025 ग्राम पो. झिथराटोला वि.ख. छुरिया जिला - राजनांदगाँव में होगा। इस अवसर पर उन्हें आमंत्रित किया गया है । 30 मई 2025 को सम्मान समारोह एवं समापन समारोह का आयोजन किया गया है। यह जानकारी विश्व बौद्ध संघ के प्रदेश महासचिव किशोर खोब्रागढ़े ने एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा दी ।

कलेक्टर ने ली कृषि एवं संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना सहित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी और व्यापक रूप से किया जाए, ताकि अधिकतम किसानों को इनका लाभ मिल सके।

102 ग्राम पंचायतों के सरपंचों को बैठक के लिए बुलाकर थमा दी नोटिस

जनपद पंचायत नगरी के सीईओ की कार्य प्रणाली पर भड़का सरपंच संघ

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के 102 ग्राम पंचायतों के सरपंचों का आक्रोश उस समय फूट पड़ा जब ग्राम पंचायत घुटकेल के सरपंच द्वारा ग्राम हित में बैठक बुलाने पर जनपद पंचायत नगरी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) करुणा सागर ने पंचायती राज अधिनियम की धाराओं का हवाला देते हुए नोटिस थमा दिया। इस एकपक्षीय कार्रवाई को सरपंच संघ ने न केवल अन्यायपूर्ण बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के विरुद्ध बताया और जनपद कार्यालय पहुंचकर कड़ी नाराजगी जताई।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत घुटकेल के सरपंच द्वारा पंचायत लेटर पैड में गांव की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा हेतु बैठक बुलाई गई थी। इसे शासकीय दस्तावेजों के दुरुपयोग और छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 87, 89 व 40 के उल्लंघन के रूप में प्रस्तुत करते हुए सीईओ द्वारा नोटिस जारी किया गया। इस नोटिस में 7 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने की चेतावनी दी गई और अनुपालन न होने की स्थिति में निष्कासन की कार्रवाई की अनुशंसा की बात कही गई।

सरपंच संघ ने खोला मोर्चा

इस नोटिस के खिलाफसरपंच संघ अध्यक्ष उमेश देव के नेतृत्व में जनपद कार्यालय का घेराव किया गया। संघ ने सीईओ की कार्रवाई को अधिनियम की मनमानी व्याख्या और नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अपमान÷ बताया। अध्यक्ष उमेश देव ने दो टूक शब्दों में कहा कि एक प्रशासक को अधिकारों की सीमाएं समझनी चाहिए। सीईओ करुणा सागर को ना तो धारा लगाने का अधिकार है, ना ही सरपंचों को धमकाने का। यह अधिकार केवल अनुविभागीय अधिकारी (रा.) या कलेक्टर के पास सुरक्षित है। उन्होंने आगे कहा कि यदि सीईओ द्वारा यह नोटिस वापस नहीं लिया गया तो संपूर्ण सरपंच संघ जिले के कलेक्टर से लेकर राज्य सरकार तक आंदोलन करने को बाध्य होगा। उन्होंने इसे ग्राम पंचायतों की स्वायत्तता और लोकतांत्रिक प्रणाली पर हमला बताया।

सचिवों की हड़ताल से सरपंचों पर पड़ा भार

सरपंचों ने बताया कि वर्तमान में पंचायत सचिव संघ की हड़ताल के कारण पंचायत के दैनिक कार्य पूरी तरह ठप हैं। ऐसी स्थिति में अगर गांव की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए सरपंच बैठक बुलाते हैं तो इसमें शासकीय दस्तावेजों के दुरुपयोग की बात करना हास्यास्पद है। लेटर पैड का उपयोग केवल सूचना देने के लिए किया गया, न कि आदेश देने के लिए।

सरपंच संघ की एकजुटता

इस विरोध में सरपंच संघ के उपाध्यक्ष अमन ध्रुव, सचिव नरेश माझी, सलाहकार नागेश बोरझा, डोमार सिंह ध्रुव, कन्हैया लाल, राधा बाई, आरती सलाम, प्रियंका नेताम, रजना ध्रुव, रोमी ध्रुव, उषा देवी नेताम, कालिंद्री कश्यप, अनिता मरकाम, गजेन्द्र मंडावी समेत समस्त नगरी ब्लॉक के सरपंच बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सीईओ की सफाई, लेकिन सरपंच संघ

जब मीडिया द्वारा सीईओ करुणा सागर से इस विवाद पर प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कहा कि ÷यह मामला चर्चा में है, और एक-दो दिनों में समाधान निकाल लिया जाएगा।÷ लेकिन सरपंच संघ इस हल्के उत्तर से संतुष्ट नहीं दिखा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक सीईओ अपने कृत्य के लिए खेद व्यक्त नहीं करते और नोटिस वापस नहीं लेते, तब तक विरोध जारी रहेगा।

पालिका में टैक्स जमा करने ऑनलाइन पोर्टल होगी शुरू

■ पीआईसी की पहली बैठक में शहर विकास के एजेंडे पर हुई चर्चा

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका में प्रेसिडेंट इन काउंसिल (पीआईसी) की पहली बैठक आयोजित हुई। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में आयोजित इस पीआईसी की बैठक में नगर विकास के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। शहर की प्रमुख आवश्यकताओं को आगामी बजट में शामिल करने की सहमति बनी।

बैठक में नगर विकास का संकल्प सभी पीआईसी मेम्बरों ने लिया। बैठक का प्रमुख एजेंडों में नगर पालिका परिषद के लिए ऑनलाइन टैक्स जमा करने नागरिकों की सुविधा के लिए पोर्टल शुरू करने, भवन निर्माण अनुमति 15 दिन के अंतर्गत जारी करने, नहर लिंक रोड निर्माण, जल संकट निवारण के लिए सामग्री क्रय करने, अमृत मिशन 2. 0 नवीन फिल्टर प्लांट एवं इंटकवेल निर्माण कार्य करने, अटल चौक/अटल परिसर निर्माण की स्वीकृति, विभिन्न उद्यानों का सौंदर्यीकरण, नगर पालिका नवीन भवन निर्माण के लिए पूराना एसडीएम बंगला की भूमि स्वीकृति प्रदान करने, अध्यक्ष, पार्षद निधि से मरम्मत के लिए वार्षिक टेंडर सहित अनेक निर्णय लिए गए। बैठक में प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सभापति सूरज नायक, जयकुमार देवांगन, गुलशन कुमार साहू, जितेंद्र ध्रुव, ईश्वरी भोई, ज्योति रिंकू चंद्राकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित समस्त विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हर घर जल योजना से बदली गांव की तस्वीर

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के पिथौरा विकासखण्ड का ग्राम गबोद, जो हरियाली और स्वच्छता के लिए "ग्रीन गाँव" के नाम से प्रसिद्ध है, अब एक और बड़ी उपलब्धि के साथ नई पहचान बना रहा है। यह गांव अब "हर घर जल ग्राम" घोषित हो चुका है। 14 जनवरी 2025 को गबोद गांव को यह उपाधि तब मिली जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत यहां हर घर में शुद्ध पेयजल की उपलब्ध कराई गई। यहां गांववासियों का अनुशासन और देशभक्ति भी तारीफे काबिल है। हर सुबह 7.30 बजे गांव का हर नागरिक अपने घर के बाहर आकर राष्ट्रगान में भाग लेते हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 89.39 लाख रुपये की लागत से गांव में 40 किलोलीटर की उच्चस्तरीय जलागार और 760 मीटर पाइपलाइन के साथ 138 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए।

इस योजना के तहत अब गांव के हर घर तक शुद्ध जल पहुंच रहा है। इससे पहले महिलाओं और बच्चों को गांव के 5 हैंडपंप और कुछ कुओं से पानी लाना पड़ता था। बरसात के समय पानी लाने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था, और कभी-कभी विवाद भी हो जाते थे। अब यह समस्या पूरी तरह समाप्त हो चुकी है।

महिलाओं को स्वच्छ जल मिलने से स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और समय की बचत होने से वे अब आर्थिक गतिविधियों में भाग ले रही हैं।

बच्चों को पढ़ाई का समय मिलने लगा है और गर्भवती महिलाओं को भी विशेष लाभ मिला है, जिससे गर्भपात जैसी समस्याएं कम हुई हैं। गांव के लोग अब जल संरक्षण और पौधारोपण जैसे कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। ग्रीन गाँव का यह उदाहरण अन्य गांवों के लिए प्रेरणा बन रहा है।

गांव की महिला पूजा सिंह ठाकुर ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, "अब पानी की वह समस्या नहीं रही जो पहले होती थी। हम सब सरकार के आभारी हैं।" गबोद ग्राम के समस्त नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद दिया है।

गोंडवाना समाज का तहसील स्तरीय वार्षिक सम्मेलन 19×20 अप्रैल को भड़सिवना में

नगरी/नवप्रदेश। आदिवासी गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी का तहसील स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन दिनांक 19 अप्रैल शनिवार एवं 20अप्रैल रविवार को उपक्षेत्र टांगापानी के ग्राम भड़सिवना में किया जा रहा है ।इस सम्मेलन में समाज के सामाजिक प्रकरण,नीति,संगठन,शिक्षा,संस्कार,साहित्य, संस्कृति, स्वरोजगार,धर्मांतरण, सहित कई मसलों पर विचार विमर्श होगा।

स्कॉउट गाइड संघ ने खोला प्याऊ सेवा केंद्र

महासमुंद/नवप्रदेश। स्काउट गाइड स्थानीय संघ द्वारा प्याऊ सेवा केंद्र का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, जिलाध्यक्ष स्काउट गाइड संघ येतराम साहू, राज्य मुख्यालय आयुक्त राहुल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष आनंद राम साहू, अनीश बग्गा, महेंद्र सिक्का के आतिथ्य में स्थानीय संघ महासमुंद के ब्लॉक अध्यक्ष कौशलेन्द्र वैष्णव, उपाध्यक्ष गण देवीचंद राठी, मनीष शर्मा, सीता डोंडेकर, नितेश श्रीवास्तव ने शास्त्री चौक कलेक्टोरेट रोड महासमुंद के पास प्याऊ सेवा केंद्र का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष येतराम साहू व नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि यह व्यस्तम मार्ग है। इस भीषण गर्मी में राहगीरों को पीने योग्य जल उपलब्ध होगा। यहां हमारे स्काउट्स गाइड्स, रोवर्स रेंजर्स प्याऊ सेवा केंद्र में सेवा देंगें यह सराहनीय है। आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष कौशलेन्द्र वैष्णव ने व कार्यक्रम का संचालन हिरेन्द्र साहू ने किया। इस अवसर पर एबीओ हीना ढालेन, पूर्व डीटीसी मधु तिवारी, भूमिका लूनिया, तुलेंद्र सागर स्काउटर, अजेय तांडी स्काउटर, चंद्रप्रकाश, राजा चंद्राकर आशीबाई गोलछा शाउमा विद्यालय के गाइड्स उपस्थित रहे। यह जानकारी लता वैष्णव ने दी।

संस्कृत-भाषा बोधन शिविर में जिला कार्यकारिणी गठित

कवर्धा /नवप्रदेश। कवर्धा में पहली बार जिला स्तरीय संस्कृत भारती के द्वारा 11 से 14 अप्रैल तक संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानी दुर्गावती चौक कवर्धा में आवासीय प्रशिक्षण रखा गया। जिसमें चार प्रबंधक उन्तीस प्रशिक्षार्थियों, पांच प्रशिक्षित शिक्षकों के साथ कुल अड़तीस लोगों ने हिस्सा लिया । दिनचर्या का समय प्रतिदिन प्रात 4:30 जागरण से एकात्मस्त्रोत पाठ, योग, ध्यान, प्राणायाम, चिंतन, स्वल्पाहार ,भाषा ज्ञान, विभिन्न रोचक गतिविधियों द्वारा संस्कृत भाषा शिक्षण, भोजन पश्चात रात्रि 10बजे विश्राम के साथ एक दिन का दिनचर्या पूर्ण होता था। प्रशिक्षार्थियों के लिए मोबाईल का उपयोग पूर्णतया प्रतिबंधित था । उक्त शिविर में हेमंत

साहू,संस्कृत भारती, प्रांत संगठन मंत्री के द्वारा जिला कार्यकारिणी गठन किया गया जिसमें जयंत बैस-नगर मंत्री, गायत्री तिवारी-नगर शिक्षण प्रमुख, पूर्णिमा वास्तव-नगर कुटुंब प्रबोधन, मनीषा पुरोहित-नगर बस्ती प्रमुख, अभिलाषा ठाकुर-जिला बाल केंद्र प्रमुख , नान्हुराम चंद्रवंशी-पंडरिया खंड संयोजक, हिमांशु साहू-गधहाभाटा ग्राम प्रमुख, कौशलेंद्र चंद्रवंशी-पालीगुड़ा, ग्राम प्रमुख, निर्मल धुर्वे-नवागढ़ खंड संयोजक, दीपांशु जायसवाल-टोली प्रमुख, शंकर नगर कवर्धा को, संस्कृत भारती कबीरधाम के विभिन्न दायित्व सौंपे गए । 14 अप्रैल समापन अवसर पर नगर में सुबह शोभायात्रा निकाली गयी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पुर्णेन्द्र सिन्हा जी, धर्म जागरण प्रांत संयोजक, मुख्य वक्ता - हेमंत साहू जी, प्रांत संगठन मंत्री संस्कृत भारती एवं विशिष्ट आतिथ्य विशेषर पटेल जी, अध्यक्ष गौ सेवा आयोग द्वारा किया गया। कार्यक्रम अवसर पर गेयगीतम, संस्कृत वार्तालापः नाटक, श्लोक पठन, संस्कृत चित्र पत्रं एवं आभार प्रदर्शन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षक नरेंद्र साहू जी, महंगी पैकरा, डालेश्वरी साहू रही।

जागरूकता ... डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र में सिमरन भोई और नर्गिस देवांगन का हुआ अन्नप्राशन संस्कार

आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुपोषण चौपाल आयोजित, नन्हीं बालिकाओं को कराया अन्नप्राशन

महासमुंद/नवप्रदेश। सुपोषण पखवाड़ा अंतर्गत महासमुंद शहरी परियोजना अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से बच्चों में कुपोषण की रोकथाम और पोषण के प्रति जागरूकता फैलाना है। पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित होगा।

इसी क्रम में महासमुंद शहरी परियोजना अंतर्गत गुरु नानक वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित सुपोषण चौपाल में नन्ही बालिका अमायरा का

अन्नप्राशन संस्कार विधिवत रूप से संपन्न कराया गया। वहीं, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र में बालिका सिमरन भोई और नर्गिस देवांगन का भी अन्नप्राशन संस्कार किया गया। इस दौरान पोषक आहार से संबंधित खाद्य पदार्थों को टेबल पर सजाया गया था तथा इन पौष्टिक पदार्थों के महत्व को भी बताया गया।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद धनेन्द्र चंद्राकर, समाजसेवी निरंजना चंद्राकर, महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक शीला प्रधान एवं कुंती यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, और क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित रहीं। आयोजन के दौरान गर्भवती महिलाओ और शिशुवती महिलाओं को पोषण, स्वच्छता और शिशु देखभाल के विषय में जानकारी भी दी गई, जिससे वे अपने बच्चों के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

पर्यवेक्षक शीला प्रधान ने बताया कि गर्भावस्था और प्रसव के बाद महिलाओं को ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है, क्योंकि इस समय शरीर को उचित मात्रा में पोषक तत्व की आवश्यकता होती है। पोषक आहार ना खाने से माता और शिशु कुपोषण का शिकार हो सकते हैं। कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए सुपोषण चौपाल अभियान एक सार्थक पहल है।

प्रमोद कुजाम ने दिव्यांग भुवनेश्वर को दिया ट्राई साइकिल

नगरी/नवप्रदेश। जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम ने दिव्यांग ग्राम पंचायत- आमदी निवासी भुनेश्वर सलाम जो कि पैर से विकलांग है उसे ट्राई साइकिल का वितरण किया गया वही भुनेश्वर सलाम ट्राई साइकिल पाकर उनके चेहरे मुस्कान और खुश दिखाई दी उन्होंने कहा मेरे को कापी परेशानी का सामना करना पड़ा था।

नेपाल में चमके छत्तीसगढ़ के सितारे

कलेक्टर वर्मा ने भारत का नाम रोशन करने वाले चार युवाओं को आमंत्रित कर सम्मानित किया और उनके अनुभव और तैयारियो से परिश्रम से रूबरू हुए

कबीरधाम के चार होनहार युवाओं ने लहराया भारत का परचम

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के चार होनहार खिलाड़ियों ने नेपाल के पोखरा शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग एवं वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत का परचम लहराया है। अंतरराष्ट्रीय संयुक्त भारतीय खेल संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, पाकिस्तान, भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और म्यांमार समेत सात देशों के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

भारत की ओर से छत्तीसगढ़ के कवर्धा से सूरज राजपूत, दीपाली सोनी, अभिषेक तिवारी और अनुराग जांगड़े ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेकर स्वर्ण पदक हासिल किए। इनकी सफलता पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी खिलाड़ियों को अपने कार्यालय में आमंत्रित कर मिठाई खिलाई, पुष्पगुच्छ भेंट किया और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

बॉडीबिल्डिंग स्पर्धा में कबीरधाम के सूरज राजपूत ने सात देशों के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए इंटरनेशनल मिस्टर ओवरऑल का खिताब अपने नाम किया। सूरज पूर्व में मिस्टर छत्तीसगढ़, सीनियर नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप और पावरलिफ्टिंग में भी पदक जीत चुके हैं। वर्तमान में वे कवर्धा के ÷भारत हेल्थ क्लब÷ में कोच की भूमिका निभा रहे हैं और लगभग 50 युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। दीपाली सोनी, जो कि जिले की पहली महिला स्वर्ण विजेता वेटलिफ्टर बनीं, ने 76 किलोग्राम वर्ग में जीत दर्ज की। वे इससे पहले राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं। पुरुषों की 67 किलोग्राम श्रेणी में सब-जूनियर वर्ग के अभिषेक तिवारी ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जो पहले स्कूल नेशनल गेम्स में भी पदक जीत चुके हैं। वहीं 14 वर्षीय अनुराग जांगड़े, जिन्होंने 109 किलोग्राम वर्ग में सब-जूनियर वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया, पहले भी जिला और स्कूल स्तरीय कई प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे हैं।

गौर करने वाली बात यह है कि इन चारों खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करने का श्रेय भी सूरज राजपूत को जाता है, जो वर्षों से समर्पण भाव से निःशुल्क प्रशिक्षण देकर जिले के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तैयार कर रहे हैं।

सूरज राजपूत - इंटरनेशनल मिस्टर ओवरऑल

बॉडीबिल्डिंग की दुनिया में सूरज राजपूत का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। नेपाल की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उन्होंने सात देशों के धुरंधरों को पछाड़ते हुए इंटरनेशनल मिस्टर ओवरऑल का खिताब अपने नाम किया।
सूरज राजपूत कहा कि यह जीत सिर्फमेरी नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ की है। हमारे जैसे छोटे शहर से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचना आसान नहीं होता, लेकिन अगर मन में जुनून हो और मार्गदर्शन सही हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। मैं इस सफलता को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिला प्रशासन और अपने शिष्यों को समर्पित करता हूं। सूरज 'भारत हेल्थ क्लब' में बतौर कोच लगभग 50 खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। वे मिस्टर छत्तीसगढ़, सीनियर नेशनल और पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में भी मेडल जीत चुके हैं।

सूरज राजपूत ने अपनी सफलता और टीम की उपलब्धियों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र छेवाई, डीएफओ शशि कुमार सिंह और जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के हर युवा की प्रेरणा बनेगी। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में दुबई में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसकी तैयारी भी वे कवर्धा से ही पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। नेपाल की धरती पर खिलाड़ियों द्वारा किया गया यह प्रदर्शन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है।

दीपाली सोनी-कबीरधाम की पहली स्वर्ण विजेता वेटलिफ्टर

76 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली कबीरधाम जिले की दीपाली सोनी कबीरधाम की पहली महिला वेटलिफ्टर बनी हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर इतिहास रच दिया। दीपाली सोनी ने अपना अनुभव साझा करती हुए कहती है कि नेपाल की यात्रा मेरे लिए बेहद प्रेरणादायक रही। पहली बार विदेश जाकर खेलना और तिरंगा लहराना एक सपना था जो पूरा हुआ। मुझे खुशी है कि अब जिले की अन्य बेटियां भी वेटलिफ्टिंग जैसे खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा लेंगी। दीपाली पहले भी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं।

अभिषेक तिवारी-सब-जूनियर वर्ग में गोल्डन परफॉर्मेंस

67 किलोग्राम वर्ग के सब-जूनियर वेटलिफ्टिंग कैटेगरी में अभिषेक तिवारी ने गोल्ड मेडल जीतकर अपनी कड़ी मेहनत का शानदार उदाहरण पेश किया। अभिषेक तिवारी कहते हैं कि जब मेरे गले में मेडल आया, तो मुझे अपने माता-पिता, गुरुजी और पूरे जिले की मेहनत याद आई। नेपाल में रहना, वहां के खिलाड़ी और माहौल सभी कुछ नया था, लेकिन हमने भारत का झंडा ऊंचा रखने का संकल्प लिया था।

अनुराग जांगड़े -14 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण विजेता

सिर्फ14 वर्ष की उम्र में 109 किलोग्राम वर्ग में सब-जूनियर वेटलिफ्टिंग में गोल्ड जीतने वाले अनुराग जांगड़े ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अनुराग जांगड़े ने अपनी कैरियर की पहली विदेश यात्रा में मिले उपलब्धियों की खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि इतनी छोटी उम्र में देश के लिए मेडल जीत पाया। यह सब मेरे कोच सूरज सर की वजह से संभव हुआ, जिन्होंने हमें दिन-रात निःस्वार्थ भाव से मुझे तैयार किया।卐 विदेश में राष्ट्रीय ध्वज लहराने की खुशी में शब्दों में बयां नही कर सकता।

कोच सूरज राजपूत-जुनून, सेवा और समर्पण का नाम

इन चारों खिलाड़ियों के पीछे जो नाम लगातार उभरता है, वो है सूरज राजपूत। खुद एक ख्यातिप्राप्त बॉडीबिल्डर होने के साथ-साथ उन्होंने युवाओं को बिना किसी शुल्क के प्रशिक्षण देकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया।कोच सूरज का कहना है कि हमारा अगला लक्ष्य दुबई में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। हम कवर्धा जैसे छोटे शहर से निकलकर विश्व मंच पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने के लिए पूरी तैयारी में जुटे हैं।

युवाओं ने बांटे मिट्टी का बसेरा, पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने की अपील

महासमुंद/नवप्रदेश। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी में फार्मासिस्ट व दो कदम प्रकृति की ओर समिति (संगठन) के संस्थापक संजय साहू (आमाकोनी) ने कहा है कि अभी गर्मी के दिनों में इंसान के

साथ साथ पशु-पक्षी को भी बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसीलिए पक्षियों के संरक्षण के उद्देश्य से 'दो कदम प्रकृति की ओर समिति' द्वारा रमन-टोला हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महासमुंद में मिट्टी का बसेरा विगत दिनों वितरण किया गया। बसेरा में गौरैया और अन्य छोटी पक्षी आसानी से अपना घोसला बना लेते हैं। उन्होंने अपने घरों में पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने के लिए आग्रह किया। टीम द्वारा अब तक गांवों में हर घर बसेरा लगाकर 'हर ग्राम गौरैया ग्राम अभियान' चला कर अब तक 07 गांवों को गौरैया-ग्राम बनाया जा चुका है। उसी कड़ी में 'हर घर बसेरा, घर-घर बसेरा' अभियान के माध्यम से शहरों में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जब कोई चिड़िया आपके द्वारा लगाए बसेरा को अपना लेती है और इसका परिवार बढ़ता है, तो आपके घर में भी सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होने लगता है।

संगीत विश्वविद्यालय कुलपति लवली शर्मा ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात

खैरागढ़/नवप्रदेश। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की नवपदस्थ कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव

से सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संगीत विश्वविद्यालय के बेहतर संचालन , विश्वविद्यालय के गौरव को अधिक बढ़ाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा के दौरान डा शर्मा ने विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते उपमुख्यमंत्री साव संगीत विवि को नेक ग्रेड सी से ए ग्रेड में लाने को लेकर व्यापक चर्चा की और सरकार की ओर से समय समय पर मिलने वाले सहयोग को बढ़ाने की अपेक्षा की। पदस्थापना के बाद कुलपति शर्मा ने संगीत विवि मे किए जाने वाले कार्यवाही, विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी भी साव को दी ।

नवांगांव कला में युवक ने लगाई फांसी

खैरागढ़ /नवप्रदेश। ब्लाक के मूतेड़ा पंचायत के आश्रित ग्राम नवांगांव कला निवासी दिलहरण वर्मा ने गांव के बाहर नदी किनारे रिया पेड़ मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । 38 वर्षीय दिलहरण वर्मा का शव सुबह नदी की ओर जाते ग्रामीणो ने देखा तो इसकी जानकारी गांव वालो को दी । मौके पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा । मृतक दिलहरण वर्मा राजमिस्त्री के साथ खेतीकिसानी का कार्य करता था । बीती रात वह गांव के किसी शादी समारोह मे भी शामिल हूआ था । उसके बाद उसने फांसी क्यों लगाई पुलिस इसकी जांच मे जूटी है । बताया गया कि युवक की पत्नी भी इस दौरान दूसरे गांव गई थी घर मे मृतक के दो बच्चे ही थे । फांसी लगाने के कारणो का पता नही चल पाया है । पुलिस मामले की जांच मे जूटी है ।

फंदे से लटके मिला ग्रामीण का शव

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। इलाके में एक ग्रामीण का शव पेड़ पर फंदे से लटके मिला है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार नवापारा क्षेत्र के ग्राम उमरपोटी के खार में एक ग्रामीण का शव फांसी के फंदे पर लटके हुए मिला। लोगों ने शव देख इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 में तैनात खिलेंद्र पाटिल टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए नवापारा सीएचसी भिजवा दिया।आरक्षक खिलेंद्र पाटिल ने बताया कि मृतक की पहचान कुंभ यादव पिता झगरु (55 वर्ष) के रूप में की गई है। मृतक ग्राम मंदलोर का रहने वाला था। प्रथम दृश्ट्या मामला आत्महत्या का लग रहा है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। परिजनों का बयान लिया जा रहा है। जांच के बाद आत्महत्या की वजह सामने आएगी।

आरक्षक से मारपीट कर फरार आरोपी दूर्ग से गिरफ्तार

महिला सहित दो आरोपियों को भेजा गया जेल

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के सांई मंदिर के पास 18 मार्च को आरक्षक मुकेश ध्रुव के साथ मोटर साइकल सवार अज्ञात आरोपियों द्वारा अशील गालीगलौच एवं मारपीट की घटना के बाद फरार आरोपियो को मशक्कत के बाद पुलिस ने दूर्ग से गिरफ्तार किया है । आरक्षक ने उक्त मामले की शिकायत थाने मे दर्ज कराई थी । दो मोटर सायकल में सवार व्यक्तियो एवं एक स्कूटी सवार महिला द्वारा प्रार्थी से अश्लील गाली गलौच एवं मारपीट कर वीडियो बनाये जाने कि सूचना पर थाना खैरागढ़ में धारा 296, 126(2), 121 (1), 3(5) बी0एन0एस0 एक्ट पंजीबद्ध किया गया था घटना के बाद से उक्त आरोपी फरार चल रहे थे। जिनकी पुलिस को तलाश थी। 16 अप्रेल को सूचना के बाद फरार आरोपियों के पदनाभपुर दुर्ग में छिपे होने की जानकारी सामने आने के बाद टीम दूर्ग भेजा गया था । जहां आरोपियो को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार आरोपियो में शुभम मिश्रा 29 साल आरती उर्फदीपिका मिश्रा 27 साल दोनो निवासी आनंद विहार फेस -01 बोरसी पदमनाभपुर दुर्ग तथा विशाल राजपूत 24 साल गायत्री मंदीर वार्ड नं 07 डिपरापारा छुईखदान को गिरफ्तार कर, न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायालय के आदेशानुसार आरोपियो को ज्यूडिसियल रिमांड पर जेल भेजा गया ।

पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। बुंदेली चौकी के भरूवामुड़ा में पुराने रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि जीतराम साहू 15 अप्रैल को गांव के ही संतोष साहू के घर से बाइक से घर वापस आ रहा था। इसी दौरान अर्जुन साहू के घर के पहले अमरदास साहू करीब 7.30 बजे पुराने विवादों के कारण मन में रंजिश लिए गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। जिस पर पुलिस अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

खेत में लगे सोलर पैनल व कंट्रोलर की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम नरतोरी में एक किसान के खेत से सोलर पैनल और कंट्रोलर चोरी हो गई। मामला बागबाहरा थाना क्षेत्र का है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम नरतोरी निवासी जगौती बाई चंद्राकर ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसने ग्राम नरतोरी के खेत में सौर सुजला योजना अंतर्गत फेस 5 में सोलर पंप लगाया था। 9 अप्रैल की सुबह 6 बजे के बीच अज्ञात चोर ने चोरी कर ले गया है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में जुटी है।

अगले साल शासकीयकरण का आश्वासन

सचिवों की हड़ताल खत्म

- **सचिवों का अनिश्चितकालीन हड़ताल 17 मार्च से चल रही थी, सोमवार से लौटेंगे काम पर**

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम व पंचायत मंत्री विजय शर्मा से प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र सिंह पैंकरा के मुलाकात के बाद सचिवों ने एक सूत्रीय शासकीयकरण की मांग पर मिले आश्वासन के बाद हड़ताल स्थगित कर दी है। अब सोमवार से सचिव अपने काम पर लौट जाएंगे।

बता दें कि शासकीयकरण की मांग को लेकर जिले के साथ-साथ प्रदेशभर में पंचायत सचिव बीते 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। इसके चलते पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं से लेकर तमाम विकास के काम ठप्प पड़ गया था। हड़ताल के दौरान जिला मुख्यालय में पटवारी कार्यालय के साथ ही सभी ब्लाकों में सचिव धरने पर बैठे थे। शासन-प्रशासन की ओर से गत 10 अप्रैल को पंचायत सचिवों को 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने जारी नोटिस साफ तौर पर कहा गया था कि ऐसा न करने पर सचिवों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए मैदानी स्तर पर कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों को अस्थाई तौर पर सचिव का प्रभार सौंपा जाएगा। सरपंच व नए अस्थायी सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से पंचायत निधि से राशि आहरण से पंचायत का काम किया जाएगा लेकिन प्रशासन के इस नोटिस का कोई असर हड़ताली सचिवों पर नहीं पड़ा और उन्होंने अपना आंदोलन जारी रखा।

प्रदेश पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष द्वारिका निषाद ने बताया कि 17 अप्रैल को संघ के प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र सिंह पैंकरा की मुलाकात प्रदेश के डिप्टी सीएम व पंचायत मंत्री विजय शर्मा से हुई है जिसमें पंचायत मंत्री ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित कमेटी द्वारा जनवरी 2026 तक अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दिया जाएगा। पश्चात शासकीयकरण किया जाएगा, शासकीयकरण से पहले जारी आदेश में निर्देशित चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति के लिए अलग से मार्गदर्शिका जारी की जाएगी, वर्तमान में 15 वर्ष सेवा पूर्ण करने पर हो रहे वेतन सत्यापन विसंगति का सुधार किया जाएगा, आंदोलन अवधि के वेतन की स्वीकृति तत्काल प्रदान करने का आश्वासन दिया गया है। जिसके बाद प्रदेश स्तर पर 31 दिनों से चली आ रही अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त कर दी गई है अब सोमवार से सभी सचिव काम पर लौट जाएंगे।

अवैध कब्जा पर प्रशासन की कार्रवाई

न्यायालय के आदेश के बाद कराया कब्जा मुक्त

राजिम/नवप्रदेश। राजिम में निजी जमीन पर अवैध कब्जा किए अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। तहसीलदार के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम जेसीबी लेकर पहुंची और ठेले को तोड़कर कब्जा मुक्त किया गया। इस दौरान अतिक्रमणकारियों और प्रशासन की टीम के बीच काफी बहसबाजी भी हुई।

जानकारी के अनुसार राजिम के पितईबंध मार्ग पर स्थिति भूमि खसरा नं. 534 रकबा 0.40 हेक्ट. में से 0.08 हेक्ट. पर दीवान पिता घासीराम द्वारा अवैध कब्जा कर रखा था। जिसे आवेदक खुमान यादव निवासी पितईबंद द्वारा कब्जा मुक्त करने न्यायालय में अपील की थी। लंबे समय तक चले इस प्रकरण में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद न्यायालय आयुक्त रायपुर संभाग द्वारा 12 फरवरी 2025 को आदेशित कर उक्त जमीन को कब्जा मुक्त करने राजिम तहसीलदार को निर्देशित किया।

राजिम तहसीलदार ने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद अनावेदक दीवान पिता घासीराम को सूचित कर कब्जा हटाने कहा गया। बावजूद अनावेदक द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया। जिसके बाद 17 अप्रैल गुरुवार को प्रशासन की टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची और अवैध कब्जा को हटाकर आवेदक खुमान यादव को कब्जा दिलाया गया।

बताया गया कि प्रशासन की कार्रवाई के दौरान दोनों पक्ष के बीच काफी विवाद भी हुआ। अनावेदक पक्ष से कई महिलाओं द्वारा काफी विवाद किया। जिसके बाद प्रशासन ने पुलिस टीम को बुलाया गया और अनावेदक पक्ष को समझाइश देकर शांत कराया गया। तहसीलदार ने बताया कि अनावेदक पक्ष के पास भूमि संबंधित कोई दस्तावेज नहीं है। यदि उनके पास दस्तावेज है, तो वे प्रस्तुत कर स्टे ऑर्डर ले सकते हैं। फिलहाल उक्त जमीन को कब्जा मुक्त कर आवेदक खुमान यादव को कब्जा दिलाया गया है।

जनसरोकार की समस्याओं का त्वरित समाधान, आवेदक को मिला आयुष्मान कार्ड

महासमुंद/नवप्रदेश। सुशासन तिहार अभियान के अंतर्गत महासमुंद जिले में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। ग्राम पंचायत जंघोरा, विकासखंड पिथौरा निवासी मनोहर सिंह पटेल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया था। पूर्व में किसी तकनीकी कारणवश उनका कार्ड नहीं बन पाया था, जिससे वे योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के तहत मिले उनके आवेदन को गंभीरता से लिया और मात्र 24 घंटे के भीतर समाधान कर दिया गया। कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा द्वारा 15 अप्रैल 2025 को सूचना दी गई कि उनका आयुष्मान कार्ड बनकर तैयार हो गया है और अगले ही दिन, 16 अप्रैल को उन्हें कार्ड प्रदान कर दिया गया।

जिले में प्रमाणित बीजों और खाद का भंडारण, अग्रिम उठाव करने कहा

खैरागढ़ /नवप्रदेश। फसल बुवाई के लिए भूमि तैयारी , मेड़ो की सफाई के साथ साथ आदान सामाग्री, बीज ,खाद एवं उर्वरक की व्यवस्था बनाने मे जिला प्रशासन जूटा हूआ है । मानसून पूर्व बेहतर पैदावार और बेहतर फसल की तैयारियों के बीच खरीफ फसल की तैयारी को देखते हूए किसानो को सुविधा प्रदान करने के लिए खैरागढ़ जिले में इस वर्ष विभिन्न फसलों के कुल 6130 क्विंटल बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । कृषको के अग्रिम उठाव के लिए अभी तक जिले के सभी सहकारी समितियों 840 क्विंटल धान बीज का भंडारण किया जा चुका है । भंडारण कार्य निरंतर जारी है । कृषि विभाग के उपसंचालक राजकुमार सोलंकी ने बताया कि जिले के कृषक समितियों से भंडारित प्रमाणित बीज का आवश्यकता नुसार अग्रिम उठाव कर सकते है ।

शहर में पेयजल संकट, जल संयंत्र की शुरूआती टेस्टिंग ही फेल

- **जल आवर्धन योजना को सप्लाई देने बनाए गए एनीकट का पानी दो दिन की सप्लाई मे ही खत्म**

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने 32 करोड़ रू से अधिक की लागत से बनाए गए जलआवर्धन योजना शुरूआती टेस्टिंग मे ही हांफने लगी है । शहर मे गिरते जलस्तर के कारण वार्डो मे बनाई गई पानी टंकियां पर्याप्त रूप से नही भर पा रही है । इससे निपटने जल आवर्धन योजना के तहत बनाए गए जलसंयंत्र से शहर की आठ पानी टंकियों को भरने की कवायद की गई । लेकिन जलसंयंत्र को पानी पहुँचाने लालपूर एनीकट से पानी सप्लाई के चलते दो दिन मे ही एनीकट खाली हो गया । अब इसे भरने फिर से रानी रश्मिदेवी जलाशय से पानी छोडने कहा गया है । इसके चलते जल आवर्धन योजना शुरू होने के बाद शहर मे पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से चल पाएगी इसको लेकर संदेह बढ़ गया है । योजना के तहत शहर के सिविललाइन, पिपरिया, गंजीपारा, दाउचौरा, अमलीडीह, अमलीपारा, किलापारा, धनेली मे नए बनाए गए और पहले से बने पानी टंकियों को संयंत्र से जोड़ा गया है । फिलहाल शहर मे जलस्तर घटने के कारण ये टंकिया समय पर नही भर पा रही है । जिससे शहर मे आधे घंटे तक ही लेदेकर पेयजल आपूर्ति हो रही है । पालिका ने जलआवर्धन योजना के तहत जलसंयंत्र को शुरूआती रूप मे चालू कर शहर की पानी टंकियों को भरने की कवायद शुरू की । लेकिन जिस लालपूर एनीकट से संयंत्र को पानी मिलना है । वहाँ दो दिन के लायक ही पानी उपलब्ध था । जिससे दो दिन ही शहर की पानी टंकिंया भरी गई । इसके बाद पिछले चार दिन से एनीकट मे पानी नही होने से संयंत्र भी बंद कर दिया गया है ।

चार दिन पहले मांगा पानी आज पहुँचेगा

जलआवर्धन योजना के तहत शहर मे शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने संयंत्र को पानी सप्लाई के लिए लालपूर स्थित एनीकट की ऊंचाई बढ़ाकर वहाँ से रोजाना सप्लाई की तैयारी की गई है । पालिका प्रशासन ने जलसंकट से निपटने संयंत्र को शुरू कराया । एनीकट से पानी सप्लाई कराई इससे शहर की टंकिंयो को भरा गया । लेकिन एनीकट से संयंत्र तक पानी सप्लाई के चलते दो दिन मे ही एनीकट खाली हो गया । अब एनीकट को फिर से भरने रानी रश्मिदेवी जलाशय से पानी मांगा गया है। चार दिन पहले इसके लिए कवायद की गई शनिवार तक पानी पहुंचने की उम्मीद है ।

रोज भरना पड़ेगा एनीकट

रश्मिदेवी जलाशय से पानी लाकर लालपुर एनीकट को जलसंयंत्र के लिए पानी देने लगभग रोज भरने की स्थिति बनेगी । एनीकट में लगभग दो दिन के लायक ही पानी की व्यवस्था है । ऐसे मे जल आवर्धन योजना शुरू होने से शहर मे पर्याप्त पानी सप्लाई के लिए एनीकट को रोज भरना होगा । इसके लिए जलाशय से हर एक दिन बाद पानी सप्लाई करानी होगी । नहर से पानी आने के चलते व्यवस्था मे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा । एक दिन मे जितना पानी एनीकट मे पहुंचेगा वह लगभग दो दिन ही चल पाएगा । इससे योजना के तहत शहरवासियों को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति हो पाएगी इसमे संदेह बढ़ गया है ।

पहले पाइपलाइन से आना था, प्लान बदला अब नहर से आ रहा

7 साल पहले जलआवर्धन योजना की कार्यवाही शुरू होने के दौरान जलसंयंत्र को पर्याप्त पानी सप्लाई करने रश्मिदेवी जलाशय से लालपूर एनीकट तक पाइपलाइन के जरिए पानी सप्लाई की प्लानिंग की गई थी । इसका काम तो शुरू नही हूआ । लेकिन शहर मे पाइपलाइन बिछाने, पानी टंकी बनाने कार्य शुरू कर दिया गया । बाद मे पाइपलाइन से जलाशय से पानी लाने की प्लानिंग को बदलकर पूराने नहर से ही जलाशय से शहर तक पानी पहुँचाने की योजना बनाकर लालपूर एनीकट की ऊंचाई बढ़ाने की नई योजना बना दी गई । जलाशय से एनीकट तक पानी पहुँचने 12 से 16 घंटे का समय लगता है । ऐसे मे पहले टेस्टिंग मे ही एनीकट मे दो दिन के सप्लाई से पानी खत्म होने की स्थिति मे योजना का क्रियान्वयन कैसे होगा इसमे संशय की स्थिति है । खासकर गर्मी के दिनो मे व्यवस्था बनाने मे पालिका और जलसंसाधन विभाग को मुश्किलो का सामना करना पड़ेगा । पर्याप्त पानी के अभाव मे योजना सफलता से चल पाएगी इसमे भी संदेह है ।

महज 24 घंटे के भीतर मनोहर सिंह पटेल में मिला आयुष्मान कार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अभिनव पहल सुशासन तिहार जनकल्याण और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। इस अभियान के तहत महासमुंद जिले में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत जंघोरा निवासी मनोहर सिंह पटेल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन तकनीकी कारणवश उनका कार्ड नहीं बन पाया था, जिससे उन्हें योजना को लाभ नहीं मिल पा रहा था। सुशासन तिहार के मद्देनजर कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में उनके आवेदन को गंभीरता से लिया गया और मात्र 24 घंटे के भीतर समाधान कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा द्वारा 15 अप्रैल 2025 को सूचना दी गई कि उनका आयुष्मान कार्ड बनकर तैयार हो गया है और अगले ही दिन उन्हें कार्ड हाथों में प्रदान कर दिया गया। इस त्वरित कार्रवाई से प्रसन्न होकर पटेल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की इस संवेदनशील पहल से मुझे और मेरे परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा की बड़ी सुविधा प्राप्त हुई है। अब अच्छे इलाज के लिए इस कार्ड का उपयोग कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एक ऐसा स्वास्थ्य बीमा कार्ड है, जिसके माध्यम से पात्र परिवारों को हर साल 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज भारत सरकार द्वारा अधिकृत अस्पतालों में प्राप्त होता है।

गैर संचारी रोग के ईलाज में आभा आईडी है वरदान

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य में अब गैर संचारी रोग (नॉन-कम्युनिकेबल डिज़ीज़-एनसीडी) जैसे हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज़, कैंसर के स्क्रीनिंग, इलाज और मॉनिटिरिंग में डिजिटल तकनीक का उपयोग बड़े स्तर पर किया जा रहा है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत शुरू की गई आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी इस दिशा में गेमचेंजर साबित हो रही है।आभा आईडी के माध्यम से मरीज अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में सुरक्षित रख सकते हैं और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी से आसानी से साझा कर सकते हैं।

श्रीमद्भगवद्गीता और नाट्यशास्त्र के यूनेस्को में शामिल होना गौरवपूर्ण क्षण : साय

भारत की समृद्ध विरासत के लिए गौरवपूर्ण क्षण :सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के ÒMemory of the World RegisterÓ में शामिल किया गया है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे भारत की समृद्ध विरासत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण करार दिया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा कि यह हमारी सनातन और शाश्वत ज्ञान-परंपरा को वैश्विक मान्यता मिलने के साथ ही हमारी संस्कृति, कलात्मक प्रतिभा और आध्यात्मिक चेतना का भी सम्मान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ग्रंथ हमारी कालातीत धरोहर है, जिसने सदियों से भारत की आत्मा को पोषित किया है और सम्पूर्ण मानवता को नैतिकता का मार्ग दिखाया है. अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा उनके नेतृत्व में हमारी प्राचीन ज्ञान-परंपरा को वैश्विक मंच पर सर्वोच्च स्थान मिल रहा है। श्रीमद्भगवद्गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के "Memory of the

संक्षिप्त खबरें

कैट ने सीएम साय, वित्तमंत्री चौधरी एवं मंत्री परिषद का आभार जताया

रायपुर /नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी एवं मंत्री परिषद को व्यापारिक हितों में लिए गए निर्णय हेतु आभार व्यक्त किया। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आज कैबिनेट की बैठक में राज्य के छोटे व्यापारियों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान (संशोधन) अध्यादेश-2025 के प्रारूप में निहित संशोधन का अनुमोदन किया गया। जिसके अनुसार राज्य सरकार छोटे व्यापारियों को प्रोत्साहित करेगी और 10 साल से अधिक पुराने लंबित मामलों में 25 हजार रूपए तक की वैट देनदरियों को माफ करेगी। इससे 40 हजार से अधिक व्यापारियों को लाभ होगा और 62 हजार से अधिक मुकदमेबाजी के मामलों में कमी आएगी। पारवानी एवं दोशी ने आगे बताया कि मंत्री परिषद ने स्थानीय रोजगार और सूक्ष्म-लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड को राज्य में हैवी अर्थ मूविंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र स्थापित करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है। इसके लिए 100 एकड़ भूमि को टोकन दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया है। कैट ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी एवं मंत्री परिषद को व्यवसाय को राहत देने एवं Ease of Doing के तहत व्यापारिक हितो मे लिए गये निर्णय हेतु पुनः आभार करती है।

व्यापारी से 9 लाख से अधिक की ठगी, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। थोक व्यापारी से 9 लाख से अधिक की रकम की आलू खरीदकर रकम का भुगतान ना करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जोगेन्दर साहू 51 वर्ष कविलाश नगर भनपुरी का रहने वाला है। प्रार्थी आलू प्याज का थोक व्यापारी है। बताया जाता है कि मेसर्स सुंदरिया एंड संस के आरोपी कार्तिक सुंदरिया ने प्रार्थी ने 9 लाख 72 हजार 237 रुपए का आलू खरीदकर पैसे का भुगतान नहीं किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में नयापारा गोलबाजार निवासी उजैर फारूकी 22 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलसी 3163 को सती बाजार सुपर कार्टन दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 47 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में संजय नगर टिकरापारा निवासी प्रार्थी महकलाल पटेल 35 वर्ष ने राजेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलवी 6254 को आम्रपाली सोसायटी स्थित गंगा डायग्नोस्टिक पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं तीसरे मामले में काशीराम नगर तेलीबांधा निवासी मिथलेश निर्मलकर 25 वर्ष ने मौदहापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमजे 5076 को मेकाहारा लाण्ड्री गेट के सामने खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 16 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आयुक्तों व सीएमओ को प्रातः भ्रमण कर निरीक्षण के दिए थे निर्देश

निकायों के कार्यों में आई कसावट

- साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास और जल प्रदाय योजनाओं के कार्यों में आई तेजी
- वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रोज सुबह निरीक्षण से प्रभावी मॉनिटरिंग और गुणवत्ता सुनिश्चित करने में मिल रही मदद

रायपुर। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव द्वारा विभागीय समीक्षा बैठकों में आयुक्तों तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को रोज सवेरे भ्रमण कर कार्यों के निरीक्षण के निर्देशों का असर दिखने लगा है। उप मुख्यमंत्री श्री साव के निर्देश के बाद फरवरी-2024 से सभी नगर निगमों के आयुक्त तथा नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने मातहतों के साथ वार्डों का प्रातः भ्रमण कर रोज सफाई, निर्माण कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इससे डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, रोड स्वीपिंग, एस.एल.आर.एम. सेंटर्स कम्पोस्ट शेड, प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के कैम्पों के आयोजन, पार्क एवं तालाबों के साथ-साथ सड़कों के निर्माण, जल प्रबंधन, नाली सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, अमृत मिशन के तहत पाइलाइन बिछाने एवं जल प्रदाय योजनाओं के कार्यों में तेजी आई है। निकाय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रोज सवेरे छह बजे से वार्डों के भ्रमण और निरीक्षण शुरू करने के बाद साफ सफाई एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लगातारा सुधार भी दिखाई दे रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव नगरीय निकायों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने व उन्हें समय-सीमा में पूर्ण करने पर लगातार जोर दे रहे हैं। उन्होंने शहरों को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-हितैषी बनाने के साथ ही योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। श्री साव ने नगरीय निकायों के कार्यों में कसावट लाने, कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग तथा निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने सभी आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को प्रतिदिन सवेरे वार्डों का भ्रमण करना सुनिश्चित करने को कहा था।

भाजयुमो ने फूंका राहुल-सोनिया का पुतला

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वाहन पर नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग घोटाला मामले में ED द्वारा राहुल गांधी, सोनिया गांधी एवं अन्य कांग्रेसियों पर PMLA के तहत चार्टशीट दाखिल किया गया जिसमें 750 करोड़ भ्रष्टाचार घोटाले मे सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को संलिप्त पाया गया. जिसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष फनेंद्र भूषण वर्मा के नेतृत्व में जिला युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ आरंग स्थित राजीव गांधी कांग्रेस कार्यालय का घेराव एवं साथ ही राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, गोपाल वर्मा एवं राजा तम्बोली, दिनेश चंद्राकर, सुनील नेभवानी, राकेश सोनकर,ज्ञान प्रकाश चंद्राकर, मुकुंद मेश्राम, गौरव शर्मा, गजेंद्र यादव, वेद प्रकाश देवांगन, महेश यदु, मुकेश वर्मा, दिलराज छाबड़ा, गोयल भट्ट, कान्हा गोस्वामी, लौटन गिलहरे, मुकेश वर्मा, जनपद अध्यक्ष मुरली साहू, उपाध्यक्ष रिंकू चंद्राकर, लुकेश साहू, पिंटू साहू, हरिशंकर वर्मा, चंद्रकांत वर्मा,विनोद साहू, खुलेश साहू, यशपाल लोधी, प्रफुल साहू, सागर साहू, एवं सैकड़ों युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया निरीक्षण

घोर लापरवाही और विभागीय योजनाओं के संचालन में गंभीर अनियमितताओं पर जिला कार्यक्रम अधिकारी निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बालोद जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी किशन टंडन क्रांति को कर्तव्यों में घोर लापरवाही और विभागीय योजनाओं के संचालन में गंभीर अनियमितताओं के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस आशय का आदेश विभाग ने जारी कर दिया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विगत 15 अप्रैल को बालोद दौरे के दौरान शासकीय योजनाओं एवं आमजनों की सुविधा को देखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का निरीक्षण किया था जिसमें कई खामियां उजागर हुईं। राजवाड़े के निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी टंडन जिला मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए, जबकि यह अपेक्षित था कि वह स्वयं मंत्री के दौरे के समय उपस्थित रहकर कार्यक्रमों की प्रगति प्रस्तुत करें।

निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र पाररास (इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 18/1) में फर्जी उपस्थिति दर्ज, पोषण ट्रैकर ऐप में अधूरी प्रविष्टियां, सखी वन स्टॉप सेंटर की निष्क्रियता और करकाभांठ केंद्र में गंदगी जैसे कई गंभीर मुद्दे सामने आए। साथ ही, विभागीय बैठकों में नियमित अनुपस्थिति का आरोप भी टंडन पर है।

इन सभी खामियों को गंभीर मानते हुए मंत्री राजवाड़े ने समीक्षा बैठक में नाराज़गी जताते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। नतीजतन, किशन टंडन को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों के तहत निलंबित कर, निलंबन अवधि में महिला एवं बाल विकास विभाग, बिलासपुर में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्हें इस दौरान जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

सीबीआई के छापे पर वित्तमंत्री ओपी चौधरी का बड़ा बयान

- हर दोषी को सजा दिलाना, हर युवा को न्याय दिलाना हमारा संकल्प : ओपी

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ में सीपीएससी घोटाले में सीबीआई की जांच जारी है। गुरुवार को केंद्रीय जांच एजेंसी ने रायपुर और महासमुंद में 5 ठिकानों पर छापेमारी की। जिसमें कई अहम दस्तावेज मिले। छापेमारी कार्रवाई में हुए खुलासे ने प्रदेश की सियासी में उबाल ला दिया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सीबीआई की कार्रवाई के बाद बड़ा बयान दिया है।

हर दिन माफियाराज के नए चेहरे बेनकाब हो रहे : ओपी-वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने CGPSC घोटाले में सीबीआई की छापेमारी के बाद कहा कि किसी मां-बाप ने खेत बेचकर फीस भरी थी, किसी ने सपनों में अफसर बनकर घर संवारा था। लेकिन दलालों और भ्रष्टाचारियों ने सब कुछ लूट लिया. सीजीपीएससी घोटाले की जांच में हर दिन माफियाराज के नए चेहरे बेनकाब हो रहे हैं। हमारा संकल्प है घोटाले के हर दोषी को सजा और हर युवा को न्याय दिलाना।

बता दें कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग घोटाले की जांच में बड़ी कार्रवाई करते हुए रायपुर और महासमुंद में एक साथ पांच ठिकानों पर छापेमारी की। इस छापेमारी में कई अहम दस्तावेज और तकनीकी साक्ष्य जब्त किए गए हैं. सीबीआई ने रायपुर के फूल चौक स्थित एक निजी होटल, सिविल लाइन इलाके के एक कोचिंग सेंटर और महासमुंद में एक सरकारी डॉक्टर के आवास पर दबिश दी। इसके अलावा महासमुंद में अभ्यारण्य गेस्ट हाउस और एक अन्य स्थानों पर भी कार्रवाई की गई है। आरोप है कि तत्कालीन चेयरमैन सोनवानी ने अपने रिश्तेदारों समेत कांग्रेसी नेता और ब्यूरोक्रेट्स के बच्चों की नौकरी लगवाई है।

समरसता संगोष्ठी के साथ होगा संगठन पखवाड़े का समापन : प्रकाश बैस

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा 6 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चलाए जा रहे संगठन पखवाड़े का समापन एक विशेष समरसता संगोष्ठी के साथ होगा। इस संगोष्ठी में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के वक्ता जिले भर से आने वाले सामाजिक बंधुओं को संबोधित करेंगे।भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने जानकारी दी कि संगठन पखवाड़े के दौरान सांसदों, विधायकों, मंत्रियों समेत सभी प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने गांव-गांव और बस्ती-बस्ती जाकर आम जनता से सीधा संवाद किया। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं ने अपने घरों में झंडा लगाकर व दीप जलाकर पार्टी की गौरवगाथा को नमन किया। इस दौरान जिले और मंडल स्तर पर गोष्ठियां, सक्रिय सदस्य सम्मेलन, तथा सामाजिक संपर्क अभियान चलाए गए, जिसमें सभी स्तर के कार्यकर्ताओं की उत्साहजनक भागीदारी रही। संगठन पखवाड़े के जिला संयोजक कविंद्र जैन ने बताया कि 14 से 25 अप्रैल तक पार्टी के नेता अनुसूचित जाति के प्रभावशाली परिवारों, खिलाड़ियों, कलाकारों, पूर्व अधिकारियों, पूर्व सैनिकों सहित समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क कर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। जैन ने कहा, आजादी के अमृत महोत्सव में भारत को श्रेष्ठतम बनाने का लक्ष्य सिर्फ सरकार का नहीं है, बल्कि संगठन के समर्पित कार्यकर्ता भी परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि समरसता अभियान को गति देने के लिए जिले के संयोजक विजय साहू एवं उमेश साहू अपनी मंडल टीम के साथ समर्पित रूप से कार्य कर रहे हैं। प्रकाश बैस ने यह भी कहा कि संगठन पखवाड़े के समापन के बाद भाजपा देश में एक देश, एक चुनाव जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर जनसमर्थन जुटाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आरंभ करेगी।

सी-रॉक होटल बार में आईपीएल क्रिकेट सट्टा का भंडाफोड़

- 1.40 लाख और 4मोबाइल जब्त, तीनों गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी रायपुर के थाना देवेंद्र नगर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 1.4 लाख रुपए नकद और 4 मोबाइल फोन जब्त किए हैं, जिनका उपयोग अवैध सट्टेबाजी के लिए किया जा रहा था। यह कार्रवाई 17 अप्रैल 2025 को रात 10.15 बजे सी रॉक होटल बार के सामने सार्वजनिक स्थल पर की गई। थाना देवेंद्र नगर के पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने टाउन में गश्त के दौरान कार्रवाई शुरू की। सूचना मिली थी कि सी रॉक होटल बार के पास कुछ लोग मोबाइल के माध्यम से अवैध रूप से आईपीएल सट्टा संचालित कर रहे हैं?

इन तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गिरीश अग्रवाल (25 वर्ष, एकता नगर, गुढ़ियारी)
आकाश गोयल (33 वर्ष, सेक्टर 04, देवेंद्र नगर)
अनमोल नायक (28 वर्ष, दलदल सिवनी, मोवा)

पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 और बीएनएस की धारा 112, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

समाधान समस्या के गुणवत्तापूर्ण समाधान की दिशा में तेजी से बढ़े कदम

सुशासन तिहार में भारती देवांगन को मिला तत्काल श्रमिक कार्ड

- शुन्नी बाई एवं टीकम सिंह सेवता ने श्रमिक पंजीयन को पुनर्जीवित स्थिति में लाने के लिए शासन-प्रशासन को दिया धन्यवाद

रायपुर/नवप्रदेश। सुशासन तिहार में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनसरोकार से जुड़े समस्याओं के समाधान के लिए तेजी से कदम बढ़ाऐ गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा अनुरूप जिले में सुशासन तिहार में शासन की लोकहितकारी योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। इसकी एक बानगी दिखाई दी, श्रम विभाग में प्राप्त आवेदन में जिसमें नगर निगम राजनांदगांव के शीतला माता वार्ड निवासी भारती देवांगन की समस्या का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया गया और उन्हें तत्काल श्रमिक कार्ड बनाकर दिया गया। सुशासन तिहार अंतर्गत भारती देवांगन ने श्रमिक कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया था। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत श्रमपदाधिकारी कार्यालय राजनांदगांव में आवेदन किया गया था। इस पर श्रम विभाग में तत्काल पंजीयन किया गया एवं श्रमिक कार्ड प्रदान किया गया। भारती देवांगन ने कहा कि श्रमिक कार्ड मिलने से राहत मिली है और आगे इसका फायदा उन्हें मिलेगा, जिससे वे श्रम विभाग अंतर्गत शासन की अन्य योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार सरकार की एक बहुत अच्छी पहल है।

सुशासन तिहार अंतर्गत शुन्नी बाई एवं टीकम सिंह सेवता ने असंगठित कार्ड को रद्द करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। श्रमपदाधिकारी कार्यालय राजनांदगांव द्वारा आवेदन पर कार्रवाई करते हुए छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत आवेदकों के पंजीयन को पुनर्जीवित स्थिति में लाया गया है। डुप्लीकेसी के कारण उनका श्रमिक कार्ड निरस्त हो गया था। जिसे आधार कार्ड मंगाकर पुनः तकनीकी दिक्कतों को दूर करते हुए आवेदकों के पंजीयन को पुनर्जीवित स्थिति में लाया गया। समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निराकरण होने पर शुन्नी बाई एवं टीकम सिंह सेवता ने सुशासन तिहार के अवसर पर शासन-प्रशासन को धन्यवाद दिया।

संक्षिप्त खबरें

हेल्दी बेबी कॉम्पिटिशन आज

रायपुर /नवप्रदेश। कल्याण पब्लिक हा. से. स्कूल , शंकर नगर khamardi में कल्याण शिक्षा प्रसार समिति द्वारा हेल्थी बेबी कॉम्पिटिशन (स्वस्थ शिशु प्रतियोगिताद्म) का आयोजन 19 अप्रैल 2025 को 2 से 5 बजे तक किया जा रहा है।यह प्रतियोगिता 2 समूहों में आयोजित की जा रही है ग्रुप a - 0 से 3 साल के बच्चों के लिए ओर ग्रुप b - 3 द्मद्ब 6 साल के बच्चों के लिए। इस प्रतियोगिता में बच्चों का स्वास्थ प्रशिक्षण शिशु विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा। जो शिशु पूर्ण स्वस्थ पाए जाने पर दोनों ग्रुप में 1st , 2nd, 3rd पुरस्कार भी दिया जाएगा, साथ ही cute smile, best dress-up, shiny skin, sparking eye, chubby cheeks जैसे टैग द्वारा भी पुरुस्कार दिया जाएगा, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। यह प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क है।

रायपुर बना अंतर्राष्ट्रीय गंजा तस्करों का सुरक्षित ठिकाना

रायपुर। रायपुर अब बना अंतर्राष्ट्रीय गंजा तस्करों का सुरक्षित ठिकाना हुआ है। छत्तीसगढ़ में ओडिशा से गांजा आने की खबर तो सबी जानते है लेकिन अब छत्तीसगढ़ में विदेशी गांजा भी तस्करों ने उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। ऐसे ही एक तस्कर को रायपुर की टिकरापारा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भाठागांव बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति को 15.25 ग्राम विदेशी गांजा और 1 लाख रुपये कीमत के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। पुलिस सूत्र बताते है कि मुखबिर से सूचना मिली कि तुषाल मूलचंदानी (23 वर्ष, विशाल नगर, तेलीबांधा) नाम का व्यक्ति भाठागांव बस स्टैंड के गेट नंबर 1, धनवंतरी मेडिकल के पीछे शुलभ शौचालय के पास अवैध मादक पदार्थ (विदेशी गांजा) की खरीद-बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है. सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया. तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 15.25 ग्राम विदेशी गांजा (ओजी) और आईफोन जब्त किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि गांजा उसे उसके दोस्त पंकज चावला (दलदल सिवनी, मोवा) ने मुंबई से मंगवाकर दिया था, और वह इसे ग्राहक को देने के लिए बस स्टैंड आया था। पुलिस ने धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

फैक्ट्री में महिला मजदूर की मौत प्रबंधक के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। धरसींवा स्थित हिन्दुस्तान क्वाईल्स में एक महिला मजदूर के ऊपर बोरियों की छल्ली गिर जाने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतिका सीजन बाई पति रामप्रसाद विश्वकर्मा 35 वर्ष सिलतरा स्थित हिन्दुस्तान क्वाईल्स में काम करती थी, कंपनी में खाना खाने के बाद बैठी थी, तभी सीजन बाई के ऊपर बोरियों की छल्ली गिर गई। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई और अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम मोहरेंगा स्थित एशियन टाईल्स कंपनी के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मोहरेंगा निवासी मृतक तेजस्वी धीवर 20 वर्ष अपने दोस्त नवीन कुमार गायकवाड़ 17 वर्ष के साथ बाइक में कहीं जा रहा था, तभी एशियन टाईल्स कंपनी के पास कार क्रमांक सीजी 04 एमके 1235 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दोनों युवक की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से हजारों रुपए के जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे हजारों रुपए का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक अग्रवाल 33 वर्ष जिंदल कालोनी मंदिरहसौद का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कई जिलों में बदली-बारिश की आशंका

रायपुर/नवप्रदेश। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश, गरज-चमक और बूंदाबांदी हो सकती है. प्रदेश में चक्रवाती परिसंचरण और द्रोणिका का असर दिखाई दे रहा है, जिसके चलते एक-दो स्थानों पर आंधी-तूफान और बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है।

लगातार 22 वर्षों से करा रहे हैं सामूहिक विवाह

साहू समाज का नेक कार्य-निर्धन बेटियां का होगा निःशुल्क विवाह

■ **अन्य पिछड़ा वर्ग भी हो सकता है शामिल**

अमलेश्वर/नवप्रदेश। आज के इस भाग दौड़ भरे जिंदगी में कोई किसी के लिए समय नहीं निकल पा रहा है वहां पर साहू समाज एक मिसाल कायम कर रहा है। निर्धन बेटियों का सामूहिक विवाह का आयोजन बड़े धूमधाम से कर रहा है। साहू समाज का यह कार्य लगातार 22 वर्षों से चल रहा है जो दूसरे समाजों के लिए एक सशक्त प्रेरणा और उदाहरण है।

समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि यह कार्य लगातार 22 वर्षों से कर रहे हैं। इसके अंतर्गत लगभग 1000 बेटियों का विवाह हो चुका है व्यर्थ के खर्चों और दिखाओ से आज समाज में जो निर्धन वर्ग के लोग हैं। उनको अपनी बेटी की विवाह में काफी दिक्कतों और मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई बार वह कर्ज में डूब जाते हैं। जिसके गंभीर परिणाम भी निकालते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए साहू समाज ने आज से 22 साल पहले ही इसकी शुरुआत कर दी थी। ताकि इस महंगाई के जमाने में कोई निर्धन बेटी के विवाह में बाधा न आए। उन्होंने बताया कि इसका सारा खर्चा समाज ही उठता है किसी प्रकार की कोई बाहरी आर्थिक सहायता नहीं है।

उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में साहू समाज के अलावा पिछड़ा वर्ग भी शामिल हो सकता है। सामूहिक विवाह का मुख्य उद्देश्य व्यर्थ के खर्च से बचाव सामाजिक एकता का संकल्प ही मुख्य उद्देश्य है।

अमलेश्वरडिही में लगभग 7 एकड़ में मंडप बनकर तैयार हो रहा है। जिसमें अलग-अलग मंडप बनाए जाएंगे। अलग-अलग पंडित बैठेंगे और हिंदू रीति रिवाज से मंत्र उच्चारण के साथ इनका विवाह संपन्न होगा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन के अलावा छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रीगण और पूर्व मंत्रियों की शामिल होने की संभावना है।समाज के वरिष्ठ जनों ने बताया कि तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है 19 और 20 अप्रैल को यहां भव्य आयोजन होगा इसके लिए समाज ने अलग-अलग टीम कार्यकर्ताओं की तैयार कर रखी है जो अपने काम को सुचारू रूप से अंजाम दे रहे है ताकि सामूहिक विवाह में आने वाले भाई, बहनों, बेटियों, बड़े बुजूगो को इधर-उधर भटकना न पड़े और कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो। छत्तीसगढ़ और दूसरे प्रदेश से आने वालों के लिए भी भवनों का व्यापक इंतजाम किया गया है।

सुहाग फिल्म देख खुश हुए मुख्यमंत्री साय

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित मैग्नेटो मॉल के सिनेमाघर में छत्तीसगढ़ी फिल्म 'सुहाग' का विशेष प्रदर्शन देखने पहुंचे। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले पद्मश्री सम्मानित और धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के अभिनय की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने इस फिल्म का ट्रेलर लांच किया था, और आज यह देखकर प्रसन्नता हुई कि छत्तीसगढ़ी सिनेमा कितनी खूबसूरती से अपनी जड़ों से जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक किरण देव सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और आयोगों-मंडलों के नवनियुक्त अध्यक्षगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'सुहाग' एक पारिवारिक फिल्म है और भारत में पारिवारिक मूल्यों पर आधारित फिल्मों का सदा से विशेष स्थान रहा है। उन्होंने याद किया कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म 'मोर छइहां भुइहां' भी पारिवारिक थी, और अब 'सुहाग' उसी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। फिल्म के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, रिश्तों की गरिमा और पारिवारिक जीवन की सहजता को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी सिनेमा की प्रतिभाओं की भी सराहना करते हुए कहा हमारे कलाकार, निर्देशक और पूरी यूनिट मेहनत और लगन से कार्य करते हैं। इसलिए छत्तीसगढ़ी सिनेमा आज दर्शकों के दिलों को छू रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित फिल्म सिटी का निर्माण, छत्तीसगढ़ी सिनेमा को बेहतर अधोसंरचना, बेहतर अवसर और राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा।

गांव अगर तकनीक से जुड़ेंगे तो भारत का भविष्य सशक्त बनेगा

■ **छत्तीसगढ़ में सीएस भारतीय एआई लैब्स और करियर सेंटर की दूरदर्शी पहल**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में तकनीकी शिक्षा और नवाचार को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। विश्वप्रसिद्ध एआई विशेषज्ञ, उद्यमी और शिक्षक समीर रंजन की अगुवाई में शुरू हुई। पहल सीएस भारतीय एआई लैब्स और करियर सेंटर राज्य के गांवों और छोटे शहरों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शिक्षा और अवसरों को सुलभ बना रही है।

समीर रंजन, जो कॉग्निटिव स्प्रिंट्स, आईटी पूल और सीएस भारतीय एआई के संस्थापक हैं और कैटेनेट कॉर्प में CTO के रूप में कार्यरत हैं, अमेरिका और वैश्विक मंच पर मायामाया और मेडिकोएड जैसे सफल AI प्लेटफॉर्म्स के निर्माण के बाद अब भारतीय ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने के मिशन में जुटे हैं। पेटेंट और सर्किल द्वारा OAI इन्फ्लुएंसर ऑफद ईयर' और T डलास द्वारा 'एलुमनस ऑफद ईयर' जैसे सम्मान प्राप्त रंजन का मानना है कि अगर गाँव तकनीक से जुड़ेंगे, तो भारत का भविष्य अकल्पनीय रूप से उज्ज्वल बनेगा। सीएस भारतीय एआई लैब्स और करियर सेंटर की कार्ययोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को क्रांति से जोड़ना है, जिससे वे पायथन, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, जनरेटिव एआई, जैसी वैश्विक तकनीकों से दक्ष होकर रोजगार और स्टार्टअप की दिशा में आगे बढ़ सकें। प्रत्येक लैब में इंटरनेट, कंप्यूटर, डिजिटल क्लासरूम, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, पुस्तकालय, प्रोजेक्ट आधारित मूल्यांकन प्रणाली और आधुनिक टूल्स जैसे के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। यह पहल न केवल छात्रों को वैश्विक रोजगार के लिए तैयार करती है बल्कि रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संचालित समाधानों के माध्यम से आम जनता के जीवन में प्रत्यक्ष सकारात्मक बदलाव भी ला रही है। आधारित फसल पूर्वानुमान, स्वास्थ्य जांच, शिक्षा ऐप्स, फ्रीलांसिंग और माइक्रो जैसे नवाचार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं। तीन वर्षों की रणनीतिक रोलआउट योजना के तहत पहले वर्ष में छत्तीसगढ़ के 10 जिलों में 25 केंद्र खोलकर 5,000 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षित किया जाएगा। दूसरे वर्ष में यह विस्तार पड़ोसी आदिवासी बेल्ट और वंचित क्षेत्रों तक किया जाएगा और तीसरे वर्ष में पूरे राज्य में 100+ केंद्रों के माध्यम से इस पहल का पूर्ण विस्तार किया जाएगा। इस योजना को स्थानीय कॉलेजों, पंचायतों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जबकि इसकी वित्तीय स्थिरता भारतीय एआई फेलोशिप फंड और सीएसआर योगदान के माध्यम से सुनिश्चित की गई है।

समीर रंजन ने एक भावनात्मक संदेश में ये कहा...

भारत में जन्मा और अमेरिका में एक दशक तक वैश्विक उत्पादों पर काम करने के बाद, मैंने की उस शक्ति को जाना है जो जीवन बदल सकती है। भारतीयएआई मेरी तरफसे भारत को लौटाने का तरीका है। यह सुनिश्चित करना कि हर छात्र, चाहे वह छत्तीसगढ़ के सबसे दूरदराज गांव में ही क्यों न हो, बड़े सपने देखें, निडर होकर निर्माण करे और वैश्विक स्तर पर चमके। यह पहल भारत के डिजिटल समावेशन की दिशा में एक बड़ा और प्रेरणादायक कदम है, जो आने वाले वर्षों में तकनीकी रूप से समृद्ध और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा।

नीलू शर्मा को पारवानी ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

रायपुर /नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू , प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, और कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट का एक प्रतिनिधी मंडल ने नीलू शर्मा जी को छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष के रुप में कार्यभार ग्रहण करने पर अमर पारवानी ने उनसे मुलाकात करने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि कैट टीम ने नीलू शर्मा जी को छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष के रुप में कार्यभार ग्रहण करने पर उनसे मुलाकात करने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होनें ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ को देश के पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए पर्यटन, वन और जल संसाधन विभाग एकीकृत कार्ययोजना बनाकर कार्य चाहिए। प्रदेश में वन आधारित पर्यटन, महानदी, इन्द्रावती नदियों प्रदेश के प्रमुख बांधों में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा दिया जाए।

प्रदेश की शक्ति पीठों में पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएं। ईको टूरिज्म, एथेनिक टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म, हेरीटेज टूरिज्म, वन्य जीव पर्यटन, वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। पर्यटन क्षेत्र के स्थानीय निवासियों को नियमित रूप से रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य ये होम स्टे सहित छोटे-छोटे कुटीर उद्योग पर भी लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। पर्यटन क्षेत्रों के ग्रामीणों में होम स्टे व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित भी करना चाहिए।

राजीव अग्रवाल को अमर पारवानी ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

रायपुर /नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट का एक प्रतिनिधी मंडल ने राजीव अग्रवाल जी को छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (सीएसआईडीसी) के अध्यक्ष के रुप में कार्यभार ग्रहण करने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पारवानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (सीएसआईडीसी) के नवनियुक्त अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कार्यभार ग्रहण किया। उन्होनें कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेक इन इंडिया की अवधारणा को सफल बनाने के लिए पूरे देश में छत्तीसग? की उद्योग नीति सबसे ज्यादा सफल रही। प्रदेश में चार इण्डस्ट्रियल क्लस्टर की स्थापना की घोषणा गई है। इनमें से दो राजनांदगांव जिले के घुमना तहसील में और दो नवा रायपुर में स्थापित होंगे। देश-दुनिया में छत्तीसगढ़ की पहचान बनाने में हम सफल हुए हैं, आने वाले समय में हिन्दुस्तान दुनिया के तीन सबसे शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा रहेगा। छत्तीसगढ़ तेजी से विकास करेगा और 2047 तक छत्तीसगढ़ हिन्दुस्तान के तीन प्रमुख राज्यों में खड़ा होगा। अब छत्तीसगढ़ अलग वैश्विक पहचान बनाएगा।

सीजीपीएससी मामले में सीबीआई की छापेमारी

■ **कांग्रेस के शासन काल में हुआ करप्शन टूरिज्म: शर्मा**

रायपुर/नवप्रदेश। सीजीपीएससी घोटाले मामले में सीबीआई की छापेमारी में हुए खुलासे ने फिर से सियासी हलचल बढ़ा दी है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लगातार केंद्रीय एजेंसियों पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस पर हमला बोला है. उन्होने कहा कि कांग्रेस के शासन काल में करप्शन टूरिज्म हुआ है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि क्या कांग्रेस अपने सरकार के मुखिया से पूछेंगे कि हो क्या रहा था ? हैरानी है कि रिसोर्ट में बैठाकर सीजीपीएससी का पेपर सॉल्व कराया जा रहा था। ऐसे युवा सिस्टम में घुसकर पूरे विभाग को बर्बाद करते हैं। छत्तीसगढ़ के होनहार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया था. कांग्रेस के शासन काल में करप्शन टूरिज्म हुआ है।

नक्सलियों में मची खलबली

विजय शर्मा ने कहा बीजापुर में 22 नक्सलियों की गिरफ्तारी को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलियों की दो श्रेणियों में इस समय काफी ज्यादा खलबली मची हुई है। जिन लोगों को पहले बंदूक के दम पर डराकर, धमकाकर नक्सल संगठन में शामिल किया गया था और पद भी दिए गए थे, अब वे स्वयं को स्वतंत्र महसूस कर रहे हैं और स्वेच्छा से पद छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं।

पदभार में करोड़ों रुपए फूंक कर जनता का पैसा उड़ा रही सरकार : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। साय सरकार के द्वारा निगम मंडलों में नियुक्त पदाधिकारी के शपथ ग्रहण के राजनीतिक इवेंट पर कड़ा प्रतिवाद करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि मनोनीत पदों पर केवल पदभार ग्रहण होता है, संविधान में ऐसे शपथ के इवेंट का प्रावधान नहीं जैसा शपथ ग्रहण समारोह का गैर जरूरी आयोजन साय सरकार कर रही है, एक तरफ विगत सवा साल से हर माह औसत 3500 करोड़ कर्ज ले रही है, 25 जिलों में एनएचएम कर्मचारियों को वेतन नहीं दे पा रही है, सरकारी अस्पतालों में दवा नहीं है, उपकरणों का मेंटेनेश तक बंद है, भुगतान के अभाव में विकास कार्य अवरुद्ध हैं ऐसे में राजकीयकोष का दुरुपयोग आर्थिक अपराध है, जनता के प्रति अन्याय है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि हजारों करोड़ो रू. किस मद से खर्च किए गए? इंडोर स्टेडियम, शहीद स्मारक, दीनदयाल उपाध्याय वातानुकूलित आडिटोरियम का किराया, भोजन, परिवहन व्यय, पूरे प्रदेश में व्यापक पैमाने पर बड़े-बड़े होर्डिंग पोस्टर का खर्च किम मद से उठाया गया? किस किस विभाग में इस प्रकार के इवेंट के लिए बजट स्वीकृत है?।

अभियान | **संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने कहा-भूपेश तो शराबंदी की नहीं जुटा पाए हिम्मत, कम से कम साय सरकार ही दिखाए**

शराबबंदी को लेकर किसान संघर्ष समिति ने छेड़ा अभियान

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी का चुनावी वादा कर पहली बार सत्तासीन होने वाली रमन सरकार ने अपने लगातार तीन कार्यकालों में इस दिशा में कुछ सकारात्मक कदम उठाएं। जिसे बदलने का साहस भूपेश सरकार भी नहीं कर पाया पर सत्ता में वापस लौटे भाजपा के सत्तारूढ़ साय कैबिनेट ने पूर्ववर्ती रमन सरकार के शराबबंदी के वादे को पूर्ण करने की दिशा में आगे न बढ़ प्रदेश में 67 नयी शराब दुकानें खोलने का निर्णय ले आम मतदाताओं को अचंभित व आक्रोशित कर दिया है। नई शराब दुकानें खोलने प्रस्तावित ग्रामों में से कतिपय ग्रामों व उससे प्रभावित होने वाले आसपास के ग्रामों का दौरा कर आमजनों से चर्चा के बाद यह जानकारी देते हुए शराब विरोधी मुहिम में जुटे किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने ग्रामीणों से मिले प्रतिक्रिया के हवाले से कहा है कि शराबबंदी के दिशा में आगे बढ़ने की इच्छा यदि साय कैबिनेट की नहीं थी तो कम से कम यथास्थिति बनाये रखते। शर्मा ने छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद पहली बार सत्तारूढ़ हुए रमन सरकार द्वारा किये गये पूर्ण शराबबंदी के वादे को कतिपय जाने - अनजाने कारणों से पूर्ण न कर पाने पर अपने दूसरे कार्यकाल में चरणबद्ध तरीके से शराबबंदी करने का वादा कर शराब दुकानों को क्रमिक रूप से बंद करने का उल्लेखनीय कार्य किया व तीसरे कार्यकाल में राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित शराब दुकानों को हटवा अंदरूनी इलाकों में भी स्थानांतरित कराने का साहसिक कार्य प्राप्त होने वाले राजस्व की कीमत पर किया। रमन सरकार की विदाई करने वाले भूपेश सरकार ने भी जनमानस को देखते हुए नई शराब दूकाने खोलने का साहस न दिखा सिर्फ रमन सरकार द्वारा अंदरूनी इलाकों में स्थानांतरित किए गए शराब दुकानों को पुनः राजमार्गों में लाने की कार्यवाही करने तक ही अपने आप को सीमित रखा लेकिन वर्तमान सरकार ने तो अपने ही पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा शराबबंदी के लिए किए गए प्रयासों को धता बता 67 नयी शराब दूकाने खोलने का निर्णय ले मतदाताओं को अचंभित व आक्रोशित कर दिया है। जगह - जगह इस निर्णय का विरोध भी शुरू हो गया है ।

संक्षिप्त खबरें

निगम में दीपक बने नेता प्रतिपक्ष और विशु उपनेता प्रतिपक्ष

धमतरी/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर नगर पालिक निगम धमतरी में नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, एवं उप नेता प्रतिपक्ष सत्येंद्र विशु देवांगन को नियुक्त किया गया है। नियुक्ति होने के बाद नेता प्रतिपक्ष, उप नेता प्रतिपक्ष निगम पहुंचे। जिनका कांग्रेसजनों ने गर्म जोशी से स्वागत किया। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उप नेता प्रतिपक्ष विशु ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना जरूरी है। शहर विकास में पक्ष-विपक्ष हम सब साथ खड़े रहेंगे। सरकार की गलत नीतियों का विरोध किया जाएगा।

चाकू लहराते एक पकड़ाया

महासमुंद/नवप्रदेश। हथियार लहराकर लोगों को डराने का प्रयास कर रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बरबसपुर मोड़ के पास नेशनल हाईवे 53 पर सड़क किनारे एक व्यक्ति चाकू लहराकर आने-जाने वालों को आतंकित कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी वार्ड नंबर 20 ग्राम बिरकोनी निवासी बलीराम मांडले (36) से एक चाकू बरामद किया। आरोपी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया है।

1.50 लाख के गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली में दो आरोपियों के कब्जे से डेढ़ लाख रुपए का गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को मुखबिर की सूचना पर जमबलहीन मंदिर झिलमिला के पास पहुंचकर बाइक हीरो पैशन प्रो क्रमांक ओआर-03-जी-2835 को रोका। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम उपरगुड़ा थाना व जिला बलांगीर ओडिशा निवासी मायाधर नाहक (35), बरपाली थाना बरपाली जिला बरगढ़ निवासी समारू सेठ (32) बताए। आरोपियों से 3 किलो गांजा, हीरो पेशन प्रो बाइक व मोबाइल जब्त किया। मामले में आरोपायों के खिलाफधारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला कायम किया गया।

जिम्मेदार अधिकारी नदारद, कर्मचारियों के भरोसे कार्यालयीन कार्य

नगरी/नवप्रदेश। जल संसाधन विभाग द्वारा हर बड़े शहर, ग्रामो में कार्यलय खुलवाकर कृषक ग्रामीणों जनो की सिंचाई विभाग से संबंधित सभी जानकारी व कृषि से संबंधित सभी समस्याओं को जिम्मेदार अधिकारी को अवगत कराया कर व कृषि से संबंधित शासकीय योजनाओं को क्रियान्वित कर सही दिशा निर्देश व लाभ दिलाने का कार्य जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी करते हैं।और कृषक विभागीय जानकारी लेकर शासन के योजनाओं का लाभ लेते हैं।पर नगरी विकास खंड के ग्राम मेचका में म.ज.प.बांध उप संभाग क्रमांक एक मेचका में उल्टा दिखा जिम्मेदार अधिकारी नदारद, महज कार्यलय में सिर्फ दो कर्मचारी काम करते दिखे बाकी सभी नदारद रहे इस संवाददाता ने म.ज.प.बांध उपसंभाग क्रमांक 1 में बहुत पुराने हुए कार्यलय का जाजदा लिया तो पता चला कि नाम बड़े दर्शन छोटे दिखे दो कर्मचारी कार्यालयीन कार्य में व्यस्त थे विभागीय अनुविभागीय अधिकारी से इस स्थिति को लेकर जानकारी लेना चाहा पर यहां के जिम्मेदार अधिकारी नदारद दिखे, कर्मचारियों को अधिकारी के बारे में पुछने पर बताया कि साहब आते कहा कि म.ज.प.बांध उपसंभाग क्रमांक 1 अनुविभागीय अधिकारी साक्षी से सिंचाई विभाग में विभागीय जानकारी लेना चाहा दुरभाष से तो उनका नंबर बंद बताया। वहीं ग्राम मेचका में ग्रामीणों ने बताया कि यहां के अधिकारी माह में एक,दो, बार आ जाते हैं।

अवैध रूप से गांजा तस्करी एक आरोपी को भेजा जेल

गरियाबंद/नवप्रदेश। पीटएनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही के संबंध में पुलिस मुख्यालय से प्राप्त दिशा निर्देश एवं गरियाबंद पुलिस के विरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अवैध गांजा के मामले मे लगतार संलिप्तता पाये जाने एवं व्यवहार में कोई सुधार न होने की स्थिति में थाना प्रभारी पाण्डुका के द्वारा पाण्डुका क्षेत्रान्तर्गत निवासी लोकेश साहू पिता स्व अशोक साहू उम्र 38 साल साकिन पोंड़ थाना पाण्डुका जिला गरियाबंद जिसका वर्ष 2016 में अवैध रूप से गांजा तस्करी के सूचना पर थाना पाण्डुका मे अप.क्र. 32/2016 धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल निरूध्द किया गया था। आरोपी लोकेश साहू अपने आपराधिक कृत्य मे कोई सुधार न लाते हुए, वर्ष 2018 में पूनः अवैध रूप से गांजा तस्करी कर रहा था। जिसकी सूचना पर आरोपी लोकेश साहू के विरूध्द थाना पाण्डुका मे अप.क्र. 111/2018 धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल निरूध्द किया गया था। जो आरोपी दोनो प्रकरणों मे जमानत से छूट जाने के बाद अपराधिक गतिविधियों की संलिप्तता मे कोई सुधार न लाकर फिर से वर्ष 2023 में अवैध गांजा का तस्करी कर रहा था। जिसकी सूचना पर थाना पाण्डुका मे अप.क्र. 91/23 ध्धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर जेल निरूध्द किया गया। प्रकरण मे विवेचना पूर्ण होने से अभियोग पत्र न्यायालय पेश किया गया। जो प्रकरण माननीय न्यायालय में विचाराधीन है।

इति श्री सियासी पुराण – अक्कड़-बक्कड़-बूझ-भूलक्कड़

मधुकर दुबे

ये हैं गुरू जुगाडुनंद ...

गरीबों के बेटों के हक पर डाका पड़ गया है। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान नेताओं और अधिकारियों के बेटे-बेटियों और रिश्तेदारों को सीजी पीएससी की परीक्षा में पेपरलीक कर डिप्टी कलेक्टर बना दिया गया, जैसा कि आरोप लगे हैं और जांच भी चल रही है। अब तो सीबीआई इसकी जड़ की तह तक कब पहुंचेगी और क्या सच निकलकर सामने आता है, ये देखने वाली बात होगी। फिलहाल, महासमुंद सहित कई जिलों में सीबीआई के छापे पड़े हैं। ऐसे में अब पक्ष-विपक्ष दोनों में सियासत तेज हो गई है। सोशल मीडिया के एक्स पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। इसी बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी कहा-कोई भी दोषी होगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। वहीं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि गरीबों के बेटों का हक छीनने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। वहीं दूसरी तरफ सत्ता पक्ष के नेता सोशल मीडिया पर सीना चौड़कर कर कहते नजर आ रहे हैं, देखा, हमने मुद्दा उठाया था। इन सब के बावजूद सीजी पीएससी की परीक्षाओं में ऐसी व्यवस्था बने ताकि भविष्य में इसकी पारदर्शिता पर फिर कोई प्रश्न चिह्न न लगे।

विष्णु का प्रोटेक्शन वार ..जमानत क्यों नहीं मिली... ?

क्यों घबराए हो कका? सांच को आंच कहां। आपकी सत्ता थी तो बड़े-बड़े काले कारनामे हुए थे। ये दीगर बात है कि आप किए हो या नहीं। लेकिन घर में कुछ भी गड़बड़ होती है तो परिवार का मुखिया ही जिम्मेदार होता है। याद करिए किस-किस गिरोह से घिरे हुए थे। उन लोगों ने अनगिनत घोटालों को अंजाम दिया और जेल में हैं। कका कहते थे कि हम डरने वाले नहीं, फिर क्यों अब कह रहे हैं कि भाजपा मेरा राजनीति कैरियर खत्म करना चाह रही है। आपके इस कथन पर विष्णुदेव ने अपना सुदर्शन छोड़ दिया है। एजेंसियों के इनपुट पर प्रदेश के मुखिया ने महादेव बेटिंग एप घोटाले में सुरक्षा राशि लेने का राजफाश कर तहलका मचा दिया है। सीधा-सपाट और बिना लाग लपेट बोलने वाले विष्णुदेव ने कहा-चाहे वह कोयला घोटाला हो, या अन्य घोटाले में कका के खास लोग ही शामिल थे और जेल में हैं। 5 सालों में जो भी घोटाले हुए हैं, सबकी जांच हुई है। डीएमएफ घोटाले में भी उनके लोग जेल में हैं। शराब घोटाले में उनके खास पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा जेल में हैं। विष्णुदेव ने कहा है कि महादेव बेटिंग एप में उनके ऊपर प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप है। अगर ये सब बात झूठी है तो उनके लोग जो जेल के अंदर हैं, उनकी बेल क्यों नहीं हो रही है। उन्होंने कहा, 'हेमंत सोरेन हों या कांग्रेस हो। ये लोग आदिवासी विरोधी शुरू से ही रहे हैं। कहा- उनके शासनकाल में शराब की दुकानों पर दो काउंटर हुआ करते थे। एक काउंटर का हिसाब सरकार को जाता था, जबकि दूसरे काउंटर का हिसाब उनके मंत्रियों को जाता था। ऐसे में कका तो बहुत बुरे फंसे हैं, किस-किस घोटाले पर जनता में सफाई देते फिरेंगे। खैर, अभी जांच और फसाद दोनों बाकी है। एक कहावत है, व्यक्ति नहीं समय बलवान होता है।

यहां क्यों सुर-संगीत में खलल ?

लंबे इंतजार के बाद खैरागढ़ विवि में कुलपति की नियुक्ति हुई। डॉ. लवली शर्मा ने पदभार भी ग्रहण कर लिया है। लेकिन इस पर अब सियायत शुरू हो चुकी है। संगीत के सुरों की जगह आरोपों के सुरों की तान छिड़ी हुई है। मसला ये है कि नई कुलपति की नियुक्ति को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र लगातार विरोध कर रहे हैं। इससे छात्र आंदोलन की संभावना से फिलहाल इंकार नहीं किया जा सकता है। पदभार ग्रहण करने के बाद कुलपति डॉ. लवली शर्मा ने अपने ऊपर लगे आरोपों पर उन्होंने कहा कि अगर कोई यह साबित कर दे कि मैंने कहीं दो रुपये का भी भ्रष्टाचार किया है, तो मैं मान लूंगी कि मैं हार गई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को फिर से ग्रेड दिलाना, रिसर्च के स्तर को ऊंचा उठाना और छात्रों को आत्मविश्वासी बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। इधर, अब कांग्रेस को यह चुभ रहा है कि नियुक्ति को लेकर हंगामा करने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। इन विवादों के बीच विधायक प्रतिनिधि भी कूद पड़े हैं, उनका कहना है कि अगर यही प्रदर्शन एनएसयूआई ने किया होता, तो अब तक छात्रों पर एफआईआर हो चुकी होती। लेकिन एबीवीपी को सरकार का खुला संरक्षण मिला हुआ है। ये दोहरा मापदंड नहीं तो और क्या है? कुलपति की नियुक्ति पर कांग्रेस का आरोप है कि छत्तीसगढ़ में कई काबिल और ईमानदार प्रोफेसर हैं, जिन्हें मौका मिलना चाहिए था। इस कांग्रेसी जुबान पर छात्र और बुद्धिजीवी वर्ग का कहना है कि सूप-तो सूप छलनी भी बोले, वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। यानी जिनकी सरकार में पांच साल में इतने घनघोर भ्रष्टचार हुए कि आज छत्तीसगढ़ को पूरे देश में घपले-घोटाले के स्मारक के रूप में जाना जाने लगा है, इन आरोपों को लेकर क्या कहेंगे।

गोबरदास की मक्खन पालिसी...

इस वक्त पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। किसी की पत्नी छोड़ गई तो उसे वापस दिलाने की मिन्नतें, इतना नहीं हाल ही में विधायक जी को मंत्री बनाने की मांग। जन समस्याओं की दुश्वारियों से इतर ऐसे अजब-गजब आवेदनों की चर्चाएं भी खूब हो रही हैं। रामू ने कहा-भैया ये तो विष्णु के सुशासन का नतीजा है। विश्वास इतना प्रगाढ़ हो गया है कि लगता है सच में क्षीरसागर से विष्णुदेव यहां प्रकट हो चुके हैं। इस बात पर तिलमिलाए गोबरनाथ तपाक से बोल पड़े भाई इतना भी मक्खन पालिस मत कर। जिस पर रामू बोल ने कहा-इसका प्रमाण तो सुशासन तिहार में असगर की पोल पट्टी खुल गई, कैसे दूसरे की बीबी ले उड़ा है, अब तो इसकी खैर नहीं। गोबरनाथ तुम लोगों की गिरोह मंडली तो पता नहीं क्या-क्या ले उड़े थे, ये खैर माना कि सब सांय-सांय काम हो रहा है, इसलिए ही तुम लोग आंय-बांय कर रहे हो। रामू ने कहा तिहार में किसी ने शादी नहीं होने पर प्रशासन ने पत्नी खोजकर शादी करवाने तो किसी ने ससुराल जाने के लिए बाइक की डिमांड कर चुका है। वहीं, कल धमतरी जिले के मेघा से एक शख्स ने विधायक अजय चंद्राकर को मंत्री बनाने की मांग कर डाली। इतना ही नहीं, मंत्री और उनके सलाहकार को हटाने की मांग। बड़ा मौजू है यह है, समस्या किसी पद पर बने या न बने रहने का दर्द की झलक भी सुशासन तिहार में दिख रहा।

ये सत्ता के रंग भी बड़े अजीब..

सत्ता की चकाचौंध में नेता जी की आंखें इतनी चौंधियां गई हैं कि अपनों को ही बिसार दिए। जो उनके साथ-झंडा-टाट बिछाने तक का काम करते थे, ऐसे कार्यकर्ता और कुछ दीगर क्षेत्र के लोग। जिनसे वे विरोधी को पटखनी देने के लिए गुरू मंत्र और सलाह मशविरा करते थे। भाई, ये सत्ता के रंग भी बड़े अजीब हैं, क्योंकि नेता नामक प्रजाति चुनाव से पहले उन्हें गली-मोहल्ले और वहां के रहवासी इतना ही नहीं, श्वान तक को गले लगाने और चूमने से भी नहीं चूकते। चुनाव जीतने पर विजय जुलूस तक नाता रखते हैं। फिर धीरे-धीरे उनकी गिरगिट की भांति रंगत बदल जाती है। मुट्ठी में रेत की तरह पांच साल बीतने पर फिर दांत निपोरी और चरण वंदन करने लग जाते हैं। ऐसे आदतन नेता जी को चुनाव में फिर दोबारा जीत तो दूर, जनता पूछती तक नहीं। जैसे ही चुनाव हारते हैं फिर वे वैसे ही राजा हरिश्चंद्र की भूमिका में अपने विरोधियों को ज्ञान की घुट्टी पिलाने लग जाते हैं। तब तक इतनी देर हो जाती है कि जनता और अपने पुराने लोगों के बीच बहिष्कृत हो जाते हैं। उनकी सियासी नाटक-नौटंकी से जनता मुंह फेर लेती है। चर्चा है, ऐसे ही एक कांग्रेसी विधायक थे, डींगे-हांकने के अलावा पांच साल कुछ नहीं किया, इनको ऐसी हार मिली कि रिकार्ड बना बैठे। अब तो इनको पार्टी कार्यकर्ता तो दूर खबरनवीस भी इनसे दूर हो गए क्योंकि नेता जी, हर मीडिया हाउस के मालिक से जुड़े थे। खैर उनकी ब्रांडिंग तो श्रमजीवी पत्रकारों को करनी थी, ऐसे में अब उन्हें कोई पूछने वाला नहीं।

महौपार ने कहा सारे गड्ढे पाटो... नहीं तो...

हमारे यहां नौकरशाहों की एक बड़ी अजीब आदत यह है कि जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए, तब तक वह नहीं जागते हैं। राजधानी में हाल के दिनों में खुले गड्ढे में गिरने से एक 6 साल के मासूम की मौत हो गई। फिर क्या मचा हंगामा और बवाल। इसके बाद रायपुर नगर निगम में अपने ऑफिस में एसी रूम में बैठकर सो रहे अधिकारी जाग उठे। जब जांच हुई तो पता चला कि यहां शहर में एक-दो दिन अनगिनत खुले सेप्टिक टैंक और गड्ढे हैं। जिसे में आए दिन बाइक सवार तो कभी मवेशी गिरकर गंभीर रूप से घायल होते हैं या मरते हैं। तस्वीरें ऐसी भी सामने आई, जहां खुले सेप्टिक टैंक में खतरे के संकेतक तक नहीं लगे हैं। फिलहाल, महापौर ने बैठक लेकर अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी है, देखना है कि इसका असर कितने दिनों तक रह पाता है।

कानूनी कार्रवाई से बचने जमीन दलाल और कर्मचारियों ने खुद तोड़ी निर्माणाधीन दुकानें

- शासकीय भूमि पर अवैध तरीके से बनाया था 4 दुकान
- करोड़ों की जमीन को 100 के स्टांप पर खरीदा था कौड़ियों में

नवप्रदेश खबर का असर

महासमुंद। शासकीय जमीन खरीदी - फरोख्त मामले में जांच व कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए बीटीआई रोड स्थित वन विद्यालय से लगे बड़े झाड़ जंगल भूमि पर अवैध तरीके से खड़े किए गए दुकानें को जमीन दलाल, पटवारी, शिक्षाकर्मियों को बचाने स्वयं ही ध्वस्त किया है। कलेक्टर दुकान तोड़ने और शासकीय कर्मचारियों की संदिग्ध भूमिका की जांच करने के आदेश के बाद भू माफियाओं ने यह कदम उठाया है।

पिछले 8 महीने पहले सरकारी जमीन को लेकर रची गई साजिश पर अब विराम लग गया है। गौरव पथ मुख्य सड़क और वन विद्यालय के बीच खसरा नंबर 102/5 पर निर्माणाधीन चार दुकानों में से दो दुकानों को स्वयं जमीन दलाल कृष्णा कुमार साहू, पटवारी अरविंद चंद्राकर उनकी पत्नी भूमिका चंद्राकर, उनकी भाभी शिक्षिका भारती चंद्राकर भारती के पति शिक्षक मोहित चंद्राकर और शिक्षक विकास साहू मिलकर स्वयं ही ध्वस्त करने लगा है। सरकारी जमीन पर बने दुकान इसलिए तोड़ा जा रहा है कि नव प्रदेश ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। कलेक्टर विनय कुमार लहंगे ने संज्ञान लेते हुए अवैध रूप से निर्माण को दुकानों को तोड़ने और शासकीय कर्मचारियों पर विभागीय जांच शुरू करने के आदेश दिए थे।

साजिश नहीं आई काम

बीटीआई रोड स्थित वन विद्यालय से लगे खसरा नंबर 102/5 के बड़े झाड़ जंगल की 1898 वर्ग फीट जमीन को पहले तो अवैध तरीके से उषा देवांगन को डरा धमकाकर कौड़ियों के दाम हथिया लिया। जमीन दलाल और पटवारी ने मिलकर करोड़ों की जमीन को महज़ 40 लाख रुपये में नोटरी द्वारा कच्चे लिखा-पढ़ी में खरीदा। साज़िश के तहत दलाल कृष्णा कुमार साहू, पटवारी अरविंद चंद्राकर, शिक्षक विकास साहू समेत अरविंद की पत्नी और उसकी भाभी भारती और भाई मोहित इसके सूत्रधार थे। इन्होंने 100-20 के स्टांप पेपर पर नोटरी से जो सौदा पत्रक तैयार कराया था उसमें खसरा नंबर 102/4 दर्शाया गया, लेकिन इन सभी ने व्यवसायिक दुकानों का निर्माण खसरा नंबर 102/5 यानी बेड़ झाड़ जंगल की जमीन पर में किया।

जांच की आंच से बचने खुद लगे तोड़ने : शुक्रवार सुबह ही जमीन दलाल कृष्णा कुमार साहू ने मजदूरों को अवैध रूप से खेड़े किए गए दुकानों को तोड़ने के लिए काम पर लगाया है। वहां पर निर्माण कार्य के लिए रखे रेत और ईंटें ट्रैक्टर में भर कर ले जाया गया। ताकि किसी भी प्रकार की जांच से बचा जा सके। सरकारी जमीन फर्जीवाड़ा में शामिल जमीन दलाल समेत शासकीय कर्मचारियों को बचाने पूरा राजस्व अमला लगा रहा। इस कारण ही भू माफिया, दलाल और शासकीय कर्मचारियों के हौसला बढ़ता गया। जबकि सारा खेल जिला प्रशासन के नाक के नीचे होता रहा।

जांच करने से बचता रहा विभाग : वन विभाग द्वारा 9 अप्रैल 2025 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को विभागीय पत्र भेजकर खसरा नंबर 102/4 में अवैध निर्माण की जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहता है वन विभाग यह भी लिखा कि उक्त भूमि को वन विद्यालय के लिए आरक्षित रखा गया है। इस पर राजस्व विभाग उसी दिन यानी 9 अप्रैल को आर आई मनीष श्रीवास्तव और पटवारी खम्मनलाल साहू को भेजकर उक्त भूमि का नाप-जोख कराया। नपा जोख में वह जमीन खसरा नंबर 102/5 बड़े झाड़ जंगल पाया गया। लेकिन राजस्व अधिकारी ने जांच प्रतिवेदन 10 दिन बाद भी वन विभाग को उपलब्ध नहीं कराया।

> मामला संज्ञान में आने के बाद जांच करने का आदेश दिया था। अब अगर स्वयं दुकान को तोड़ रहे हैं तो ये ना समझे की विभागीय जांच रूक गया है, ऐसा बिल्कुल भी नहीं है, विभागीय जांच होकर रहेगी। और इसमें जो भी शासकीय कर्मचारी की संलिप्तता या दोषी पाया जाएंगे उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गलत तरीके से शासकीय भूमि की खरीदी बिक्री पूरी तरह से गैरकानूनी है। इसमें अगर कर्मचारी शामिल हैं तो और गंभीर बात है।
>
> **विनय कुमार लहंगे,** कलेक्टर

कबीरधाम में 24 जप्तशुदा वाहनों की होगी खुली नीलामी

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम के तहत एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में जप्त एवं न्यायालय द्वारा राजसात किए गए कुल 24 वाहनों की खुली नीलामी की जाएगी। इन वाहनों को जिला स्तरीय औषधि निपटान समिति द्वारा नीलामी योग्य पाया गया है। यह नीलामी आगामी 22 अप्रैल 2025, मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक न्यू पुलिस लाइन कवर्धा के परेड ग्राउंड में आयोजित की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक एवं जिला औषधि निपटान समिति के अध्यक्ष ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं नियमों के तहत संचालित की जाएगी। नीलामी में कुल 24 वाहन शामिल किए गए हैं, जिनमें 08 दोपहिया, 12 चारपहिया, 01 ट्रैक्टर, 01 ट्रैक्टर ट्रॉली तथा 02 भारी वाहन शामिल हैं। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक खरीदारों को निर्धारित राशि का बैंक ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक, जिला कबीरधाम के नाम पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यह राशि वाहन की श्रेणी के अनुसार इस प्रकार है। प्रत्येक दोपहिया वाहन के लिए 2000 रुपए, चारपहिया वाहन के लिए 5000 हजार रुपए, ट्रैक्टर ट्रॉली के लिए 5000 हजार रुपए, भारी वाहन के लिए 10,000 हजार रुपए है।

आवेदनकर्ता को बैंक ड्राफ्ट के साथ वाहन का क्रमांक/प्रकार, अपना नाम, पता एवं मोबाइल नंबर स्पष्ट रूप से अंकित कर आवेदन पत्र के साथ 1000 हजार रुपए मूल्य का आवेदन पत्र रक्षित निरीक्षक, न्यू पुलिस लाइन से प्राप्त कर, बंद लिफाफे में 21 अप्रैल 2025 को कार्यालयीन समय में जमा करना होगा। नीलामी में शामिल होने की शर्तों के अनुसार, सभी वाहन इच्छुक खरीदार पूर्व में निरीक्षण कर सकते हैं। वाहन क्रमांक होंडा कार (JH-04D-8284) एवं आईसर ट्रक (UP-86T-4176) थाना चिल्फी में देखे जा सकते हैं, जबकि शेष 22 वाहन न्यू पुलिस लाइन कवर्धा के परेड ग्राउंड में उपलब्ध रहेंगे।

अंधेर नगरी... गरियाबंद वन-खनिज और राजस्व विभाग की मेहरबानी, बेखौफ हो रहा अमानक समाग्री का इस्तेमाल

पूर्व मंत्री के भाई को 109 करोड़ का ठेका, पांच साल बाद सड़क निर्माण अधूरा

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के राजिम क्षेत्र में पाण्डुका से लेकर जतमई होते मूड़ागांव तक 37.7 किमी लंबी सड़क का निर्माण 2019 में शुरू किया गया।लोकनिर्माण विभाग के एडीबी प्रोजेक्ट के तहत यह कार्य 109 करोड़ लागत से बनाया जा रहा है। कार्य का अनुबंध पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर के भाई असगर खान द्वारा संचालित रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी के साथ हुआ था। नियमानुसार इसे 2022 में पूरा हो जाना था। सड़क के लिए आने वाले फॉरेस्ट लैंड की अनुमति के लिए साल भर काम रुका रहा। जिसके चलते 2024 तक एक्सटेंशन मिला,बढ़ाए गए इस अवधि में भी कार्य पुरा नहीं हुआ हुआ। जतमई पहुंचने से पूर्व लगभग ढाई किमी घाटी का काम ठेका कंपनी ने पुरा नहीं किया है। पाण्डुका निवासी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रीतम सिन्हा ने कार्य को गुणवत्ताहीन का आरोप लगाया है। सिन्हा का आरोप है कि उपयोग हो रहे मुरम और गिट्टी की गुणवत्ता की लैब जांच की केवल खाना पूर्ति किया गया, अमानक समाग्री का इस्तेमाल यहां बेखौफ होकर किया जा रहा है।

कार्य की देख रेख के लिए विभाग ने कंसलटेंट नियुक्त किया है। काम की निगरानी करने वाले इंजीनियर किसलया चक्रवर्ती ने कहा कि काम मई 2025 तक पूरा हो जायेगा। अतरिक्त समय मिला हुआ है।उपयोग सामग्री की विधिवत लैब टेस्ट किया जाता है।

अवैध खनन कर मरूम डाला, अधिकारी मौन : 2022 से अवैध खनन हो रही विभाग मौन हैठ्ठ सड़क को पूरा कराने वन विभाग की मौन स्वीकृति थी, काम पूर्व वन मंत्री के भाई का था इसलिए विभाग ने आंख मूंद लिया है।जबकि 2022 में रवेली में मौजूद वन अधिकार पट्टे की जमीन पर मुरम खोदना शुरु किया गया।अवैध मुरम खनन का सिलसिला तब से लेकर अब तक जारी है।

अलावा पाण्डुका वन परिक्षेत्र में आने वाले तौरेंगा,मड़ेली, खड़मा,पंडरीतराई,गाय डबरी जैसे दर्जन भर स्थानों में मुरम खोदा गया। वन भूमि के अलावा राजस्व भूमि का भी हिस्सा आता है।खदान के लिए पेड़ गिराने के अलावा जंगल आने जाने के लिए भी पेड़ो को धराशाई कर रास्ता बनाया गया।

माइनिंग विभाग के अधिकारी की मेहरबानी : पिचिंग बोल्डर तोड़ रहे,खनिज विभाग अंजान है। प्रभाव शाली ठेकेदार के इस काम में माइनिंग और राजस्व भी भारी मेहरबान है। ठेका कंपनी का 2020 में साकरा में बड़े झाड़ जंगल में अपना प्लांट स्थापित करने में सफल हो गया। प्रशासनिक मेहरबानी के चलते सड़क किनारे बनाए जा रहे ड्रेनेज वाल में इस्तेमाल होने वाले पिचिंग बोल्डर की तुड़ाई में जंगलों में अवैध तरीके से किया गया है। माइनिंग विभाग के सहायक खनिज अधिकारी रोहित साहू ने भी मामले से अनभिज्ञ है। पर मौका जांच कर कार्यवाही की बात कही है।

डीएफओ ने जाहिर की अनभिज्ञता

मामले से डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने पहले तो अनभिज्ञता जाहिर किया,फिर उन्हें स्थलों का वीडियो फोटो दिखाया गया।डीएफओ सिंह ने रेंजर से कॉन्टेक्ट कर सच्चाई जानने की कोशिश किया तो मातहतों ने भी उन्हें गुमराह कर दिया। हालांकि डीएफओ ने मामले में जांच कर उचित कार्यवाही करने की बात कही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com